ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 11 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-175 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सिब्लिंग्स डे : अथिया ने भाई अहान के साथ.... पेज 10 पर




## हूल क्रांति के महानायक अमर वीर शहीद सिद्धो-कान्हो की जयंती के अवसर पर

# SIDHKOFED

## सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वन उत्पाद संघ

अंतर्गत विभिन्न पैक्स/लैम्प्स में सदस्यों को जोड़ने हेतु

## अभियान का शुभारंभ

योजनाओं का शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**

माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग

**श्री विजय हांसदा**

माननीय सांसद, राजमहल



स्थान - भोगनाडीह (बरहेट)

दिनांक - 11.04.2023

PR No. 294838 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद बरी

**मेदिनीनगर।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद को साक्ष्य के अभाव में एम पी एम एल ए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने बरी कर दिया है। विदित हो कि पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट युगल किशोर गुप्ता के द्वारा मतदान केंद्र संख्या 126 कलस्टर सेंटर 15 झूरा में 3 फरवरी 2005 को 2:30 बजे अपराहन बूथ संख्या 126 पर पीठासीन अधिकारी के द्वारा बाधित मतदान प्रक्रिया को पुनः मतदान चालू कराने पर उनलोगों द्वारा मतदान प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया गया था। इस मामले में युगल किशोर गुप्ता ने गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद के विरुद्ध गढ़वा थाना में नामजद प्राथमिकी 31/2005 दर्ज कराया था। उन दोनो पर 171 एफ 384 132 132 (1) में संज्ञान लिया गया था। इस मामले में अभियोजन की ओर से चार गवाहों की गवाही कराई गई थी।अभियोजन आरोप साबित करने में असफल रहा ।अदालत ने साक्ष्य के अभाव में गिरिनाथ सिंह व सेराज अहमद को रिहा कर दिया है।

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**हरिहरगंज।** पलामू एसपी के निदेर्शानुसार सोमवार को एएसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में थाना के समीप इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहनों के सभी कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, ऑनर बुक, हेलमेट, ओवरलोड, ट्रिपल सवारी आदि की जांच की गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया की सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जो आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों को दी गई जानकारियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** वन विभाग के द्वारा सोमवार को राजकीय मध्य व स्तरोन्नत उ.वि मोहम्मदगंज के 150 छात्र-छात्राओं को 2 बसों से शैक्षणिक भ्रमण पर बेतला राष्ट्रीय उद्यान व पलामू टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट क्षेत्र ले जाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को वन्य जीव- जंतुओं के बारे में जानकारी देते हुए इनसे फायदे की जानकारी दी गई। साथ ही वनों के महत्व को बताया गया। वनपाल मिथुन कुमार रजक ने बताया कि विभाग की ओर से वन क्षेत्र पदाधिकारी संजीव कुमार चौधरी के निदेर्शानुसार इन विद्यार्थियों में वन, वनस्पति व वन प्राणियों के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। प्रोजेक्टर के माध्यम से व्याख्यानशाला में आयोजित कार्यक्रम में भी वन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह रहा। इस टूर में शिक्षक राम नारायण राम, हेमंत कुमार, धनंजय कुमार ,वनकर्मी अखिलेश दास, अभिषेक पांडेय, राजु रंजन, शामिल थे।

### सतबरवा: धूमधाम से मनाया गया सरना

**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत चांपी मझली झरिवा में पहला सरना झंडा गड़ी बहुत ही धूमधाम से सोमवार को मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन के द्वारा पूजा पाठ कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे आयोजकों के द्वारा उपस्थित जिप सदस्य सुधा कुमारी ,विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा ,राजेंद्र सिंह चेरो, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, मुखिया अनीता देवी ,संजय तुरी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम स्थल पर लोगों ने मांदर की थाप पर प्रस्तुति दी।

### राजकीय कन्या विद्यालय की छत जर्जर

# किसी तरह से बच्चे करते हैं पढ़ाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिला स्थित ग्राम भंडार में संचालित होने वाला राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया है। इसकी शुध लेने वाला शिक्षा विभाग का कोई पदाधिकारी नहीं। जहां एक तरफ स्कूली बच्चे के लिए सरकार की तरफ से भोजन की समुचित व्यवस्था, स्कूली किट, छात्रवृत्ति बच्चों को दिया जा रहा है वही यह विद्यालय अपना रोना रोते नजर आ रहा है। इस विद्यालय में क्लास एक से पांच तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं स्कूल की हालत पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गयी है। जिसे अलग से देखने पर पता नहीं चलता यहां विद्यालय भी है। गांव के गरीब परिवार के बच्चे यहां पढ़ाई करते हैं। जो गांव के लोग सक्षम हैं वह अपने बच्चे को प्राइवेट स्कूल में दाखिला दिला दिए हैं, वैसे लोग जो सक्षम नहीं है वह अपने बच्चे को सरकारी विद्यालय में पढ़ाते हैं। अगर समय रहते इस विद्यालय को ठीक ढंग से नहीं बनाया गया तो कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। वही स्कूल प्रधानाध्यापिका प्रमिला कुमारी ने बताया इस विद्यालय को लेकर हमने विभाग को सूचना दी थी पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

# प्रखंड कार्यालय में आवास निर्माण कार्य में अनियमितता, जांच की मांग

### बालू की जगह मिट्टी युक्त बालू, घटिया छड़ व सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आवास निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतें जाने का आरोप प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने लगाया है। बीस सूत्री अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दल ने निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि प्राक्कलन के मुताबिक कार्य नहीं कराया जा रहा है। घटिया ईंट जिसका कोई नंबर नहीं है। बालू की जगह मिट्टी युक्त बालू, घटिया छड़ और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार के कर्मचारियों से भी जानकारी ली। बीस सूत्री अध्यक्ष व अन्य कार्यकताओं ने बताया कि आवासों का निर्माण इसी तरह होता रहा तो भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि वह जांच रिपोर्ट विधायक कमलेश कुमार सिंह को देकर जांच कराने का आग्रह करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कार्यकारी एजेंसी के साथ साथ विभागीय अभियंताओं पर भी कार्रवाई की मांग की जायेगी। उन्होंने बताया कि उनकी बात विधायक कमलेश कुमार सिंह से हुई है। जांच के आलोक में वो अनियमितता की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। जांच दल में मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष के अलावा विनय पासवान, मनदीप राम, राजकुमार ठाकुर, रजनीश सिंह,बबन सिंह, रविन्द्र कांस्यकार, जिसान हसन, अजय चंद्रवंशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# बिहार बिहाणी मामले को लेकर आमसभा 12 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के अंबा गांव स्थित राधा-कृष्ण मैदान के समीप सोमवार को बिहार बिहाणी संघर्ष समिति की बैठक हुयी। जिसमें आगामी 12 अप्रैल को समय 6:30 बजे पूर्वाह्न आरसी लाल चौक पर आम सभा बुलाने का निर्णय लिया गया है। उक्त सभा में बिहार बिहारिणी मठ की जमीन संबंधित विवाद में निर्देश लोगों पर किए गए फर्जी मुकदमें अभी तक वापस नहीं लिया गया है, इस गंभीर विषय पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने प्रखंड वासियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है। इस बैठक में कमेटी के अध्यक्ष विनय जायसवाल, सचिव अशोक यादव, महादेव यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, कृष्णा कुमार सिंह, राजीव रंजन, संतोष गुप्ता, लखन यादव, धर्मेंद्र पटेल, अरविंद पासवान, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी गई भावभीनी विदाई

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के स्त्रोन्तर उच्च विद्यालय रानीदेवा के प्रांगण में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव राम के सेवानिवृती के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुरेश पाण्डेय एवं मंच संचालन विद्यालय के सहायक शिक्षक दिनेश चन्द्र पासवान ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद रामनरेश राम, विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत पंशा के मुखिया विकास कुमार सिंह उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार सिंह का सराहनीय योगदान रहा। इन्होंने 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत हुए प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव राम के समय पर भुगतान के लिए आश्वासन दिया। साथ ही साथ मोहम्मदगंज मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनील कुमार सिंह ने इनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के विभागीय दबाव को देखते हुए आप बहुत अच्छे समय में सेवानिवृत हो रहे हैं। अब अपने जीवन का बाकी समय अपने परिवार एवं समाज को दे और अपनी पहचान सदा बनाए रखें। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को विद्यालय परिवार की तरफ से फूल माला पहनाकर एवं डायरी और कलम देकर उनका स्वागत किया गया।

# चैता दुगोला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के गम्हरिया मंदिर परिसर स्थित बाबा चौहरमल की प्रतिमा पर भव्य पूजन के बाद रात भर चले चैता दुगोला मुकाबला में पासवान समाज के लोग झूमते रहें। गम्हरिया में प्रत्येक वर्ष बाबा चौहरमल की जयंती धूम- धाम से मनायी जाती है। यहां मंदिर परिसर स्थित बनी बाबा चौहरमल के प्रतिमा पर पूजा अर्जना करने दूर-दूर से पासवान समाज के लोग जुटते रहे। पासवान समिति एवं बाबा चौहरमल कल्याण समिति के संयुक्त तत्वाधान में चैता दुगोला मुकाबला का अयोजन किया गया। जिसमें देर शाम से पूजा अर्चना के बाद रात भर समाज के लोगों ने चैता दुगोला का आनंद उठाया। कार्यक्रम में पलामू जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी आदि मौजूद थीं।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाजिक समरसता बढ़ती है। लोगों में भाईचारा के साथ एकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इससे समाज का उत्थान होता है। वक्ताओं ने कहा कि देर शाम पूजा के बाद रात में दुगोला कार्यक्रम को देखने हुसैनाबाद ही नहीं, बल्कि बिहार के लोग भी पहुंचे हुए थे। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर आपसी भाईचारे को बढ़ावा दे रहे हैं। पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम ने कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए इस तरह का कार्यक्रम जरूरी होता है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोग एक साथ मिलते हैं और अपना सुख-दुख बांटते हैं। वहीं बेटे-बेटियों की रिश्तेदारी भी ऐसे आयोजनों से आसान हो जाती है। उन्होंने कहा कि रात्रि में मनोरंजन के लिए चैता दुगोला का आयोजन किया गया है। यह आयोजन हर साल बाबा चौहरमल मंदिर के प्रांगण में किया जाता है। मदन पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल जयंती मनाने के साथ-साथ उनके आदर्शों को भी हमलोग आत्मसात करते हैं। ऐसे आयोजनों से एक-दूसरे को जानने का मौका मिलता है। आपसी भाईचारा ही नहीं रिश्तेदारी भी बनती है। बाबा चौहरमल जयंती समारोह का आयोजन समिति के शशि कुमार की अध्यक्षता में शांति और भाईचारे के साथ सम्पन्न कराया गया। रात्रि में आयोजित चैता दुगोला मुकाबला कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गोरखपुर उत्तरप्रदेश की सुप्रसिद्ध महिला ब्यास निर्मला यादव एवं झारखंड के मशहूर गायक शिवशंकर यादव के बीच चैता दुगोला मुकाबला हुआ। इस मौके पर मदन पासवान,लल्लू पासवान, कृष्णा पासवान, विनय पासवान , रामराज पासवान, जनक पासवान, रामप्रवेश पासवान, राजेश पासवान, रामनाथ श्रमिक आदि मौजूद थे। इसके उपरांत कलाकारों को पारितोषिक व तलवार देकर सम्मानित किया गया।


**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 02/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Annual repair and maintenance of Rural Water Supply Scheme Satbarwa. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhand tenders.gov.in .
Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 12.04.2023 at 3.40 hrs.to 19.04.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 20.04.2023 at 3.10 Hours
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech.
Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 294718 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 01/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Supply, Installation and Commissioning of VT P/Set having discharge of 29m3/hr against total head of 100 meters, Supplying Installation & Commissioning of 50 KVA Servo Controlled Automatic Voltage Stabilizer and Repair Maintenance of 15 H.P. VT P/Set of Kankari Rural Water Supply Scheme at Raw Water Pumping Plant. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 12.04.2023 at 3.30 hrs.to 19.04.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 20.04.2023 at 3.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 294716 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**(15th Finance) Walk in Interview**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 328/(AMD), दिनांक– 06.12.2022 के आलोक में लोहरदगा जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत नवसंचालित किये जाने वाले 01 (एक) Urban Poly Clinic हेतु तथा 02 (दो) Urban Health & Wellness Centre के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी की सेवा प्राप्त करने हेतु निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | Urban Poly Clinic | Medicine, Obs & Gynae, Peadiatrics, Ophthalmology, Dermatology and Psychiatry उपरोक्त पदों हेतु आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया जाएगा। |
| | विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री एवं उपरोक्त वर्णित विषयों में P.G Degree अथवा Speciality |
| | उम्र सीमा | अधिकतम उम्र 67 वर्ष |
| | मानदेय | Negotiable at the time of Interview. मानदेय का भुगतान उनके द्वारा प्रति घंटा किये गये कार्यो के आधार पर किया जाएगा। |
| | कार्य का समय | 09:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु | |
| | Urban Health & Wellness Centre सामुदायिक भवन, पतराटोली वार्ड सं0–05 | नियुक्ति किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या– 01 |
| | Health & Wellness Centre, दुपट्टा चौक (प्रस्तावित) | नियुक्ति किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या– 01 |
| | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री। |
| | उम्र सीमा | अधिकतम उम्र 67 वर्ष |
| | मानदेय | रू0 63000.00 प्रत्येक माह |
| 3 | Dentist (May be on Fixed) | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से B.D.S की डिग्री। |
| | मानदेय | रू0 37500.00 प्रत्येक माह |
| | कार्य का समय | 09:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | सूचीबद्ध किये गये विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा भविष्य के लिए नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 5 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 6 | विभागीय/निदेशालय राज्य एवं केन्द्र सरकार के निर्देश/नियम का अक्षशः पालन करना अनिवार्य है। | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र तथा इसके छाया प्रति के साथ कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभागार में दिनांक 18.04.2023 को 11:30 AM बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

सिविल सर्जन, लोहरदगा | PR 294770 Lohardaga (23-24)_D | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**आम सूचना**
(प्रेस विज्ञप्ति)
**ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) स्तर पर तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाष नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्यौरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है।

(1) राज्य स्तर पर स्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फी नं0 18003456502
(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या –

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | जिला के सभी प्रखण्ड | 6206117078 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9931557072 | " |
| 3 | श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 7004146612 | " |
| 4 | श्री अमित कुमार सिंह, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9122540019 | " |
| 5 | श्री सुशील कुमार सोनी, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 7979773722 | " |
| 6 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | | 9693358878 | |
| 7 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 7209368126 | " |
| 8 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 6204854087 | " |

(4) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या :–

| क0 सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अरविन्द कुमार वर्मा, अवर प्रमण्डलीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 7050165135 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | " |

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष का दूरभाष :–

| क्र0सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 01, गढ़वा | 7979844385 | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महावीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 2 | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 7992417837 | मेराल | मेराल एवं डंडई | श्री सोमा उरॉव | 9431993634 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री महावीर प्रसाद | 6200951319/ 9472711979 |
| 3 | श्री मुकेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 7979844385 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4 नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है, इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें, अनावश्यक वर्बाद न करें"

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
गढ़वा।

PR 294717 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 11 अप्रैल 2023 • वर्ष-29 • अंक-175 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सिब्लिंग्स डे : अथिया ने भाई अहान के साथ.... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि के आसार

**रांची।** राज्य में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार अगले चार से पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। राज्य में अधिकतम तापमान फिलहाल 34.8 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है वह 14 अप्रैल तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। उसी प्रकार अन्य जिलों में भी गर्मी का सितम बढ़ेगा।

### कुड़मियों का आंदोलन खत्म

**रांची।** खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन और आद्रा मंडल के कुसतौर एवं कोटशिला स्टेशनों पर पांच अप्रैल से जारी कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म हो गया। इससे ट्रेनों का आवागमन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। कुड़मी संगठनों ने रविवार देर रात आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। इसके बाद पटरियों पर बैठे लोग हटने शुरू हो गए। खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम राजेश कुमार ने कहा है कि खेमाशुली स्टेशन से अब कुड़मी समाज के लोग बैनर, झंडा लेकर हट गए हैं। आंदोलन खत्म होने से रांची रेल मंडल में ट्रेन सेवा अब अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होने लगी है। रेलवे को इस आंदोलन के दौरान लगातार ट्रेनें स्थगित करनी पड़ीं। आंदोलन खत्म होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

### ट्विटर पर एलन मस्क ने किया पीएम मोदी को फॉलो

**वाशिंगटन।** माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र को प्लेटफॉर्म पर फॉलो करना शुरू कर दिया है। ट्विटर पर मस्क को करीब 134.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। इसके मुकाबले मस्क सिर्फ 194 लोगों को फॉलो करते हैं, जिसमें सोमवार को पीएम मोदी का नाम भी जुड़ गया। बड़ी बात यह भी है कि मस्क अपने ही देश के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ट्विटर पर फॉलो नहीं करते हैं। इससे पहले एलन मस्क ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले शख्स बने थे। 193 बिलियन डॉलर से अधिक संपत्ति के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स एलन मस्क इसी महीने दुनिया में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले शख्स बने थे।

## झारखंड बंद का नहीं दिखा असर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों का झारखंड बंद पूरी तरह बेअसर रहा। राजधानी रांची में सामान्य दिनों की तरह दुकानें खुली रहीं। सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी आम दिनों की तरह रहा। बता दें कि झारखंड यूथ एसोसिएशन, झारखंड उलगुलान मार्च, पंच परगना फाइटर आदिवासी छात्र संघ ने सोमवार को झारखंड बंद का आह्वान किया था। इधर, छात्र संगठनों के झारखंड बंद को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। रांची की विभिन्न सड़कों पर भारी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। जानकारी के अनुसार, शहर में करीब दो हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई थी।

## जमशेदपुर में स्थिति तनावपूर्ण, पुलिस-आरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

### शास्त्री नगर में धार्मिक झंडे के अपमान से हालात बिगड़े

### हिंसा के बाद जागा प्रशासन, निषेधाज्ञा लागू

### मोबाइल इंटरनेट सेवा पर अस्थाई प्रतिबंध

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में स्थिति तनावपूर्ण है। सोमवार की सुबह पुलिस और आरपीएफ ने इलाके में फ्लैग मार्च किया। प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण का दावा कते हुए पूरे क्षेत्र में निषेधाज्ञा (धारा 144) लगाते मोबाइल इंटरनेट सेवा पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया है। दो समुदायों में तनाव की शुरुआत शनिवार



को उस समय हुई जब शास्त्री नगर के ब्लॉक नंबर 3 स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर के चौक पर महावीरी झंडा उतारा गया। झंडा के बांस में बंधे मांस के टुकड़े देख लोगों की आंखें पथरा गईं। यह बात कुछ ही देर में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। मगर किसी तरह लोगों को शांत किया गया। रविवार को मंदिर कमेटी की बैठक के दौरान पत्थर फेंकने के बाद बवाल शुरू हुआ। इसके बाद दो समुदायों के बीच पथराव शुरू हो गया। इस दौरान कई वाहनों में आग लगा दी गई। शास्त्री नगर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

में हिंसा की खबर मिलते ही आला अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। हिंसा पर आमादा लोगों को समझाने की कोशिश की। जब हिंसा नहीं रुकी तो पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। बवाल कर रहे लोगों से हुई झड़प में करीब छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिला प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने शहर के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की है। इन तत्वों की पहचान की जा रही है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। क्षेत्र में दंडाधिकारी, पुलिस बल, क्यूआरटी, आरएएफ, एंटी रायट रिसोर्स को तैनात किया गया है। साथ ही अगले आदेश तक अधिकारियों के अवकाश रद्द कर दिए गए हैं। सभी से मुख्यालय न छोड़ने को कहा गया है।

### मुख्यमंत्री ने गोड्डा में कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

# विकास को दे रहे रफ्तार : सीएम

### 21,482 लाभुकों के बीच बांटी 2840.29 लाख रुपए की परिसंपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को गोड्डा के तसरिया, सुंदरपहाड़ी में आयोजित विकास मेला सह जनता दरबार में जिलेवासियों को 89 योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 21,482 लाभुकों के बीच 2840.29 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप भी सरकार की योजनाओं को जानने-समझने का प्रयास करें और उसका लाभ लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पदाधिकारी भी पहुंच रहे हैं। सरकार भी जा रही है और योजनायें भी हकीकत में उतर रही हैं। हमारी स्पष्ट सोच है कि राज्य के सुदूरवर्ती और दूरस्थ गांवों में भी विकास रफ्तार पकड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में अधिकारियों की सोच और कार्यशैली बदल चुकी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत गांव- पंचायत में शिविर के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। उच्च अधिकारी सरकार की योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे।



**योजनाओं से जुड़ने में महिलाएं आगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आ रहीं है। वे इन योजनाओं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, स्वरोजगार के लिए भी कई योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पढे-लिखे हैं और नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए सरकारी विभागों में खाली पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र के संस्थानों और कंपनियों में भी स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत नौकरी सुरक्षित करने का कानून बना दिया गया है। जो कम पढ़े-लिखे हैं और स्वरोजगार करना चाहते हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना समेत कई योजनाओं को सरकार ने शुरू किया है।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की निगरानी में राज्यभर में हुआ मॉक ड्रिल

## राज्य में कोरोना से निपटने के लिए 1456 वेंटिलेटर बेड तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सभी सदर अस्पताल में सोमवार को मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल कर बताया गया कि झारखंड कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्क है और अपनी पूरी तैयारी कर चुकी है। मॉक ड्रिल खुद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की निगरानी में हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड में हम कोरोना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 21680 बेड सुरक्षित हैं। 1456 वेंटिलेटर युक्त बेड, 11336 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं। 122 पीएसए प्लांट भी ठीक हैं। 27 आरटीपीसीआर लैब लगाने का काम प्रक्रियाधीन है, कुछ लग चुके हैं। व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। पूर्व के एसओपी में गुणात्मक सुधार कर नई एसओपी जारी करेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि फायर नॉर्म्स सही है या नहीं, एलएमओ का प्रेशर ठीक है या नहीं, सभी का मूल्यांकन किया जा रहा है।




**एनएचएम और डीएमएफटी फंड से कर्मी बहाल होंगे :** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पीएसए प्लांट चलाने के लिए एनएचएम के फंड से पीएसए प्लांट ऑपरेटर को बहाल किया जाएगा, इस पर सहमति भी मिली है। इसके अलावा डीएमएफटी फंड के तहत भी मैन पावर की बहाली की जाएगी। बता दें कि कोरोना की दूसरे लहर के बाद पीएसए प्लांट ऑपरेटरों को काम से हटा दिया गया था।

**केंद्र से की गई है वैक्सीन की मांग :** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कोरोना के प्रभाव से बचाने के लिए केंद्र सरकार से वैक्सीन की मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री से किस्तों में वैक्सीन की मांग की गई है। एक किस्त में पचास हजार वैक्सीन मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी वैक्सीन उपलब्ध करायी जाए, उसकी एक्सपायरी तत्काल नहीं हो। कहीं ऐसा न हो कि एक महीने के अंदर ही वैक्सीन एक्सपायर हो जाए।

### त्योहार में बढ़ी भीड़ से संक्रमण ने पकड़ी रफ्तार : सिविल सर्जन

रांची के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि कोविड वैक्सीन का परिणाम है कि लोगों की इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत हुआ है। कोरोना से अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि कोरोना का स्ट्रेन बहुत जल्दी बदलता है। ऐसे में यह पता लगा पाना मुश्किल है कि कौन सा स्ट्रेन घातक होगा। सिविल सर्जन का कहना है कि हाल के दिनों में राज्यभर में त्योहारों में बढ़ी भीड़ से संक्रमण की रफ्तार बढ़ी है।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 11 अप्रैल को संध्या 6:15 और सेहरी का समय 12 अप्रैल को सुबह 4:20 मिनट में

## आप बनी राष्ट्रीय पार्टी

### एनसीपी, टीएमसी और सीपीआई से छिना दर्जा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा सोमवार शाम की। आयोग ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई और शरद पवार की एनसीपी अब राष्ट्रीय पार्टियां नहीं रही हैं। पिछले ही महीने चुनाव आयोग ने कहा था कि वो शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय पार्टी की समीक्षा करेगी। आयोग एनसीपी के प्रतिनिधित्व पर सुनवाई करेगा, जिसमें उसके फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। एक राजनीतिक दल को तब राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जाती है, यदि उसके उम्मीदवार लोकसभा या विधानसभा चुनावों में चार या अधिक राज्यों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सुई की नोक जितनी जमीन भी कोई नहीं ले सकता : शाह

**एजेंसी। ईटानगर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किबिथू में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चीन को करारा जवाब दिया। दरअसल, चीन ने आज ही अमित शाह के दौरे पर एतराज जताया था। इस पर शाह ने कहा कि हमारी जमीन की तरफ



कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। सैनिकों के पराक्रम से हमारी सीमाएं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से बाबूलाल बरी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सोमवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह फैसला जज सतीश कुमार मुंडा की कोर्ट ने सुनाया। बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता अनिल पांडेय ने बताया कि पूरा मामला 29 अप्रैल 2011 का है। डालटनगंज के साहित्य समाज चौक के पास



प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने के विरोध से जुड़ा है। इस मामले में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शहर में प्रशासन के अतिक्रमण हटाने के दौरान बाबूलाल मरांडी ने विरोध किया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बाबूलाल मरांडी ने कोर्ट के फैसले पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि उनके खिलाफ प्राथमिकी कराना गलत था। उन्होंने कुछ गलत नहीं किया था, इसलिए उन्हें आज न्याय मिला है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला : पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप गठित किया है। आरोप गठन के दौरान पूजा सिंघल कोर्ट में सशरीर उपस्थित थी। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने पूजा सिंघल के खिलाफ लगे सभी आरोपों को पढ़कर सुनाया। पूजा ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को गलत बताया। ईडी कोर्ट ने पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप गठित किया है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की ओर से बहस होने के बाद कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी। तीन अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। इसके बाद सोमवार को आरोप गठन की प्रक्रिया पूरी हुई है। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल, सीए सुमन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीए सुमन और इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार और डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित कर दिया गया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दोनों आरोपितों के खिलाफ पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत आरोप गठित की है। दोनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। अब कोर्ट में दोनों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ट्रायल चलेगा। सुमन कुमार निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए हैं और शशि प्रकाश इंजीनियर हैं। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। शशि प्रकाश ने खुद कोर्ट के समक्ष सरेंडर किया था। वहीं, सुमन कुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की और शशि प्रकाश और सुमन कुमार को मनी लाउंड्रिंग का आरोपित बनाया।

### मक्कारी — उसकी कोई बीवी नहीं जानती थी कि उसके पति ने कितनी शादियां की हैं

## 14 देशों के 105 महिलाओं से निकोलाई ने की थी शादी

**सोशल मीडिया इनपुट**

आपने शादीशुदा लोगों को अपनी जिंदगी को लेकर रोते हुए देखा होगा। कई लोगों को आपने देखा होगा कि वो एक ही शादी से परेशान रहते हैं, लेकिन एक शख्स ऐसा भी है जिसने अपनी जिंदगी में कुल 100 से अधिक शादियां की हैं और कभी किसी पत्नी को तलाक नहीं दिया। कुछ समय पहले पाकिस्तान का एक शख्स सुर्खियों में था, जिसने अपने जीवन में 100 शादियां कीं और अपनी सभी पत्नियों को तलाक देने का सपना देखा, लेकिन आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसके नाम सबसे ज्यादा शादियां करने का रिकॉर्ड है। वह कुल 14 देशों के दामाद हैं, क्योंकि उन्होंने इन सभी देशों में शादी की है। इस शख्स का नाम जियोवन्नी विगलियोटो है और इसकी खासियत यह है कि इसने कुल 32 साल के अंदर 100



शादियां कीं। उनकी शादियां साल 1949 से 1981 के बीच हुई थीं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से इस शख्स का वीडियो शेयर कर बताया गया है कि ये वो शख्स है जिसने एक से ज्यादा शादियां की हैं। यह भी कहा जाता है कि जियोवन्नी विगलियोटो उनका असली नाम नहीं है लेकिन उन्होंने अपनी पिछली शादी के दौरान इसी नाम का इस्तेमाल किया था। उन्होंने खुद बताया था कि उनका जन्म 1929 में इटली के क्राइम सिटी सिसिली में हुआ था और उनका असली नाम निकोलाई पेरुस्कोव था। वहीं, 53 साल की उम्र में पकड़े जाने के बाद वकील ने अपना नाम फ्रेड जिप और जन्म स्थान न्यूयॉर्क बताया। जानकारी के मुताबिक यह शख्स पहली ही डेट पर महिलाओं को प्रपोज करता था।

उन्होंने कुल 104-105 महिलाओं से शादी की और उनमें से कोई भी एक-दूसरे को नहीं जानती थी। अमेरिका के 27 राज्यों में उनकी पत्नियां हैं, जबकि उन्होंने 14 देशों में शादी की है और वहां दामाद बने हैं। वह महिलाओं से शादी करता था और उनके पैसे और कीमती सामान लेकर भाग जाता था और फिर कभी दिखाई नहीं देता था। कीमती सामानों को वह चोर बाजार में बेचता था और यहीं से दूसरी महिला को फंसाता था।

1981 में पुलिस ने उन्हें फ्लोरिडा से पकड़ा और उन्हें सजा दी गई। ब्रेन हेमरेज के कारण 61 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● वैशाख कृष्ण पक्ष 05 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 11 अप्रैल 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-175 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

सिब्लिंग्स डे : अथिया ने भाई अहान के साथ.... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि के आसार

**रांची।** राज्य में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार अगले चार से पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। राज्य में अधिकतम तापमान फिलहाल 34.8 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है वह 14 अप्रैल तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। उसी प्रकार अन्य जिलों में भी गर्मी का सितम बढ़ेगा।

### कुड़मियों का आंदोलन खत्म

**रांची।** खड़गपुर मंडल के खेमाशुलि स्टेशन और आद्रा मंडल के कुसतौर एवं कोटशिला स्टेशनों पर पांच अप्रैल से जारी कुड़मी समाज का आंदोलन खत्म हो गया। इससे ट्रेनों का आवागमन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। कुड़मी संगठनों ने रविवार देर रात आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। इसके बाद पटरियों पर बैठे लोग हटने शुरू हो गए। खड़गपुर डिवीजन के सीनियर डीसीएम राजेश कुमार ने कहा है कि खेमाशुली स्टेशन से अब कुड़मी समाज के लोग बैनर, झंडा लेकर हट गए हैं। आंदोलन खत्म होने से रांची रेल मंडल में ट्रेन सेवा अब अपने निर्धारित समय के अनुसार परिचालित होने लगी है। रेलवे को इस आंदोलन के दौरान लगातार ट्रेनें स्थगित करनी पड़ीं। आंदोलन खत्म होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

### ट्विटर पर एलन मस्क ने किया पीएम मोदी को फॉलो

**वाशिंगटन।** माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र को प्लेटफॉर्म पर फॉलो करना शुरू कर दिया है। ट्विटर पर मस्क को करीब 134.3 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। इसके मुकाबले मस्क सिर्फ 194 लोगों को फॉलो करते हैं, जिसमें सोमवार को पीएम मोदी का नाम भी जुड़ गया। बड़ी बात यह भी है कि मस्क अपने ही देश के राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ट्विटर पर फॉलो नहीं करते हैं। इससे पहले एलन मस्क ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले शख्स बने थे। 193 बिलियन डॉलर से अधिक संपत्ति के साथ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स एलन मस्क इसी महीने दुनिया में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले शख्स बने थे।

### रमजान



उर्दू कैलेंडर के मुताबिक रोजा का समय 11 अप्रैल को संध्या 6:15 और सेहरी का समय 12 अप्रैल को सुबह 4:20 मिनट में

## झारखंड बंद का नहीं दिखा असर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों का झारखंड बंद पूरी तरह बेअसर रहा। राजधानी रांची में सामान्य दिनों की तरह दुकानें खुली रहीं। सड़कों पर वाहनों का आवागमन भी आम दिनों की तरह रहा। बता दें कि झारखंड यूथ एसोसिएशन, झारखंड उलगुलान मार्च, पंच परगना फाइटर आदिवासी छात्र संघ ने सोमवार को झारखंड बंद का आह्वान किया था। इधर, छात्र संगठनों के झारखंड बंद को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। रांची की विभिन्न सड़कों पर भारी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। जानकारी के अनुसार, शहर में करीब दो हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई थी।

## जमशेदपुर में स्थिति तनावपूर्ण, पुलिस-आरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

### शास्त्री नगर में धार्मिक झंडे के अपमान से हालात बिगड़े

### हिंसा के बाद जागा प्रशासन, निषेधाज्ञा लागू

### मोबाइल इंटरनेट सेवा पर अस्थाई प्रतिबंध



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर में स्थिति तनावपूर्ण है। सोमवार की सुबह पुलिस और आरपीएफ ने इलाके में फ्लैग मार्च किया। प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण का दावा कते हुए पूरे क्षेत्र में निषेधाज्ञा (धारा 144) लगाते मोबाइल इंटरनेट सेवा पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया है। दो समुदायों में तनाव की शुरुआत शनिवार को उस समय हुई जब शास्त्री नगर के ब्लॉक नंबर 3 स्थित जटाधारी हनुमान मंदिर के चौक पर महावीरी झंडा उतारा गया। झंडा के बांस में बंधे मांस के टुकड़े देख लोगों की आंखें पथरा गईं। यह बात कुछ ही देर में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। मगर किसी तरह लोगों को शांत किया गया। रविवार को मंदिर कमेटी की बैठक के दौरान पत्थर फेंकने के बाद बवाल शुरू हुआ। इसके बाद दो समुदायों के बीच पथराव शुरू हो गया। इस दौरान कई वाहनों में आग लगा दी गई। शास्त्री नगर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

में हिंसा की खबर मिलते ही आला अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। हिंसा पर आमादा लोगों को समझाने की कोशिश की। जब हिंसा नहीं रुकी तो पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। बवाल कर रहे लोगों से हुई झड़प में करीब छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। जिला प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने शहर के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की है। इन तत्वों की पहचान की जा रही है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। क्षेत्र में दंडाधिकारी, पुलिस बल, क्यूआरटी, आरएएफ, एंटी रायट रिसोर्स को तैनात किया गया है। साथ ही अगले आदेश तक अधिकारियों के अवकाश रद्द कर दिए गए हैं। सभी से मुख्यालय न छोड़ने को कहा गया है।

## मुख्यमंत्री ने गोड्डा में कई योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

# विकास को दे रहे रफ्तार : सीएम

### 21,482 लाभुकों के बीच बांटी 2840.29 लाख रुपए की परिसंपत्ति



**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को गोड्डा के तसरिया, सुंदरपहाड़ी में आयोजित विकास मेला सह जनता दरबार में जिलेवासियों को 89 योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 21,482 लाभुकों के बीच 2840.29 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि आप भी सरकार की योजनाओं को जानने-समझने का प्रयास करें और उसका लाभ लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पदाधिकारी भी पहुंच रहे हैं। सरकार भी जा रही है और योजनायें भी हकीकत में उतर रही हैं। हमारी स्पष्ट सोच है कि राज्य के सुदूरवर्ती और दूरस्थ गांवों में भी विकास रफ्तार पकड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में अधिकारियों की सोच और कार्यशैली बदल चुकी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मार्फत गांव- पंचायत में शिविर के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ। उच्च अधिकारी सरकार की योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर पहुंच रहे हैं। आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे।

**योजनाओं से जुड़ने में महिलाएं आगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की महिलाएं सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए बढ़ चढ़कर आगे आ रहीं है। वे इन योजनाओं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### नियुक्ति प्रक्रिया शुरू, स्वरोजगार के लिए भी कई योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पढे-लिखे हैं और नौकरी करना चाहते हैं, उनके लिए सरकारी विभागों में खाली पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र के संस्थानों और कंपनियों में भी स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत नौकरी सुरक्षित करने का कानून बना दिया गया है। जो कम पढ़े-लिखे हैं और स्वरोजगार करना चाहते हैं, उनके लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना समेत कई योजनाओं को सरकार ने शुरू किया है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की निगरानी में राज्यभर में हुआ मॉक ड्रिल

## राज्य में कोरोना से निपटने के लिए 1456 वेंटिलेटर बेड तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार राज्य के सभी सदर अस्पताल में सोमवार को मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल कर बताया गया कि झारखंड कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्क है और अपनी पूरी तैयारी कर चुकी है। मॉक ड्रिल खुद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की निगरानी में हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड में हम कोरोना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 21680 बेड सुरक्षित हैं। 1456 वेंटिलेटर युक्त बेड, 11336 ऑक्सीजन युक्त बेड हैं। 122 पीएसए प्लांट भी ठीक हैं। 27 आरटीपीसीआर लैब लगाने का काम प्रक्रियाधीन है, कुछ लग चुके हैं। व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद है। पूर्व के एसओपी में गुणात्मक सुधार कर नई एसओपी जारी करेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि फायर नॉर्म्स सही है या नहीं, एलएमओ का प्रेशर ठीक है या नहीं, सभी का मूल्यांकन किया जा रहा है।

**एनएचएम और डीएमएफटी फंड से कर्मी बहाल होंगे :** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि पीएसए प्लांट चलाने के लिए एनएचएम के फंड से पीएसए प्लांट ऑपरेटर को बहाल किया जाएगा, इस पर सहमति भी मिली है। इसके अलावा डीएमएफटी फंड के तहत भी मैन पावर की बहाली की जाएगी। बता दें कि कोरोना की दूसरे लहर के बाद पीएसए प्लांट ऑपरेटरों को काम से हटा दिया गया था।

**केंद्र से की गई है वैक्सीन की मांग :** स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कोरोना के प्रभाव से बचाने के लिए केंद्र सरकार से वैक्सीन की मांग की गई है। केंद्रीय मंत्री से किस्तों में वैक्सीन की मांग की गई है। एक किस्त में पचास हजार वैक्सीन मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी वैक्सीन उपलब्ध करायी जाए, उसकी एक्सपायरी तत्काल नहीं हो। कहीं ऐसा न हो कि एक महीने के अंदर ही वैक्सीन एक्सपायर हो जाए।




### त्योहार में बढ़ी भीड़ से संक्रमण ने पकड़ी रफ्तार : सिविल सर्जन

रांची के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि कोविड वैक्सीन का परिणाम है कि लोगों की इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत हुआ है। कोरोना से अभी भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि कोरोना का स्ट्रेन बहुत जल्दी बदलता है। ऐसे में यह पता लगा पाना मुश्किल है कि कौन सा स्ट्रेन घातक होगा। सिविल सर्जन का कहना है कि हाल के दिनों में राज्यभर में त्योहारों में बढ़ी भीड़ से संक्रमण की रफ्तार बढ़ी है।

## आप बनी राष्ट्रीय पार्टी

### एनसीपी, टीएमसी और सीपीआई से छिना दर्जा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। चुनाव आयोग ने इसकी घोषणा सोमवार शाम की। आयोग ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई और शरद पवार की एनसीपी अब राष्ट्रीय पार्टियां नहीं रही हैं। पिछले ही महीने चुनाव आयोग ने कहा था कि वो शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय पार्टी की समीक्षा करेगी। आयोग एनसीपी के प्रतिनिधित्व पर सुनवाई करेगा, जिसमें उसके फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। एक राजनीतिक दल को तब राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जाती है, यदि उसके उम्मीदवार लोकसभा या विधानसभा चुनावों में चार या अधिक राज्यों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सुई की नोक जितनी जमीन भी कोई नहीं ले सकता : शाह

**एजेंसी। ईटानगर**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किबिथू में 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' और विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चीन को करारा जवाब दिया। दरअसल, चीन ने आज ही अमित शाह के दौरे पर एतराज जताया था। इस पर शाह ने कहा कि हमारी जमीन की तरफ कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। सैनिकों के पराक्रम से हमारी सीमाएं ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट से बाबूलाल बरी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**



पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को सोमवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह फैसला जज सतीश कुमार मुंडा की कोर्ट ने सुनाया। बाबूलाल मरांडी के अधिवक्ता अनिल पांडेय ने बताया कि पूरा मामला 29 अप्रैल 2011 का है। डालटनगंज के साहित्य समाज चौक के पास प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने के विरोध से जुड़ा है। इस मामले में बाबूलाल मरांडी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि शहर में प्रशासन के अतिक्रमण हटाने के दौरान बाबूलाल मरांडी ने विरोध किया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। बाबूलाल मरांडी ने कोर्ट के फैसले पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि उनके खिलाफ प्राथमिकी कराना गलत था। उन्होंने कुछ गलत नहीं किया था, इसलिए उन्हें आज न्याय मिला है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला : पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप गठित किया है। आरोप गठन के दौरान पूजा सिंघल कोर्ट में सशरीर उपस्थित थी। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने पूजा सिंघल के खिलाफ लगे सभी आरोपों को पढ़कर सुनाया। पूजा ने अपने खिलाफ लगे सभी आरोपों को गलत बताया। ईडी कोर्ट ने पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत पूजा सिंघल के खिलाफ आरोप गठित किया है। इससे पूर्व दोनों पक्षों की ओर से बहस होने के बाद कोर्ट ने आरोप गठन के लिए 10 अप्रैल की तिथि निर्धारित की थी। तीन अप्रैल को ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। इसके बाद सोमवार को आरोप गठन की प्रक्रिया पूरी हुई है। उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल, सीए सुमन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीए सुमन और इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार और डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ आरोप गठित कर दिया गया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में दोनों आरोपितों के खिलाफ पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की धारा तीन और चार के तहत आरोप गठित की है। दोनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। अब कोर्ट में दोनों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ट्रायल चलेगा। सुमन कुमार निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए हैं और शशि प्रकाश इंजीनियर हैं। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। शशि प्रकाश ने खुद कोर्ट के समक्ष सरेंडर किया था। वहीं, सुमन कुमार को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की और शशि प्रकाश और सुमन कुमार को मनी लाउंड्रिंग का आरोपित बनाया।

**मक्कारी**

### उसकी कोई बीवी नहीं जानती थी कि उसके पति ने कितनी शादियां की हैं

## 14 देशों के 105 महिलाओं से निकोलाई ने की थी शादी

**सोशल मीडिया इनपुट**

आपने शादीशुदा लोगों को अपनी जिंदगी को लेकर रोते हुए देखा होगा। कई लोगों को आपने देखा होगा कि वो एक ही शादी से परेशान रहते हैं, लेकिन एक शख्स ऐसा भी है जिसने अपनी जिंदगी में कुल 100 से अधिक शादियां की हैं और कभी किसी पत्नी को तलाक नहीं दिया। कुछ समय पहले पाकिस्तान का एक शख्स सुर्खियों में था, जिसने अपने जीवन में 100 शादियां कीं और अपनी सभी पत्नियों को तलाक देने का सपना देखा, लेकिन आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसके नाम सबसे ज्यादा शादियां करने का रिकॉर्ड है। वह कुल 14 देशों के दामाद हैं, क्योंकि उन्होंने इन सभी देशों में शादी की है। इस शख्स का नाम जियोवन्नी विगलियोटो है और इसकी खासियत यह है कि इसने कुल 32 साल के अंदर 100 शादियां की। उनकी शादियां साल 1949 से 1981 के बीच हुई थीं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से इस शख्स का वीडियो शेयर कर बताया गया है कि ये वो शख्स है जिसने एक से ज्यादा शादियां की हैं। यह भी कहा जाता है कि जियोवन्नी विगलियोटो उनका असली नाम नहीं है लेकिन उन्होंने अपनी पिछली शादी के दौरान इसी नाम का इस्तेमाल किया था। उन्होंने खुद बताया था कि उनका जन्म 1929 में इटली के क्राइम सिटी सिसिली में हुआ था और उनका असली नाम निकोलाई पेरुस्कोव था। वहीं, 53 साल की उम्र में पकड़े जाने के बाद वकील ने अपना नाम फ्रेड जिप और जन्म स्थान न्यूयॉर्क बताया।



जानकारी के मुताबिक यह शख्स पहली ही डेट पर महिलाओं को प्रपोज करता था।

उन्होंने कुल 104-105 महिलाओं से शादी की और उनमें से कोई भी एक-दूसरे को नहीं जानती थी। अमेरिका के 27 राज्यों में उनकी पत्नियां हैं, जबकि उन्होंने 14 देशों में शादी की है और वहां दामाद बने हैं। वह महिलाओं से शादी करता था और उनके पैसे और कीमती सामान लेकर भाग जाता था और फिर कभी दिखाई नहीं देता था। कीमती सामानों को वह चोर बाजार में बेचता था और यहीं से दूसरी महिला को फंसाता था।

1981 में पुलिस ने उन्हें फ्लोरिडा से पकड़ा और उन्हें सजा दी गई। ब्रेन हेमरेज के कारण 61 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

NEWS इन ब्रीफ

## भवनाथपुर में भारी मात्रा में बालू जब्त

**भवनाथपुर।** अंचल कर्मचारी बंशी पाठक ने सोमवार को स्थानीय थाने के एएसआई रबुल अंसारी सहित पुलिस बल के सहयोग से कैलान में दर्जनों ट्रेक्टर बड़िहा के बूढ़ी खांड से लाकर भंडारण किये गए। अवैध बालू को सीज किया गया। साथ ही अग्रेतर कारवाई करते हुए सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव के द्वारा स्थानीय थाने में भंडारण करने को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर किया गया।

## रपुरा में जलयात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के रपुरा गांव में भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन को लेकर सोमवार को भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बाद स्थानीय नदी से कलश में जल भर कर श्रद्धालुओं ने गांव के देवी मंडप प्रांगण में कलश स्थापित किया। गुप्त काशी उत्तर प्रदेश से पधारे आचार्य सौरभ भारद्वाज ने भागवत कथा व श्याम बली पाठक रामायणी की ओर से प्रतिदिन साम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक प्रवचन सुनाया जाएगा। यज्ञ के पहले दिन मंडप पूजन पूरा कर आचार्य पंडित उपेंद्र कुमार शास्त्री व विनय चौबे के वेद मंत्रों से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। उस महायज्ञ के मुख्य यजमान महेंद्र कुमार सिंह पूजन वंदन किए इस शुभ मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अमरनाथ सिंह हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह, श्याम बिहारी सिंह, सुशील सिंह, संजय सिंह, पिंटू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय मध्य विद्यालय चितविश्राम की प्रार्थना सभा में सोमवार को प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पाण्डेय ने विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र एवं सरस्वती विद्या मंदिर के माध्यम से आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक द्वारिका नाथ पाण्डेय ने कहा कि इस परीक्षा से छात्रों को अपनी सभ्यता, संस्कृति, रीति, रिवाज, व्रत, त्यौहार, महापुरुषों की जीवनी, आध्यात्म, विज्ञान, खेल जगत आदि का ज्ञान प्राप्त होता है। प्रति वर्ष इस विद्यालय के छात्र इस परीक्षा में भाग लेते है। सरस्वती विद्या मंदिर नगर उंटारी के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सभी सफल प्रतिभागियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के प्रति शुभकामना दी। इस अवसर पर शिक्षक सुशील पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, रेनू आदि उपस्थित थे।

### क्षेत्रीय विधायक और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने विजेता टीम को नकद राशि और ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

# चिनिया थाने ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता, फाइनल में बरवाडीह को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनिया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह में चल रहे स्वर्गीय ठाकुर रामपाल सिंह स्मृति रात्रिकालीन कॉस्को क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार रात चिनियां थाना बनाम बरवाडीह के बीच खेला गया, जिसमें कप्तान प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व में चिनिया थाना की टीम ने शानदार जीत हासिल की। इससे पहले चिनिया थाना ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। पहले बललेबाजी करते हुए बरवाडीह ने 104 रनों का





लक्ष्य दिया, जिसको चिनियां थाने की टीम ने आठ ओवर में ही सात विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक सह स्वच्छता एवं पेयजल एवं विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विजेता टिम को 31000 रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं बरवाडीह टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2100 रुपये और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि खेल से लोगों के मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है। खेल से आपसी सौहार्द एवं प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। उसे निखारने की आवश्यकता है। खेलों को बढ़ावा के लिए सरकार विभिन्न तरह की योजनाएं भी चला रही हैं। बताते चलें कि पिछले एक सप्ताह से गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष रितेश सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस टूर्नामेंट में गढ़वा जिले की 16 टीमों ने भाग लिया। मौके पर झामुमो के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, क्रिकेट एसोसिएशन के गुड्डू सिंह उर्फ राघवेंद्र नारायण सिंह, अरविंद यादव, मुखिया पम्मी देवी, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, बरवाडी ओपी प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, सहित सैकड़ों दर्शक एवं क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

### शवों की पहचान धर्मेंद्र राम और सुगिया देवी के रूप में हुई

# जंगल में मिले दंपती के शव

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

क्षेत्र अंतर्गत बुलका गांव के भलपहरी टोला निवासी बैजनाथ भुइया के 35 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र भुइया एवं उसकी 30 वर्षीय पत्नी सुगिया देवी का शव धुरकी के बरसोती जंगल से सोमवार को बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। थाना प्रभारी सदानंद कुमार तथा पुलिस बल के दर्जनों जवानों ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। धर्मेंद्र राम फांसी के फंदे से झुला हुआ मिला, जबकि सुगिया देवी का चेहरा पत्थर से कुचा हुआ था।

दोनों के शव आधे किलोमीटर के अंतराल में बरामद किए गए हैं। दोनों की चार अबोध छोटी-छोटी बेटी हैं, जिनका भरण पोषण कैसे होगा? यह सवाल लोगों के मन उठ रहा है। दोनों की हत्या की गयी है अथवा दोनों ने आत्महत्या की है इसके बारे में कहना मुश्किल है। आखिर महिला को पत्थर से किसने और क्यों कुचा यह यक्ष प्रश्न है। थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता पूर्वक जांच कर रही है। दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। धर्मेंद्र के चाचा मुनी राम ने बताया कि धर्मेंद्र अपने पूरे परिवार के साथ 3 अप्रैल को महुआ चुनने के लिए बरसोती गया हुआ था। वहां उसने 16 पेड़ महुआ का ठेका ले रखा था। बरसोती में धर्मेंद्र के छोटे भाई राजू का ससुराल भी है। मुनी भुइया ने बताया कि सोमवार को लगभग एक बजे उनलोगों को सूचना मिली कि सुगिया देवी की हत्या पत्थर से कूच कर और धर्मेंद्र की हत्या फांसी पर लटका कर हो गयी है।

## कुएं में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नवीन मेल संवाददाता। सगमा**

धुरकी थाना क्षेत्र के दुसैया गांव स्थित शिव स्थान के बगल में स्थित कुएं में अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। इस घटना के बारे में स्थानीय लोगों जनप्रतिनिधियों एंव धुरकी पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद कुएं से शव बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। पुलिस अज्ञात शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। घटना सोमवार की सुबह की है। वहीं अज्ञात शव को देखने से प्रथम दृश्य लग रहा था कि व्यक्ति कहीं और जगह का है पर किसी ने हत्या कर शव को ठिकाने पर लगाने के लिए कुएं में फेंक दिया। शव को देखने से लग रहा था कि हत्या पांच दिन पूर्व की गई है।

इस घटना को लेकर धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि फिलहाल अभी



अज्ञात शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उक्त मामले को लेकर पुलिस हर पहलू से जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारणों का पता चल पाएगा और आगे की करवाई की जाएगी। इस दौरान पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, बिरबल मुखिया, इंद्रजीत कुशवहा, पूर्व मुखिया विनोद कुमार राम, दीपक यादव, शुशील बैठा, सहित काफी संख्या में लोग शव को देखने के लिए जुटे थे।

## 75 नए पंचायत सचिव मिलने से उम्मीदें बढ़ी

**डंडाई।** जिले को 75 नए महिला व पुरुष पंचायत सचिव मिलने से प्रखंडों में अतिरिक्त प्रभार में संचालित हो रही पंचायतों की उम्मीदें अब बढ़ गई है। ग्रामीण अब अपनी-अपनी पंचायत में स्थायी पंचायत सचिव को लेकर जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर की ओर नजरें टिकाए बैठे हैं। बता दें कि नौ पंचायत वाले प्रखंड डंडाई में अब तक महज तीन पंचायत सचिव की पोस्टिंग हुई है। इनमें सुनील कुमार, सुदर्शन राम और राजकुमार राम के नाम शामिल हैं। उक्त पंचायत सचिवों में किसी को दो पंचायत तो किसी को तीन पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार देकर विकास योजनाओं का संचालन कराने का काम किया जा रहा है। शेष पंचायतों की जिम्मेवारी जनसेवकों को दे दी गई है। प्रखंड की सुदूर पंचायत ही नहीं सदर पंचायत डंडाई में भी अब तक स्थायी पंचायत सचिव की पोस्टिंग नहीं हुई है। उक्त पंचायत वर्ष 2020 के बाद अब तक सिर्फ अतिरिक्त पंचायत सचिव के प्रभार में संचालित होती रही है। पंचायत सचिव सुदर्शन राम अपनी पदस्थापित पंचायत सोनेहरा के अलावा रारो और डंडाई पंचायत का अतिरिक्त प्रभार लेकर विकाश कार्यों का निष्पादन करने का काम कर रहे हैं। तीन पंचायतों की जिम्मेवारी मिलने से मनरेगा मजदूरों के साथ 15वीं वित्त योजना के अभिकताओं को भी कई तरह की कठिनाइयों हो रही है।

# ठेकेदार का शव जंगल में मिला, हत्या की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भवनाथपुर थाना क्षेत्र की कैलान पंचायत के बहेरवाखाड़ी जंगल से चैनपुर निवासी ठेकेदार बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिता गोरख साह, उम्र 38 वर्ष का शव भवनाथपुर पुलिस ने बरामद किया। शव पर गला काटने का निशान था और चेहरा कुचला हुआ था। शव से दुर्गंध आ रहा था। शव के पास से बिरेन्द्र गुप्ता का एटीएम एवं मोटरसाइकिल जे एच 14 ई 3080 को बरामद किया गयौ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के बड़े भाई जितेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बिरेन्द्र गुप्ता 4 अप्रैल 2023 को चैनपुर स्थित घर से पत्नी से गढ़वा जाने की बात बोल कर निकला था। उसी दिन शाम को 4 बजे तक उसकी परिजनों से मोबाइल पर बात हुई थी। इसके बाद से उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। व्हाट्सएप्प पर मैसेज करने पर मैसेज देखकर कोई रिप्लाई नहीं देता था। रविवार रात में गांव के चौकीदार द्वारा सूचना मिली कि बहेरवा खाड़ी जंगल में शव मिला है। घटना स्थल पर एस आई सहदेव साह, रामप्रसाद इंदवार, मुखिया प्रतिनिधि प्रताप यादव, राजमोहन यादव, नगीना यादव, सूर्यदेव यादव, नागेंद्र यादव, आमोद भुइयां, विनोद भुइयां, विजय बैठा, अनिल यादव, उपेन्द्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

वहीं इस मामले में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि कैलान के बहेरवाखाड़ी जंगल में एक शव फेका हुआ है। मोटरसाइकिल के नम्बर से डीटीओ से पता किया तो पता चला कि मोरवे निवासी बिरेन्द्र गुप्ता के नाम से है। मोरवे स्थित घर पर मझिआंव के थाना पुलिस द्वारा सूचना दी गई। इसके बाद उसके भाई ने यहाँ आकर बिरेन्द्र गुप्ता के रूप में शव की पहचान की। अभी तक परिजनों द्वारा आवेदन नहीं दिया गया है।

# बैंककर्मी की कार्यशैली से परेशान लोगों का हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र के बस स्टैंड में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बरडीहा शाखा में कर्मियों द्वारा मनमानी की जा रही है। ताजा मामला सोमवार का है, जब एक पेंशनधारी को समय पर भुगतान नहीं होने से परिजनों ने बैंक में हंगामा कर दिया।

परिजनों के अनुसार ग्राहक का बरडीहा शाखा में पेंशन अकाउंट है। उनकी तबीयत अत्यंत खराब है और उन्हें इलाज के लिए बाहर ले कर जाना है। उनके खाते से निकासी के लिए गुरुवार को ही एक चेक निर्गत किया गया था। जिस पर साइन सही ढंग से नहीं हो पाया, जिसके बाद बैंक कर्मी द्वारा उनके घर जा कर उनकी स्थिति देखी गई। मेडिकल सर्टिफिकेट मांगा गया। दो गवाह के आधार कार्ड पर हस्ताक्षर कराए गए। इन तमाम प्रकियाओं के बाद जब परिजन कैश काउंटर पर गए तो कर्मी के द्वारा एक वाक्य में बोला गया कि नही देंगे पैसा। इसके बाद परिजनों तथा ग्रामीणों ने बैंक में हंगामा किया। उनसे पूछा गया कि क्यों नही देंगे पैसा तो उनका कहना था कि मैनेजर से बात करिए, जबकि मैनेजर द्वारा पहले से ही चेक और अन्य दस्तावेज सत्यापित किए जा चुके थे। ईधर शाखा प्रबंधक खुद मामले को शांत करते हुए देखे गए। उनका कहना है कि ज्यादा ग्राहक होने की वजह से स्ट्रेस में ऐसा हो जाता है।

## 7 मई को रमना के बहियार में होगा अनावरण कार्यक्रम

**गढ़वा।** रमना प्रखंड के बहियार में 7 मई को वीर बाबा चौहमल कल्याण समिति की ओर से अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में वीर बाबा चौहमल और केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री पद्मश्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की बन रही प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम चिराग पासवान द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने सोमवार को जागृति युवा क्लब छठ घाट कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। प्रेस वार्ता में प्रमंडलीय महासचिव रामजी पासवान, महासचिव रामचंद्र पासवान, सुमेर पासवान, सतीश पासवान, कोषाध्यक्ष विजय पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

# लोगों ने ली जल बचाने की शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

चिनीया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल विभाग की ओर से संचालित जल छाजन परियोजना डब्ल्यूडीसी पीएमकेएसवाई के तहत जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों महिलाओं-पुरुषों ने जल बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम में जल छाजन विभाग और वन विभाग के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में बरवाडीह गांव सहित अन्य गांवों की सैकड़ों महिलाओं ने गांव में ही स्थित जलाशय से कलश में जल भरकर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में ढोल मांदर की थाप पर लोगों ने गांव का भ्रमण किया। इसके बाद



गांव के ही देवस्थान चरकपथरी शिवजी पर जलाभिषेक किया गया। चरक पथरी शिव स्थान पर पहुंचने के लिए पंचायत की मुखिया पम्मी देवी ने अपने निजी कोष से 200 फीट पीसीसी पथ बनाने की घोषणा की। मौके पर विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि चिनिया प्रखंड में जल छाजन विभाग द्वारा कई गांवों को विकास से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत आज जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित की गई। यह योजना पांच वर्षों तक चलेगी। इस मौके पर जल छाजन विभाग के पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, पंचायत के मुखिया पम्मी देवी, चंद्रदेव यादव, राम प्रताप यादव, शीतल यादव आदि मौजूद रहे।

## कोरोना के संभावित खतरे से निपटने के लिए विभाग तैयार

**श्री बंशीधर।** स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत सोमवार को ट्रॉमा सेंटर में मॉक ड्रिल किया गया। इसमें कोरोना मरीज के इलाज को लेकर रिहर्सल किया गया। एम्बुलेंस से आने वाले मरीज को उतारकर बेड तक ले जाने के साथ स्वास्थ्य जांच और इलाज का अभ्यास किया गया। मौके पर उपस्थित डॉ. सुचित्रा कुमारी ने उपस्थित हेल्थ कर्मियों को इलाज के बारे में विस्तार से जानकारीदी। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, सहायक विपेश राज तमांग, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, कौशलेश कुमार, 108 एम्बुलेंस चालक मनोज आदि उपस्थित थे।

### नई पोस्टिंग | डॉ. प्रतिमा ने डंडाई अस्पताल में दिया योगदान

# महिला रोगियों की परेशानी होगी दूर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

पोस्टिंग के दूसरे दिन ही सोमवार को महिला चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने डंडाई पीएचसी में योगदान दे दिया। योगदान के बाद उन्होंने अस्पताल के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही संसाधन से लेकर दवाइयों के बारे में भी उनसे विस्तृत जानकारी हासिल की। कर्मियों की ओर से दी गई जानकारी में कई तरह के संसाधनों व दवाइयों की कमी होने की बात सामने आई। उक्त कमियों को उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उच्च अधिकारियों के पास रखने की बात कही। उसके बाद उन्होंने अस्पताल कर्मियों के साथ अपने कार्यों में जुट गई।

इस दौरान उन्होंने पचास से भी अधिक महिलाओं की एनसी जांच की। इससे पहले अस्पताल कर्मियों



द्वारा बुके देकर महिला चिकित्सा पदाधिकारी का स्वागत किया गया। महिला चिकित्सा पदाधिकारी को देखकर एनसी जांच कराने अस्पताल पहुंची महिलाओं ने काफी प्रसन्नता जाहिर की। महिलाओं ने कहा कि इससे पहले हम सभी जब-जब एनसी जांच कराने अस्पताल आती थीं तब तब सिर्फ नर्स मैडम द्वारा ही हम लोगों की एनसी जांच की जाती थी। लेकिन आज पहली बार महिला एमबीबीएस चिकित्सा पदाधिकारी ने हमारी जांच की है। महिलाओं ने बताया कि प्रतिमा मैम की पोस्टिंग होने से खासकर हम जैसे गरीब महिलाओं को अब काफी सहूलियत होगी। छोटी-छोटी बीमारी को लेकर हम बाहर जा-जाकर परेशान हो रहे थे। डॉ. प्रतिमा ने कहा कि कि प्रखंड की महिला रोगी प्रत्येक दिन अस्पताल पहुंचे और अपनी-अपनी बीमारियों का इलाज कराएं।

### अस्पताल में डॉक्टर प्रतिमा की यह पहली पोस्टिंग

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रतिमा का अस्पताल में उनके जीवनकाल का पहला योगदान है। अपने 6 भाई बहनों में वह सबसे छोटी हैं। सभी उनके पांच बड़े भाई अलग-अलग जगहों पर बतौर एबीबीएस चिकित्सक पदस्थापित हैं। मौके पर एन एम किरण कुमारी, सुरभि सरकार, एमपीडब्ल्यू जसवंत कुमार के साथ-साथ अस्पताल के कई स्वास्थ सहिया उपस्थित थे।

## बाबा साहेब आंबेडकर का जन्मोत्सव रांची में मनाने का लिया निर्णय

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार ने डंडई प्रखंड में प्रखंड कमेटी के सदस्य के साथ बैठक कर 14 अप्रैल को रांची में आयोजित डॉ. बाबा भीमराव आंबेडकर के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए आग्रह किया। साथ ही लोगों को गांव-गांव तक यह संदेश देने का निवेदन किया कि इस कार्यक्रम में लोग बढ़-चढ़कर के भाग लें। झारखंड के प्रत्येक जिले से सैकड़ों में बहूजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। झारखंड के मुख्य प्रभारी बहुजन समाज पार्टी एमएल तोमर द्वारा केंद्रीय राज्य प्रभारी सतीश बौद्ध के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। बैठक में प्रदेश महासचिव मनीष कुमार के साथ-साथ डंडई प्रखंड अध्यक्ष देवनाथ राम, प्रखंड प्रभारी राम जन्म मेहता, प्रखंड सचिव राजेंद्र राम, प्रखंड उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोविड 19 की आपात स्थिति से निपटने को किया गया माकड्रिल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में कोविड-19 को लेकर प्रशासन व स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। इसको लेकर रविवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित डेडिकेटेड कोविड अस्पताल में कोविड-19 से संबंधित किसी भी तरह की परिस्थितियों से निपटने में अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी को परखने को लेकर माकड्रिल किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी सीएचसी में भी माकड्रिल किया गया। सदर अस्पताल परिसर में माकड्रिल के मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ.अवधेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम प्रवीण कुमार भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने आइसोलेशन बेड, आक्सीजनयुक्त बेड, आइसीयू बेड व वेंटिलेटर आदि का भी जायजा लिया।



माकड्रिल के दौरान कोविड अस्पताल के चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता को परखने के लिए 108 एंबुलेंस से एक डमी मरीज को लाया गया। पहले से पीपीइ किट पहनकर तैयार स्वास्थ्यकर्मियों ने उक्त मरीज को रिसिव किया। इसके बाद उक्त मरीज को कोविड वार्ड में भर्ती कर उसे बेड पर रखा गया। मरीज को आक्सीजन लगाया गया। जबकि उसे दवा देने व अन्य कागजी कार्रवाई पूरा किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि कोविड 19 को लेकर बेड की स्थिति, वेंटिलेटर, आक्सीजन आदि का जायजा लिया गया है। साथ ही चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों के बार में भी जायजा लिया गया है। मौके पर सदर अस्पताल के चिकित्सक डा.टी पीयूष, अस्पताल प्रबंधक सच्चिदानंद पांडेय, विमलेश कुमार, सुबोध सिंह समेत कई चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

**NEWS इन ब्रीफ**

## आंदोलनकारियों को मिले 20 हजार मासिक पेंशन

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा रविवार को एक बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता विकेश शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य की लड़ाई लड़ने के लिए कई आंदोलनकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों के मान सम्मान ,पहचान, नियोजन और पेंशन के लिए जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर आंदोलनकारियों को मासिक पेंशन के रूप में 20 हजार देने की मांग की है। मोर्चा के शंकर प्रसाद चौधरी ने कहा कि चिन्हित आंदोलनकारीयों द्वारा सही आंदोलनकारियों की पहचान जिला स्तर पर कराई जाए। उन्होने झारखंड आंदोलनकारी सम्मान विधेयक, झारखंड अलग राज्य निर्माण के लिए आंदोलनकारियों को मान सम्मान ,नियोजन व पहचान देने की मांग की। आजसू व जेपीपी के पूर्व प्रत्याशी बच्चू चौधरी ने कहा कि आजसू व जेपीपी के सभी कार्यकर्ता पूर्णरूप से आंदोलन में तन मन धन से सहयोग करें। मोर्चा के द्वारा झारखंड आंदोलनकारियों को मान सम्मान, पहचान, पेंशन, नियोजन देने को लेकर 17 अप्रैल को विधानसभा की विशेष बैठक होगी।

## झारखंड यूथ एसोसिएशन का झारखण्ड बंद असफल

**मेदिनीनगर।** 10 अप्रैल को सम्पूर्ण झारखंड बन्द पूरी तरह असफल साबित हुआ। पलामू में किसी भी तरह बंद का कोई असर नहीं दिखा। किसी भी जगह विरोध प्रदर्शन नही हुआ और न ही किसी छात्र संगठन ने इसमे भाग लिया। जिस नियोजन नीति के लिए बन्द का आह्वान किया गया था उसके लिए झारखंड के किसी भी जिले में कोई छात्र सड़क पर नही निकला। इससे साफ जाहिर होता है कि 60:40 नियोजन नीति का विरोध कुछ लोग ही कर रहे हैं बाकी लोग खुश हैं । झारखंड यूथ एसोसिएशन का बन्द का एलान साबित करता है कि छात्र नेताओं की मनमानी तथा असंगठित रहना सरकार को पुरानी नियोजन नीति में बदलाव नही करने की शक्ति देता है। सोमवार को सम्पूर्ण बन्द को लेकर राजधानी रांची में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही अधिकतर प्राइवेट स्कूल भी बंद किये गए थे। शहर की बहुत सी दुकाने भी स्वतः बन्द थीं। कही विरोध प्रदर्शन ना दिखने के कारण ये साबित होता है कि छात्रों में इस नियोजन नीति को लेकर कोई खास विरोध नही है। बस कुछ लोग इस नियोजन नीति की आड़ में कभी झारखंड बन्द तो कभी विधानसभा का घेराव का एलान करके अपना चेहरा चमकाने की कोशिश करते हैं।

## मनीता की मदद करने घर तक पहुंची रोटी बैंक की टीम

**मेदिनीनगर।** पलामू के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के पोंची गांव निवासी 22 वर्षीय मनीता कुमारी जो बीते एक महीने पहले आग तापने के दौरान जल गई थी। इस घटना में मनीता का शरीर 50 से 60 % तक झुलस चुका है। इस घटना की खबर विभिन्न मीडिया संस्थान में चलने के बाद रोटी बैंक फेम सह समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, इंडियन रोटी बैंक प्रदेश कोडिनेटर सह जेएमएम नेता दीपक तिवारी की टीम ने पीड़िता मनीता कुमारी के घर पहुंचकर उन्हें खाद्य सामग्री सह आर्थिक रूप से भी मदद की। मौके पर दीपक तिवारी ने कहा कि आगे भी रोटी बैंक मनीता की मदद करता रहेगा।रोटी बैंक ने मानवता की मिसाल पेश की और पीड़िता की मदद की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने पलामू के सतबरवा प्रखंड के कोच्चि गांव निवासी 22 वर्षीय मुनीता कुमारी के इलाज हेतु धन्यवाद किया। उन्होने कहा कि समाचार सूत्रों के माध्यम से यह ज्ञात हुआ कि मुनिता कुमारी की आर्थिक सहायता इंडियन रोटी बैंक के कोऑर्डिनेटर दीपक तिवारी ने उपलब्ध करायी। उनका इलाज संभव करवाया इस साहसिक कार्य के लिए उनको हम धन्यवाद देते हैं।

# मरीजों को पर्चा कटवाने में हो रही समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में मरीज को अपने इलाज कराने के लिए पुर्जा कटवाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि प्रमंडलीय सदर अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज अपना इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। मरीजों की लाइन इतनी लंबी रहती है कि उन्हें पुर्जा कटवाने में ही पूरा समय बीत जाता है। 1:00 बजे के बाद डॉक्टर का समय भी खत्म हो जाता है जिससे कि मरीजों को काफी परेशानियां हो रही है। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधक से आग्रह किया है कि इलाज के लिए पुर्जा कटाने वाले टिकट काउंटर को और भी बढ़ाया जाए। जिससे मरीजों को राहत मिल सके। इसमें ज्यादातर परेशानियां गर्भवती महिलाओं को होती है।

# सांसद के प्रयास से जलापूर्ति परियोजना की स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम के अथक प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विश्व बैंक की मदद से केन्द्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) के अंतर्गत 12329.87 लाख रूपए की लागत से रेहला-विश्रामपुर शहरी जलापूर्ति परियोजना की दिनांक 27 मार्च 2023 को कैबिनेट प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना से विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत सभी वार्डों के 10271 घरों में लगभग 40 हजार की अबादी को शुद्ध पेयजलापूर्ति हो सकेगी। इस जलापूर्ति योजना का इंतजार विश्रामपुर प्रखण्ड की जनता को अविभाजित बिहार राज्य के समय से ही था। उक्त कार्य को करने हेतु जुड़कों कंपनी को कार्य आवंटित किया गया है। जुड़को उक्त अबादी को तीन स्थान पर तीन स्टोरेज टैंक बना 20 लाख क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर पाईप लाईन के द्वारा कोयल नदी से पानी लाकर जलापूर्ति करेगी।

## करोड़ों खर्च के बाद भी पेयजल संकट से नहीं मिली निजात

# विभागीय लापरवाही का दंश झेल रहे ग्रामीण

**गांव के आधे से अधिक चापाकल का जल स्तर चला गया नीचे**

**16 वर्षों बाद भी अधूरा है महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण कार्य**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ गांव में वृहद ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना हाथी का दांत बन कर रह गई है। करोड़ो खर्च के बाद भी गांव को पानी मय्यसर नहीं हो पा रहा। गांव के कई क्षेत्रों में पाइप लाइन नहीं बिछायी गयी है। जिसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों से की जाती रही है। इसके बावजूद कार्य नहीं कराया जा रहा। नतीजतन गांव में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है। पूरा गांव पेयजल समस्या से जूझ रहा है। गांव के आधे से अधिक चापाकल का जल स्तर नीचे चला गया है। पेयजल संकट को देखते हुए विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना की आधारशिला माह नवंबर 2007 में रखी थी। जिसकी आकलित राशि एक करोड़ 24 लाख थी। जिसे पूरा हो जाने से पेयजल की समस्या से गांव को निजात मिल जाती। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण अति महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण कार्य 16 वर्षों बाद भी अधूरा पड़ा है। गांव के आधे चापाकलों का जल स्तर का नीचे चला जाना गंभीर पेयजल संकट का चेतावनी है। अब सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों की क्या स्थिति होगी। गांव के लगभग 60 प्रतिशत चापाकल सूख गये हैं। पानी के लिये लोगों को आधी रात से हीं जलश्रोत पर लंबी लाइन लगनी पड़ रही है। ऐसे में लोगों की बड़ी समस्या पेयजल बन गई है। लालगढ़ वार्ड 4 निवासी मोहन चौधरी, सत्तार मियां, फोटो मियां, अनिल चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, सरयू साव, मनिक चौधरी, महेंद्र साह, गुलाब चौधरी, कामेश्वर साह आदि ने बताया कि गांव में संवेदक के द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य नहीं किया गया है। गांव में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है।

### पेयजल की समस्या गांव के लिए गंभीर

16 साल से लोग यह उम्मीद लगाये बैठे हैं कि समस्या अब दूर हो जायेगी। लेकिन विभागीय अधिकारीयों की लापरवाही से योजना धरातल पर नहीं उतरी। - ग्रामीण पंकज किशोर का कहना है कि गांव में करोड़ों रुपए खर्च कर बना जलमिनार और बिछाई गई पाईप लाईन केवल दिखावा बन कर रह गयी है। पेयजल को लेकर गांव में हाहाकार मचा है। लेकिन इससे विभागीय अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है। समय समय पर ग्रामीणों के द्वारा समस्या को लेकर शिकायत भी की जाती रही है। लेकिन कोई पहल नहीं की गयी। लालगढ़ के वार्ड 4 में पाईप लाईन भी नहीं बिछाई गई।

## मनरेगा में अनियमितता की पुष्टि के बावजूद नहीं हुई रिकवरी

# डीडीसी के आदेश को बीडीओ ने किया दरकिनार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के नावा बाजार प्रखंड के रबदा पंचायत में मनरेगा योजनाओं में बड़े पैमाने पर बरती गई अनियमितता और काम से अधिक राशि निकासी कर लिए जाने के एक वर्ष बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। डीडीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम गठित कर जांच कराई थी। डीडीसी के ज्ञापक 669, दिनांक 25 सितंबर 2021 के अनुसार गठित जांच टीम के अनुसार की गई जांच में भारी अनियमितता और बिना काम कराये राशि निकाल लिए जाने की पुष्टि हुई थी। तब डीडीसी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर 3, 86, 596-00 रुपये 12 प्रतिशत ब्याज के साथ रिकवरी करने का आदेश निर्गत किया था। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद ना तो अभी तक राशि की रिकवरी कराई गई और ना ही इसके लिए जिम्मेवार लोगों पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई की गई। मनरेगा की कई योजनाओं में पंचायत सेवक अभिषेक कुमार, रोजगार सेवक दीपक कुमार, कनीय अभियंता संतोष कुमार, मुखिया बीरेंद्र राम और मेट के विरुद्ध जांच रिपोर्ट में तीन लाख 86 हजार 596 रुपये फर्जी निकासी के मामले की पुष्टि हुई थी। डीडीसी के आदेश को प्रखंड के पदाधिकारी ठंडे बस्ते में डाल दिये हैं। जबकि उप विकास आयुक्त के द्वारा नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी को रिकवरी कराने के लिए चार बार स्मार पत्र भेजा गया है। डीडीसी कार्यालय से बार-बार पत्राचार के बावजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। बीडीओ अमीर हमजा ने बताया कि दो बार समय मांगा गया था बावजूद अभी तक राशि जमा नहीं की गई है। पुनः देखते हैं। कुल मिलाकर अभी भी बीडीओ सरकारी राशि रिकवरी के मामले में नपा तुला जबाब दे रहे हैं।

# प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की सत्याग्रह सभा आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनागर। पाटन प्रखण्ड के कांके कला मे प्रखंड कांग्रेस कमेटी का सत्याग्रह सभा हुआ। इस सभा को संचालान पाटन प्रखण्ड अध्यक्ष अभय कुमार पाण्डे ने किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधता हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के धोटाले में लगी हुई है। महंगई और बेरोजगारी चरम सीमा पार कर रही है। आम गरीब मजदूरों की मेहनत की कमाई अपने अडानी के देने में लगी हुई है। भाजपा सरकार चाहती है की हमारा देश फिर से गुलामी के चंगुल में फंस जाए। लेकिन ऐसा हम होने नहीं देंगे। आने वाले 2024 मे आम जनता भाजपा की सरकार को उखाड़ फेकेगी। इस सभा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक, कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, ईश्वरी सिंह हारलू शुश्या,बैजू राम, विनोद भुइया शिवनाथ राम, मनोहर राम, अशोक पासवान, अनवर मीफा, सल्लेन्द्र सिंह,विद्या रामानंद पाण्डे, बसंत राम रंजीत कुमार, शामिल रहे।

## बेहतर पढ़ाई के लिए शिक्षक मीटिंग आवश्यक : अविनाश देव

**मेदनीनगर।** संत मरियम स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हो गई । नई शिक्षण तकनीक के साथ बच्चों के बेहतर पढ़ाई के लिए संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों के साथ आज बैठक की गई। नई शिक्षा नीति,सरकार के दिशा निर्देश,केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मानकों पर खरा उतरने एवं पिछले सत्र की कमी कमजोरियों पर समीक्षात्मक बैठक रखी गई। बच्चों के बौद्धिक विकास, विद्यालय एवं पढ़ाई के प्रति रुचि कैसे जगे और मानक अनुरूप विद्यालय कैसे बढ़े इसके लिए नए पुराने शिक्षकों को प्रशिक्षण दीया गया। संत मरियम विद्यालय के तमाम शिक्षकों ने एक सुर में विद्यालय के प्रति समर्पण दिखाया और कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल प्रबंधन के हर निर्देश को पालन करेगें। मौके पर स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा कि बच्चों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए समय-समय पर शिक्षकों के साथ मीटिंग और प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। प्रशिक्षण के पश्चात नई ऊर्जा और जोश के साथ सभी शिक्षक विद्यार्थियों को नई-नई तकनीक हेतु प्रेरित करते है। विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि संत मरियम विद्यालय प्रबंधन स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रतिबद्ध है और इस प्रतिबद्धता को पुनः दोहराते हुए हम सदैव विद्यार्थीयों के सर्वांगीण विकास के प्रति कृत संकल्पित रहते है।

# 22 को मनेगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एआईडी सभागार में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई। मुख्य अतिथि महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने भगवान परशुराम क ी तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्वलित कर बैठक की कार्यवाही शुरू कराई। बैठक में महासभा के द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने एवं महासभा क ी सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की गयी। जिला एवं प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये महासभा के पदाधिकारियों ने जन्मोत्सव को लेकर अपना सुझाव दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 अप्रैल को नीलांबर पीतांबरपुर मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय परिसर में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अजय कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम के संदेश को हर घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है ताकि इस महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में ब्राह्मण परिवार के लोग भाग ले सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पांकी, तरहसी, मनातू, मेदिनीनगर के ब्राह्मण परिवार के लोग भाग लेंगे। वैसे महासभा के बैनर तले जिले के सभी प्रखंडों में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्देश दिया गया है। जिस प्रखंड के लोग नीलांबर पीतांबरपुर के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पायेंगे वे अपने प्रखंड में यह जन्मोत्सव धूमधाम से मनायेंगे। महासभा के उद्देश्यों एवं कार्यों को गति देने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी ब्राह्मण परिवार के बीच संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने किया। मौके पर सीताराम दुबे, विनय तिवारी, विक्रमादित्य दुबे, रूद्र शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला , डॉ कृष्ण कांत दुबे, संत कुमार तिवारी, नीलकंठ गिरी, सतीश मिश्रा, अक्षय तिवारी, राजेश्वर तिवारी, सुनील शुक्ला, राजेंद्र दुबे, मदन तिवारी, जयराम तिवारी, सुशील दुबे, विभूति नारायण चौबे, अरुण दुबे, अरविंद तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** किसी भी खेल के बाद सफलता या असफलता परिणाम में आता है। असफलता सफलता का मंत्र,जीने का कौशल तथा आंतरिक मजबूती देता है। उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक सह वरीय अधिवक्ता ने सोमवार को बारालोटा में नॉकआऊट कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन पर कही। उन्होंने बताया कि किसी भी खेल में प्रतिभा का पैमाना हार जीत नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। मौके पर मनु प्रसाद तिवारी और सुनील मिश्र ने बॉल और बल्ले से और उपमहापौर मंगल सिंह, नित्यानंद तिवारी,फुटनी तिवारी,सुनील तिवारी और प्रिंस तिवारी ने टूनामेंट का उद्घाटन किया। खेल शुरूआत से पहले मुख्य अतिथि मिश्र ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय लिया। टॉस जीत कर बारालोटा वारियर्स के 165 रन के लक्ष्य को पीछा करते हुए परशुराम इलेवन 90 रन पर ऑल आऊट हो गई। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पांडेय ने किया। मौके पर टूनामेंट के आयोजनकर्ता छोटू तिवारी ,राजनाथ तिवारी,,चंद्रशेखर शुक्ला,शिवा मंगलम,मनोज तिवारी,मानस तिवारी,,अंकित तिवारी,सनी पांडेय समेत अनेक लोग मौजूद थे।

# खेल मैदान का जल्द होगा जीर्णोद्धार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत की मुखिया श्रीमती मीना देवी पति श्री व्यास राम चौरसिया ने पथरा हाई स्कूल के स्टेडियम (खेल मैदान) का निरीक्षण किया तथा जायजा लिया।मुखिया मीना देवी ने कहा कि यह स्टेडियम वर्षों से जीर्ण शीर्ण अवस्था में खंडहर के रूप में यों ही पड़ा हुआ है। यह निर्मित काल से अभी तक अपने अस्तित्व में आया ही नहीं। खिलाड़ी आज तक स्टेडियम में प्रवेश ही नहीं किये। परंतु खिड़की सटर दरवाजा सभी गायब हो गए हैं। यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। मुखिया मीना देवी ने कहा कि इलाके ही नहीं बल्कि चैनपुर प्रखंड का यह एकमात्र स्टेडियम है। इस स्टेडियम के बनने से खिलाड़ियों व युवाओं में खेल के प्रति आशा की किरण जगी थी। परंतु स्टेडियम नसीब हुआ भी नहीं और खंडहर में तब्दील हो गया।इस बावत पंचायत के मुखिया श्रीमती मीना देवी का ध्यान केंद्रित हुआ और इसके लिए चैनपुर उत्तरी के पूर्व जिला पार्षद श्री विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू सहित विभागीय पदाधिकारियों से कई बार आग्रह के साथ मांग की। जिससे पथरा पंचायत की मुखिया श्रीमती मीना देवी की मांग को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लिया गया। तत्पश्चात संटू चौरसिया जी ने स्टेडियम का जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण हेतु विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया। फलस्वरूप पूर्व जिला पार्षद श्री विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू जी एवं पथरा पंचायत की मुखिया श्रीमती मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया जी की मेहनत रंग लायी। मुखिया मीना देवी ने कहा कि अब बहुत जल्द ही स्टेडियम में मरम्मत कार्य प्रारंभ होगा। भव्य आकर्षक सुंदर खूबसूरत स्टेडियम आने वाले दिनों में जनता को समर्पित किया जाएगा। स्टेडियम जीणोद्धार होने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खेल के प्रति छिपी प्रतिभा खेल मैदान से निखरेगी। खेल के प्रति युवाओं में बच्चों में जागरूकता पैदा होगी। मीना देवी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बहुत जरूरी है। मौके पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया, युवा समाजसेवी शशी कुमार चौरसिया, वार्ड सदस्य श्री सुबोध कुमार गुप्ता, बीरबल चौरसिया, विनय लाल, प्रमोद चौरसिया मौजूद थे।

**सुरक्षा**

## नीलगाय खेतों को कर रहे हैं बर्बाद

# बचाव के लिए लगाये सूरजमुखी के पौधे

**फसल की सुरक्षा के लिए रात में खेत पर करना पड़ता था पहरेदारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कम बारिश होने की वजह से जिले के किसानों को हमेशा सुखाड़ का सामना करना पड़ता है। वहीं, नीलगाय के आतंक से ग्रामीण काफी परेशान रहते हैं। ऐसे में किसान अपनी फसल को बचाने के लिए नए-नए प्रयोग करते रहते हैं। इसी कड़ी में एक किसान ने अपनी गेहूं की फसल को नील गाय से सुरक्षित रखने के लिए नया तरीका अपनाया है। किसान ने गेहूं के खेत की मेड़ पर सूर्यमुखी का पौधा लगा दिया है। इससे नील गाय गेहूं की फसल के नजदीक नहीं आ रही है। बताते चलें कि पाटन प्रखंड के नगेसर



गांव के निवासी लालेश्वर सिंह ने तीन एकड़ खेत में गेहूं की फसल लगाई है। इलाके में नील गाय का उत्पात जग जाहिर है। ऐसे में लालेश्वर सिंह ने नील गाय से फसल की सुरक्षा के लिए नया तकनीक अपनाया है। उन्होंने गेहूं की खेत के पूरे मेड़ पर सूर्यमुखी का पौधा लगा दिया है। लालेश्वर सिंह का यह प्रयोग काफी हद तक सफल है। जिसका इलाके के किसान सराहना भी कर रहे हैं। किसान लालेश्वर सिंह ने बताया कि इलाके में नील गाय किसानों को काफी परेशान करती है। फसल की सुरक्षा के लिए रात में खेत पर पहरेदारी करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि नील गाय सूर्यमुखी के पौधा से खेत के नजदीक नहीं आती है। इसलिए खेत के मेड़ पर सूर्यमुखी की फसल लगाने का फैसला लिया। यह फैसला सही रहा। अभी तक फसल नील गाय से सुरक्षित है। वहीं लालेश्वर सिंह के तकनीक को देखकर स्थानीय किसान भी इस तकनीक को अपना रहे है।

## NEWS इन ब्रीफ

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्या

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जनों की शिकायतों व समस्याओं से अवगत हुई. उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद, विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित आवेदन आए।

### पांडव फाउंडेशन में नामांकन प्रारंभ

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा एसएस प्लस टू विद्यालय के समीप पांडव फाउंडेशन में छात्रों को कंप्यूटर ब्यूटीशियन, सिलाई, कढ़ाई, आदि की निशुल्क शिक्षा दी जा रही है जिसका नामांकन प्रारंभ हो गया है। नामांकन कराने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2023 तक रखी गई है। बहुत सारे युवक-युवती आर्थिक तंगी के कारण कंप्यूटर सिलाई कढ़ाई आदि की शिक्षा नहीं ले पाते हैं। उन छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है इस अवसर का जिन छात्रों को इसका लाभ लेना है वे पांडव फाउंडेशन पहुंचकर अपना नामांकन करवा सकते हैं और अपनी सिलाई कढ़ाई और कंप्यूटर की शिक्षा निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

### जिप सदस्य ने किया पीएचसी का निरीक्षण

सेन्हा-लोहरदगाः क्षेत्र भ्रमण के क्रम में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उसी दौरान रामनवमी मेला के समय 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से घायल मजदूर की जानकारी मिलते ही इलाजरत मजदूर से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी लेते हुए घटना का जायजा लिया। जिसपर उन्होंने कहा विद्यालय प्रांगण से 11 हजार बिजली तार गुजरने से बच्चों के लिए घातक है। इस बिंदु को लेकर उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण को अवगत कराते हुए हटवाने के दिशा में पहल किया जाएगा।

### यूनिट के अधिष्ठापन के प्रगति की समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एससीए की बैठक हुई। बैठक में आकांक्षी जिला के रूप में लोहरदगा जिला को प्राप्त अवार्ड मनी से कुडू प्रखंड में मिल्क एंड डेयरी प्रोडक्शन यूनिट के अधिष्ठापन के प्रगति की समीक्षा की गई । जिसमें कार्य में प्रगति लाने के निदेश दिए गए। झारखंड टूल रूम में सीएनसी ऑपरेटर और वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर कोर्स में अगले बैच के लिए युवक-युवतियों से आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। आईएचएम, ब्राम्बे, रांची के द्वारा तीन प्रस्तावित कोर्स के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने के निदेश दिए गए।

## जोराम-बांसजोर 33 केवीए लाइन की मरम्मत के दौरान हादसा

# करंट से लाइनमैन झुलसा, रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिले के जोराम - बांसजोर 33 केवीए लाइन की मरम्मत के दौरान करंट लगने से एक लाइनमैन गंभीर रूप से झुलस गया है। घटना सोमवार सुबह लगभग 7:00 बजे की है. वहीं करंट लगने के बाद गंभीर रूप से झुलसे जोसेफ खलखो को गंभीर अवस्था में सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसका इलाज चल रहा है। ईधर जानकारी मिलने के बाद विधुत विभाग के सहायक अभियंता रामनन्दन राम अस्पताल पहुँच कर पीड़ित से जानकारी



ली ।जानकारी के अनुसार विद्युत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी के निर्देश पर लाइनमैन जोसेफ खलखो अपने एक अन्य साथी के साथ 33 केवीए लाइन की मरम्मत के लिए गया हुआ था ।मरम्मत से पूर्व उसने शटडाउन लिया था लेकिन जैसे ही वह विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन की मरम्मत करने लगा उसे करंट लग गया। इस घटना के बाद सिमडेगा विद्युत विभाग सवालों के घेरे में हैं. लोगों ने सवाल उठाए हैं कि आखिर जब शटडाउन लिया गया तो बिना सूचना के विद्युत प्रवाह कैसे किया गया. लाइनमैन को करंट कैसे लगी. क्या विद्युत चालू करने से पूर्व मरम्मत की पुष्टि कर ली गई थी ।किसकी लापरवाही से इतनी बड़ी घटना हुई है ।इधर लाइनमैंन की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल से रिम्स रेफर कर दिया।

# लोहरदगा में यात्री मेमू ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रांची लोहरदगा फेरा लेने वाली डीएमयू यात्री मेमू ट्रेन की चपेट में आने से सोमवार की दोपहर लगभग 1:15 बजे लगभग 50 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत मौके पर हो गयी। घटना लोहरदगा स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर कोयल नदी रेलवे पुल पर हुई है।

बताया गया कि, रांची जाने के लिए जब यात्री मेमू ट्रेन स्टेशन से निकली तो उसकी गति कम थी। भाक्सो रेलवे पुल के आगे लाल रंग की साड़ी पहनी महिला जल्दबाजी में रेलवे लाइन पार कर रही थी। इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक मृतक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची आरपीएफ की टीम और सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने शव की पहचान के लिए मशक्कत कर रहे थे। इस संदर्भ में सदर थाना के एएसआई सुजीत कुमार व एएसआई मनीषा कुमारी ने बताया कि मृतक महिला की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है। कहा ट्रेन का लोको पायलट ने ट्रेन से टकराते हुए महिला को देखकर इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दिया।

### युवक का शव बरामद

**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के बांसेन कठर टोली पुलिया के नीचे से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मन बहाल लोहरा (35) सिमडेगा सलडेगा मुंडा टोली निवासी सेवई में बढाई मिस्त्री का काम करता था। अपने किसी मित्र के साथ बासेन घूमने आया था। वह अत्यधिक नशा होने कारण मित्र से बिछड़ गया। शाम हो जाने पर उसका मित्र आसपास के गांव में ढूंढता रहा। रात हो जाने पर वाह घर लौट गया। दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे कठर टोली पुलिया के नीचे शव मिला, जिसकी पहचान मन बहाल लोहरा के रूप में की गई।

## लोहरदगा के सदर अस्पताल में मॉकड्रिल का किया गया आयोजन

# कोविड से निपटने की तैयारी जोरों पर

**नवीन मेल सवांददाता। लोहरदगा**

कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को सुनियोजित तरीके से नियंत्रण करने को लेकर सोमवार को स्थानीय सदर अस्पताल परिसर में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध की अगुवाई में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान आपात स्थिति से निपटने का रिहर्सल किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल के जनरल वार्ड, स्पेशल वार्ड, कोविड ऑपरेटिव वार्ड, चाइल्ड वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट, आईसीयू समेत पूरे अस्पताल की बारीकी से जांच कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। संक्रमण बढ़ने की स्थिति में मरीजों को तत्काल ऑक्सीजन बेड, दवा उपलब्ध होने की स्थिति को देखा गया। कोविड एक्सपर्ट डॉक्टर नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती देखी। मौके पर सदर अस्पताल में नव स्थापित ऑक्सीजन प्लांट को चालू करा कर ऑक्सीजन की सप्लाई सभी वार्डो में कराकर देखी गयी। अस्पताल में उपलब्ध ऑक्सीजन सिलेंडर की जानकारी ली गई। वही अस्पताल को कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार किया गया। अस्पताल में कोविड मास्क, नेबुलाइजेशन मशीन, एक्सपर्ट



डॉक्टर नर्स को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण सिविल सर्जन संजय कुमार सुबोध कोविड- नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत चौहान अस्पताल प्रबंधक सुभाषिनी तिर्की समेत अन्य मौजूद थे।

### टास्क फोर्स का गठन

कोविड 19 महामारी के बढ़ते हुए प्रकोप को दृष्टिपथ में रखते हुए जिले में कोविड-19 से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के अनुश्रवण हेतु कोविड टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा - अध्यक्ष, अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा - सदस्य, सिविल सर्जन, लोहरदगा - सदस्य सचिव, डॉ. ऐजुर रब - सदस्य, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद साहू - सदस्य, डॉ. सुदामा राम - सदस्य, सुभाषिनी सी तिर्की, अस्पताल प्रबंधक - सदस्य, प्रशांत चौहान, महामारी पदाधिकारी - सदस्य, उमाकांत सिंह, भण्डार पाल - सदस्य नामित किए गए हैं। उपायुक्त के इस आदेश के अंतर्गत कोविड-19 टास्क फोर्स को समय-समय पर कोविड-19 से संबंधित गतिविधियों का अनुश्रवण प्रचार-प्रसार, टेस्टिंग, टीकाकरण, टेस्ट किट एवं दवाओं की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलिण्डर की उपलब्धता, पीएसए प्लांट संचालन की स्थिति, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता वेंटिलेटर, बेड की उपलब्धता एवं संभावित कोविड-19 लहर से उत्पन्न स्थितियों का पूर्व आकलन करते हुए अन्यान्य व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने का निदेश दिया गया है।

### जांच और इलाज की है पूरी तैयारीः उपायुक्त

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा जिले में कोविड महामारी के रोकथाम के लिए सरकार के निर्देश पर मॉक ड्रिल किया गया । जिससे संक्रमण बढ़ने की स्थिति में सहजता के साथ उसे नियंत्रित किया जा सके। कहा, कोविड जांच की जांच रेलवे स्टेशन और पूर्व से बनाए गए चेक पोस्ट करने की व्यवस्था है । बाहर से आने वाले लोगो की जांच कर जिला प्रशासन उनपर नजर रखेगी। कोविड पॉजिटिव केसे में मरीज को कोरेनटाइन सेंटर में रखने की ठोस व्यवस्था है। वर्तमान में लोहरदगा जिले में 9 कोविड संक्रमित मरीज की पहचान की गई है।

### ठोस तैयारीः सीएस

सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने कहा की सरकार के निर्देश पर अस्पताल पूरी तरह से तैयार है अस्पताल में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। कहा, सदर अस्पताल के टेक्नीशियन और ऑपरेटर को विशेष प्रशिक्षण रांची रिम्स में देने का प्रस्ताव स्वास्थ विभाग के सचिव को दिया गया है।

# सदर अस्पताल सिमडेगा में किया गया मॉक ड्रिल




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं ।वहीं बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार के दिशा-निर्देश पर सिमडेगा स्वास्थ्य विभाग ने भी कमर कस लिया है। कोविड सेंटरों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लिया गया है ।वहीं सोमवार को डीसी के निर्देश पर सदर अस्पताल सिमडेगा में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार मैनेजर अलका कुल्लू डीपीएम प्रदीप कुमार एवं डॉ अध्ययन शरण एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा मॉक ड्रिल करते हुए कोरोना के लिए किए गए तैयारियों की रिहर्सल किया गया। इस दौरान एंबुलेंस में डमी मरीज बनाकर कोरोना की भयावह स्थिति के दौरान किस प्रकार निपटना है। इसको लेकर मॉडल किया गया जहां पर स्वास्थ्य कर्मियों को पीपीई कीट बनाकर मरीजों को किस प्रकार से सुविधा देनी है किस प्रकार से उन्हें ऑक्सीजन सहित सभी प्रकार के इलाज करनी है उसकी बारीकी से मॉक ड्रील किया गया । पद अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सदर अस्पताल सिमडेगा में कोरोना से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारी की गई है ।उन्होंने बताया कि 2 ऑक्सीजन प्लांट चालू कंडीशन में है ।इसके अलावा 50 बेड की विशेष कोविड के लिए व्यवस्था की गई है इसके अलावा बच्चों के लिए पीकू वार्ड भी बनाया गया है ताकि कोविड के संभावित खतरा को रोका जा सके।

# साइबर चोरों ने एटीएम कार्ड से 50000 उड़ाए

### भंडरा मुख्य पथ स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से घटना को अंजाम दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा।**

साइबर चोरों द्वारा ग्रामीणों के एटीएम कार्ड बदल कर खाते से पैसे उड़ाने की इस तरह की घटना को पहले भी अंजाम दिया गया है। भंडरा थाना क्षेत्र के मकुन्दा गांव निवासी पीड़ित सुनील उरांव ने बताया एटीएम में पैसे निकासी के लिए गया था अपना कार्ड जैसे ही डाला उसी दरमियान एक पल्सर बाइक में जींस और टोपी पहने युवक अंदर आया और अपना एटीएम पिन चेंज करने की बात कहने लगा। इसी दरमियान बातों में उलझा कर अपना एटीएम कार्ड निकाला और मेरा मशीन में लगे एटीएम कार्ड को बदल दिया और एटीएम कार्ड लेकर चला गया। थोड़ी देर बाद मोबाइल में जब ?49500 निकासी का मैसेज आया तो घबरा गया और तुरंत बैंक जाकर पूछताछ की तो पता चला मेरा एटीएम कार्ड से रिलायंस कंपनी में सारा पैसा ट्रांसफर किया गया है। इधर ठगी के शिकार हो चुके पीड़ित ने मामले को लेकर भंडरा थाने में आवेदन देने की बात कही है।

### राज्य पेंशनर समाज ने मांगों को लेकर धरना सत्याग्रह किया

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की लोहरदगा जिला इकाई ने सोमवार को समाहरणालय मैदान में अपनी लंबित और जायज मांगों को लेकर धरना देकर सत्याग्रह सभा किया। धरना-सत्याग्रह के माध्यम से प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को प्रेषित मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया ।उपायुक्त द्वारा प्रतिनिधिमण्डल को मांग-पत्र को प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेज देने का आश्वासन दिया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरीन्द्र कुमार ने किया। महेश कुमार सिंह राष्ट्रीय सचिव सह कार्यकारी महासचिव झारखण्ड राँची ने विस्तार से मांगों पर चर्चा किया। कार्यक्रम में मोहन मिंज, गिरीन्द्र कुमार, सेतुबाँध शर्मा, देवमनी कुमारी, सुभद्रा देवी, वरदानी बेक आदि मौजूद रहे।

# मुखिया ने 5 लोगों पर मारपीट व लूट का थाने में दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत सेवई पंचायत की मुखिया सावित्री देवी ने पंचायत के गोरियाबहार गांव के 5 लोगों के ऊपर घर घुसकर मारपीट एवं सामान ले जाने के आरोप में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि 9 अप्रैल की रात में जब वह अपने दो पुत्र और पुत्री के साथ घर में टीवी देख रही थी तो गोरियाबहार गांव निवासी प्रमोद बाड़ा, रोहित बाड़ा, सुधीर बाड़ा, प्रवीण डुंगडुंग एवं तिमुतियुस खाखा उसके घर पहुंचे और उसके पति पूर्व मुखिया शंकर महली को गाली देने लगे। घर में नहीं



होने की बात कही तो वे लोग बलपूर्वक उसके घर घुसे और हाथापाई करते हुए छेड़खानी कर कपड़े को भी फाड़ दिया और उसके पति को गोली मारने की धमकी दी। सावित्री देवी ने आरोप लगाया है कि प्रमोद बाड़ा के पास हथियार था। तथा अन्य साथियों को चाकू पकड़ने की बात कही। साथ ही वे 9300 रुपये एवं गले सें सोने की चैन छीन कर ले गए। कुछ देर बाद गांव वालों की भीड़ जुटी तो भी वे जान से मारने की धमकी देते रहे। साथ ही उन्होंने कहा जो भी ग्रामीण पूर्व मुखिया का साथ देंगे उन्हें भी मारपीट की जाएगी। मुखिया सावित्री ने अपने परिवार संग दूसरे गांव में जाकर डर से रात बिताई और सोमवार की सुबह सिमडेगा थाना में आकर आवेदन देते हुए दिए गए नाम वाले व्यक्तियों के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है ।थाना प्रभारी ने कहा है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### जन्मदिन को बनाया यादगार, 15 लोगों से कराया रक्तदान

**सिमडेगा।** कहते हैं रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और इस रक्तदान से दूसरे की जिंदगी बसती है लेकिन अगर इंसान ठान ले तो इसे कभी भी कहीं पर भी कर सकता है। इसी बात को चरितार्थ किया सिमडेगा ब्लड बैंक में कार्य करने वाली टेक्नीशियन रीना तिग्गा की बेटी श्रेया ने जिसने अपने 18वें जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में सर्वप्रथम खुद रक्तदान की ।उसके बाद जागरूक करते हुए अपने दोस्त सहित अन्य कर्मियों को उत्साहित करते हुए कुल सदर अस्पताल सिमडेगा में 15 यूनिट रक्तदान करवाया। श्रेया ने कहा कि उसने 15 लोगों को मोटिवेट करते हुए रक्तदान कराया आया।

## सलाह आकाश गंगा के वार्षिकोत्सव में बोलीं थाना प्रभारी

# पढ़ाई में करें मोबाइल का उपयोग

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

प्रखंड के अरु पंचायत ग्राम में संचालित निजी विद्यालय आकाश गंगा एकेडमी इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल विद्यालय की स्थापना का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मौके पर महिला थाना प्रभारी लोहरदगा किरण पंडित ने छात्राओं तथा महिलाओं को आत्म सुरक्षा के बारे बताया। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये मोबाइल का उपयोग कैसे करना चाहिये इसके विषय पर छात्र छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दिया। वही स्कूल के प्रबंधक निखिल खत्री ने अभिभावकों से कहा की बच्चे बच्चियों को बहुमुखी प्रतिभाशाली बनाने के लिए अभिभावकों को शिक्षकों का साथ देना होगा। विद्यार्थी के माता पिता और शिक्षक के तालमेल से ही बच्चो के भविष्य



का सफलतम निर्माण हो सकेगा। साथ ही आदित्य कुमार साहू ने भी सम्बोधित करते हुए कहा की आदर्श गुरु के बिना बिना ज्ञान कभी सफलपूर्वक प्राप्त नहीं हो सकता। शिक्षक के साथ माता पिता को मिलकर बच्चों को नैतिक रूप से मजबूत करना होगा। तब ही बच्चे बच्चियां समाज मे एक सफल व्यक्ति का बन सकते हैं। मौक पर अकाश कुमार साहू,वसीम अंसारी ,जनार्दन राम , कुदुस अंसारी, निशा प्रजापति ,निशा प्रजापति, पुष्पा कुमारी, कोसकी सोनी, निखत परवी,कुसुम कुजूर, अंजली सिंह, पूनम सिंह, सहीस्ता नाज सहित अभिभावक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### नाबालिग को भगा कर गर्भवती करने वाला गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोलेबिरा पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाकर तमिलनाडु ले जाकर गर्भवती करने वाले युवक को गिरफ्तार करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया युवक की पहचान सोकोरला केराटोली निवासी विकास नायक के रूप में हुई। बताया गया कि विगत दो महीना पहले गांव की ही एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ तमिलनाडु लेकर भाग गया था ।पीड़िता के परिवार वाले काफी खोजबीन किया तब कहीं नहीं पता चला था इस मामले में गुमशुदगी का मामला कोलेबिरा थाना में दर्ज कराया था ।पुलिस द्वारा मामले में बारीकी से छानबीन की तब जाकर पता चला कि गांव के ही विकास नायक द्वारा उसे बहला-फुसलाकर तमिलनाडु ले गया है। किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# एडमिट कार्ड नहीं मिलने से पांच बच्चे नहीं दे पाए परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

शिक्षा के मंदिर में बच्चे शिक्षा ग्रहण के लिए जाते हैं और शिक्षक उन्हें महारथ हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं लेकिन अगर ज्ञान के मंदिर में शिक्षक ही लापरवाही पर उतर जाए तो ऐसे में आप उन शिक्षकों से और क्या ही अपेक्षा कर सकते हैं। दरअसल जलडेगा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरमुण्डा से एक मामला सामने आया है। रविवार को स्कूल के पांच बच्चे एस एस+2 हाई स्कूल सिमडेगा में मॉडल विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परीक्षा देने गए थे, परंतु बच्चों को एडमिट कार्ड नहीं मिलने से परीक्षा केंद्र से सरस्वती कुमारी, रीना मांझी, रवि मांझी, प्रभु गोंझु, दुबराज गोंझू नामक पांच बच्चों को बिना परीक्षा लिखे वापस लौटा दिया गया। बच्चों ने बताया कि उन्होंने



मॉडल विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यालय प्रधानाध्यापिका सुजिता केरकेट्टा के द्वारा फार्म भरवाया गया था लेकिन फार्म आनलाइन नहीं किए जाने से प्रवेश पत्र नहीं मिला। इसके कारण बच्चों को बिना परिक्षा दिए लौटना पड़ा।

**क्या कहना है प्रधानाध्यापिका का:** मामले पर स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुजिता केरकेट्टा ने कहा की बीआरसी के निर्देश पर उन्होंने बच्चों का सारा आवेदन को ऑनलाइन करने के लिए बीआरसी में जमा कर दी थी, लेकिन फॉर्म को ऑनलाइन नही किया गया जिसके कारण बच्चों को एडमिट कार्ड नहीं मिला।

इधर बीईईओ अरुण कुमार पांडे ने कहा की आवेदन फार्म आनलाईन करने की जिम्मेदारी प्रधान शिक्षक की थी, अगर प्रधानाध्यापिका ने कार्यालय में आवेदन की हार्ड कापी जमा की है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# कंपनियों में हिस्सेदारी बेचकर जुटाए 20 हजार करोड़ : अडाणी

## राहुल के आरोपों पर दिया जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी समूह ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया था कि अदाणी समूह में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश शेल कंपनियों के जरिये किया गया है। अदाणी समूह ने इन आरोपों का जवाब देते हुए कहा वर्ष 2019 से अब तक समूह की कंपनियों ने अपनी हिस्सेदारी बेचकर 2.87 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) जुटाए जिनमें से 2.55 अरब डॉलर फिर से व्यापार में लगाया गया। इस दौरान अबु धाबी स्थित ग्लोबल स्ट्रैटेजिक इनवेस्टमेंट कंपनी, इंटरनेशन होल्डिंग कंपनी पीजेएससी (आईएचसी) ने समूह की कंपनियों में 2.593 बिलियन डॉलर का निवेश किया। यह निवेश अदाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड और अदाणी एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) में किया गया। इस दौरान निवेशकों ने अदाणी टोटल गैस लिमिटेड और एजीईएल 2.783 अरब डॉलर जुटाने के लिए अपनी हिस्सेदारी बेची थी। उससे जो राशि इकट्ठा की गई उसे दोबारा अदाणी समूह की कंपनियों अदाणी एंटरप्राइजेस लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी टांसमिशन और अदाणी पावर लिमिट में निवेश किया गया। अदाणी समूह ने यह बयान एक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह की उस रिपोर्ट का खंडन करते हुए जारी किया जिसमें अदाणी की कंपनियों में शेल कंपनियों के माध्यम से निवेश की बात की गई थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अदाणी समूह से पूछा था कि शेल कंपनियों के माध्यम से कैसे 20000 रुपये का निवेश किया गया? अदाणी समूह ने समूह में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर एक हालिया मीडिया रिपोर्ट का सोमवार को सिरे से खंडन किया और इसे समूह को खत्म करने के लिए एक 'प्रतिस्पर्धी दौड़' करार दिया।



## एप्पल ने बेंगलुरु में 10 साल की लीज पर ली बिल्डिंग

**बेंगलुरु।** एप्पल ने अपने बयान में कहा था कि वह अपने कारोबार को भारत में और फैलाना चाहता है, जिस कारण उसने मुंबई में पहला स्टोर भी खोलने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वह करोड़ों रुपये किराये का भुगतान करेगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी बेंगलुरु में एक कॉमर्शियल बिल्डिंग के कई तलों को लीज पर लिया है। यह बिल्डिंग प्रेस्टीज एस्टेट प्रोजेक्ट्स की ओर से कब्बन रोड पर बनाया गया है। इस बिल्डिंग को एक ग्लोबल कैपिसिटी केंद्र के रूप में उपयोग किया जाएगा। एप्पलमें इस भवन में कई फ्लोर को लीज पर 10 साल के लिए लिया है, जिसके लिए कंपनी करोड़ों रुपये का मंथली किराया भरेगी। डेटा एनालिटिक्स फर्म प्रोपस्टैक के डाटा के मुताबिक, एप्पलने सातवीं, आठवीं और नौवीं मंजिलों के साथ ही ऑफिस बिल्डिंग के चौथे और छठी मंजिलों के हिस्से को लीज पर लिया है और इसके लिए कंपनी 2.43 करोड़ रुपये मंथली किराया देगी।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
हफ्ते के पहले कारोबारी दिवस पर शेयर बाजार आज (सोमवार) हरे निशान पर खुला। लगातार तीन दिन के अवकाश के बाद पहले दिन शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 129.11 अंक यानी 0.22 फीसदी उछलकर 59,962.08 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 59.75 अंक यानी 0.34 फीसदी की तेजी के साथ 17,658.90 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में तेजी और 8 में गिरावट रही। अडाणी समूह के सभी 10 शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.54 फीसदी की बढ़त है। अडाणी ट्रांसमिशन और ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 5-5 फीसदी की तेजी देखने को मिली। बाजार की तेजी में ऑटो और रियल्टी स्टॉक्स आगे है। निफ्टी के टॉप गेनर्स में टाटा मोटर्स का शेयर 7 फीसदी की मजबूती के साथ सबसे आगे है, जबकि एशियन पेंट्स का शेयर टॉप लूजर है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते गुरुवार को शेयर बाजार के दोनों सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए थे। बीएसई का सेंसेक्स 143.66 अंक यानी 0.24 फीसदी उछलकर 59,832.97 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 42.10 अंक यानी 0.24 फीसदी की बढ़त के साथ 17,599.15 के स्तर पर बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजार गुड फ्राइडे, शनिवार और रविवार के अवकाश की वजह से लगातार तीन दिन बंद रहा।

## यूट्यूब ने म्यूजिक ऐप में 'स्लीप टाइमर' लॉन्च किया

**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने अपनी म्यूजिक स्ट्रीमिंग सर्विस यूट्यूब म्यूजिक के लिए 'स्लीप टाइमर' फीचर रिलीज करना शुरू कर दिया है। 9टु5गूगल के अनुसार, ऐप में नाउ प्लेइंग ओवरफ्लो मेनू के निचले भाग में गाने के लिए यह फीचर दिखाई दे रहा है। स्लीप टाइमर फीचर उन लोगों के लिए उपयोगी हो सकता है जो संगीत सुनते हुए सो जाना पसंद करते हैं। स्लीप टाइमर फीचर का लाभ यह है कि म्यूजिक प्लेयर कुछ समय बाद अपने आप बजना बंद कर देगा ताकि यूजर्स को सोते समय ईयरफोन या स्पीकर पर लगातार संगीत के प्लेबैक के बारे में चिंता न करनी पड़े। रिपोर्ट में कहा गया है कि फीचर को व्यापक रूप से रिलीज नहीं किया गया है और फिलहाल यह सीमित संख्या में यूजर्स के लिए ही उपलब्ध है। इस बीच, यूट्यूब ने एंड्रॉइड और आईओएस पर अपनी म्यूजिक स्ट्रीमिंग सर्विस यूट्यूब म्यूजिक के लिए 'रीयल-टाइम लिरिक्स' फीचर रिलीज करना शुरू कर दिया है। यह फीचर वर्तमान में कुछ यूट्यूब म्यूजिक ग्राहकों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने रिपोर्ट की है, हालांकि, यह व्यापक रूप से प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध नहीं है। यह रीयल-टाइम लिरिक्स फीचर के समान है जो अन्य संगीत स्ट्रीमिंग सेवाओं जैसे कि स्पोटिफाई और एप्पल म्यूजिक पर उपलब्ध है।

# बेटी को लखपति बनाएगी सुकन्या योजना



**एजेंसी। नई दिल्ली**
सरकार ने 1 अप्रैल से सुकन्या समृद्धि योजना पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। इस योजना में निवेश करने पर अब सालाना 8% ब्याज दिया जा रहा है। अगर आप भी अपनी बेटी के भविष्य को वित्तीय सुरक्षा देना चाहते हैं तो उसके नाम पर सुकन्या समृद्धि अकाउंट खुलवा सकते हैं। इस स्कीम के जरिए आप आसानी से अपनी बेटी के लिए लाखों रुपए का फंड तैयार कर सकते हैं। हम आज आपको इस स्कीम के बारे में बता रहे हैं। जन्म से 10 साल की उम्र तक ही बेटियों का सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया जा सकता है। एक परिवार में अधिकतम दो लड़कियों के लिए यह खाता खोला जा सकता है। जुड़वां या तीन बालिका बच्चों के जन्म के मामले में, दो से अधिक खाते खोले जा सकते है लड़की के 21 साल का होने या लड़की की शादी होने के बाद अकाउंट मैच्योर हो जाएगा और आपको पूरा पैसा ब्याज सहित मिल जाएगा। सुकन्या समृद्धि योजना खाते से 18 साल की उम्र के बाद बच्चे की उच्च शिक्षा के लिए खर्च के मामले में 50% तक रकम निकाली जा सकती है।

# सरकारी बैंक ने की ब्याज दरों में बढ़ोतरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**
अगर आप बैंक एफडी कराने की योजना बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। सरकारी क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक की ओर से एफडी की ब्याज दरों में इजाफा कर दिया गया है। बैंक द्वारा एफडी की ब्याज दरों को 40 आधार अंक यानी 0.40 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इसके बाद निवेशकों को 444 दिन की स्पेशल एफडी पर 8 प्रतिशत तक का ब्याज मिल रहा है। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, नई ब्याज दरें 10 अप्रैल 2023 से लागू हो गई हैं। बैंक 7 दिनों से लेकर 3 साल और उससे अधिक की अवधि की एफडी अपने ग्राहकों को ऑफर कर रहा है। बैंक की ओर से 444 दिन की एक स्पेशल एफडी भी चलाई जा रही है। जिस पर मिलने वाला ब्याज अन्य अवधि की एफडी की तुलना में सबसे अधिक है। इस एफडी पर सामान्य नागरिकों को 7.25 प्रतिशत, वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष या उससे अधिक) को 7.75 प्रतिशत और अति वरिष्ठ नागरिकों को 8.00 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

## उत्तर-पश्चिमी अमेरिका के कैमरून गांव में गोली मारकर दो पुलिसकर्मियों की हत्या

**शिकागो।** उत्तर-पश्चिमी अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य के कैमरून गांव में यातायात रोकने के दौरान हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने विस्कॉन्सिन न्याय विभाग के एक बयान का हवाला देते हुए सूचना दी कि गोलीबारी शनिवार दोपहर करीब 3:38 बजे हुई। स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि घटना के विवरण की जांच की जा रही है। अमेरिका में ड्यूटी के दौरान पुलिस की मौत पर नजर रखने वाले द ऑफिसर डाउन मेमोरियल पेज दिखाता है कि यह वारदात इस साल विस्कॉन्सिन में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी की मौत की यह दूसरी घटना है। पहली घटना दो महीने पहले हुई थी, जब मिल्वौकी में एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे एक पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर (एस०टी०एफ०) का कार्यालय, राँची**

**अल्पकालिक निविदा निरस्त सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का ज्ञापांक–3232/सा०शा०, दिनांक–10.05.2022 द्वारा आमंत्रित की गई अल्पकालिक निविदा सं०–03/2022, जिसका Ref PR No. 269734 Police IG STF (22-23):D, दिनांक–12.05.2022 है, को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

पुलिस अधीक्षक (प्रशा०),
झारखण्ड जगुआर
PR 294764 Police IG STF(23-24)#D (एस०टी०एफ०), राँची

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह**

**शुद्धि पत्र**

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या RDD/SD/GIRIDIH/27/2022-23 जिसका पी0आर0 संख्या 294305(Rural Development)23-24*D में अपरिहार्य कारणों से तिथि को संशोधित किया जाता है। संशोधित तिथि के अनुरुप ही निविदा की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। संशोधित तिथि निम्नवत है :–

1.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.04.2023
2.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
3.निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
4.क्रम संख्या 02 पर अंकित योजना की प्राक्कलित राशि रु0 62683400.00, अग्रधन की राशि रु0 1253700.00 एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 24 माह पढ़ा जाए।
5.निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
PR294732 (Rural Development)23-24*D गिरिडीह

# आज इमरान खान अदालत में होंगे पेश



**एजेंसी। इस्लामाबाद**
इस्लामाबाद की एक अदालत ने तोशखाना मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 11 अप्रैल को तलब किया है। द न्यूज इंटरनेशनल ने बताया कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश , इस्लामाबाद अदालत ने तोशखाना मामले की तत्काल सुनवाई की मांग वाली याचिका पर समन जारी किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को 11 अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने के लिए कहा गया है। द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, समन में कहा गया है कि गैर-उपस्थिति के मामले में कानून अपना काम करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अक्टूबर में पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान को अयोग्य घोषित कर तोशखाना मामले में उन्हें नेशनल असेंबली से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। एआरवाई न्यूज के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री का प्रतिनिधित्व करने वाले एक जूनियर वकील ने अदालत को सूचित किया कि न तो इमरान खान और न ही हमारे किसी वरिष्ठ वकील को मामले में समन नोटिस प्राप्त हुआ है। इससे पहले मार्च में, इस्लामाबाद की एक जिला और सत्र अदालत ने तोशखाना मामले में 30 मार्च को होने वाली सुनवाई में भाग लेने से छूट के इमरान खान के अनुरोध को स्वीकार कर लिया था।

## ईरान ने 50 किलो आयुध से लैस ड्रोन का 'सफल' परीक्षण किया

**तेहरान।** एक ईरानी अधिकारी ने कहा कि ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्डस कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने 50 किलोग्राम के वारहेड से लैस एक घरेलू लंबी दूरी, उच्च परिशुद्धता वाले कामिकेज ड्रोन का सफल परीक्षण किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईआरजीसी के ग्राउंड फोर्स के रिसर्च एंड सेल्फ-सफिसिएंसी जिहाद संगठन के प्रमुख अली कौहेस्तानी ने अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी तस्नीम के साथ एक साक्षात्कार में यह टिप्पणी की, जो रविवार को प्रकाशित हुआ। कौहेस्तानी ने कहा, 'मेराज -532' नाम के मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) की सीमा 450 किमी है, और तीन सीधे घंटों के लिए 12,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है। यह ड्रोन लक्ष्यों पर सटीक वार कर सकता है। कौहेस्तानी ने कहा कि आत्मघाती ड्रोन पिस्टन इंजन से लैस है और एक वाहन से उड़ान भर सकता है। उन्होंने कहा कि यूएवी में 50 किलोग्राम का आयुध है और इसे आसानी से जोड़ा जा सकता है और उड़ान के लिए तैयार किया जा सकता है।

# चीन ने ताइवान पर जहाज से हमले के अभ्यास शुरू किए



**एजेंसी। तेपई**
चीन की सेना पूरब से ताइवान पर जहाज द्वारा हमलों का अभ्यास कर रही है। यह तीसरे दिन भी जारी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जारी सूचना में ये जानकारी दी। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के मंत्रालय ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जिन जहाजों का पता लगाया था, उनकी स्थिति नहीं बताई, लेकिन पीएलए विमान का पता लगाने का एक नक्शा पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में ताइवान के पूर्व में चार जे-15 लड़ाकू जेट दिखाता है। जे-15एस को ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (पीएलए) के अंदर पहले कभी नहीं देखा गया। यह पीएलए विमान वाहकों से लॉन्च होने के लिए जाना जाता है। सोमवार को, जापान ने पुष्टि की कि उसकी सेना ने पीएलए के विमान लॉन्च के जवाब में अभ्यास किया।

**कार्यालयः– उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
नजारत शाखा
शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि PR सं0 – 294135 LATEHAR (22-23) D के द्वारा नया एवं पुराना परिसदन भवन, लातेहार के रख–रखाव एवं संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा की शर्तें के क्रमांक 07 में उल्लेख है कि निविदादाता के फर्म का वित्तीय वर्श 2022–23 में टर्न ओवर 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये से उपर होने संबंधी कागजात संलग्न करना होगा, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021–22 के स्थान पर भूलवश वित्तीय वर्ष 2022–23 अंकित हो गया है।

अतएव वित्तीय वर्ष 2022–23 के स्थान पर वित्तीय वर्ष 2021–22 पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन
अपर समाहर्त्ता, लातेहार।
PR 294771 District(23-24)D

**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 03/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as supplying, Fitting & Laying of MS Pipe Heavy duty Sluice Valve, NR Valve, 35 $mm^2$ 3 Core Copper Cable & ML-6 or equivalent starter for water supply scheme at Belwatika . from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .
Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 12.04.2023 at 3.50 hrs.to 19.04.2023 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 20.04.2023 at 3.30 Hours
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)
PR 294720 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

**कार्यालयः– उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
नजारत शाखा
शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि PR सं0 – 294136 LATEHAR (22-23) D के द्वारा अरूणोदय अतिथिगृह–सह–उपायुक्त कैम्प कार्यालय, नेतरहाट के रख–रखाव एवं संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा की शर्तें के क्रमांक 07 उल्लेख है कि निविदादाता के फर्म का वित्तीय वर्श 2023–24 में टर्न ओवर 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये स उपर होने संबंधी कागजात संलग्न करना होगा, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021–22 के स्थान पर भूलवश वित्तीय वर्ष 2023–24 अंकित हो गया है।

अतएव वित्तीय वर्ष 2023–24 के स्थान पर वित्तीय वर्ष 2021–22 पढ़ा जाय।

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन
अपर समाहर्त्ता, लातेहार।
PR 294705 District(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

पत्रांक 563/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, चतरा, दिनांक–10.04.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/CHATRA/19/2022-23 के ग्रुप संख्या–01, ग्रुप संख्या–02 एवं ग्रुप संख्या–03 में वर्णित पुल निर्माण कार्य जिसका PR No. 294310 द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 10.04.2023 के स्थान पर 17.04.2023, क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 10.04.2023 से 20.04.2023 के स्थान पर दिनांक–17.04.2023 से दिनांक–24.04.2023, कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि 24.04.2023 के स्थान पर 27.04.2023, कंडिका क्रमांक 05 में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान (i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (ii) अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश अंचल, हजारीबाग, (iii) e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉंची के स्थान पर (i) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग, (iii) मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉंची तथा कंडिका क्रमांक 07 में निविदा खोलने का स्थान e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, रॉंची के स्थान पर e-Procurement Cell, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा एवं कंडिका क्रमांक 08 में निविदा खोलने की तिथि 25.04.2023 के स्थान पर दिनांक–28.04.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। PR.NO.294781 Rural Development(23-24):D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

### 400 लोगों की जान को खतरा, बोट का फ्यूल भी खत्म हुआ

# ग्रीस और माल्टा के बीच भटका प्रवासियों का जहाज

**एजेंसी। जर्मन**
ग्रीस और माल्टा के बीच एक प्रवासियों का जहाज भटक गया है। इसमें 400 लोग मौजूद थे। जिनकी जान को खतरा बना हुआ है। समुद्री गतिविधियों पर नजर रखने वाले अलार्म फोन की रिपोर्ट के मुताबिक अगर तुरंत कोई एक्शन नहीं लिया गया तो इनकी जान जा सकती है। इस जहाज का फ्यूल खत्म हो गया है, साथ ही इसके एक हिस्से में पानी भरने की जानकारी भी मिली है। प्रवासियों से भरी ये बोट लिबिया के तोबुर्क इलाके से चली थी। इन लोगों के बचाने के लिए अभी तक कोई रेस्क्यू ऑपरेशन नहीं चलाया गया है। जर्मनी के एक एनजीओ वॉच इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक प्रवासियों की बोट के पास माल्टा के दो मर्चेंट शिप मौजूद हैं। इसके बावजूद वहां के प्रशासन ने प्रवासियों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने से मना कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक माल्टा ने आदेश दिया है कि बोट को केवल फ्यूल दे दिया जाए। ग्रीस और माल्टा के बीच समुद्र में फंसी बोट में एक गर्भवती महिला, एक बच्चा और एक दिव्यांग भी है। जिसे तुरंत मदद की जरूरत है। मैप को अलार्म फोन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसमें समुद्र में फंसी बोट की पोजिशन को दिखाया गया है। मैप को अलार्म फोन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसमें समुद्र में फंसी बोट की पोजिशन को दिखाया गया है। रोजाना अलग-अलग देशों के प्रवासी गैर कानूनी तरीकों से समुद्री रास्तों से यूरोप में घुसने की कोशिश करते हैं। इस दौरान कई लोग अपनी जान भी गवां देते हैं। रविवार को यूरोप आने के दौरान एक बोट टूटने की वजह से भूमध्य सागर में 23 प्रवासियों की मौत हो गई थी।

**ज्ञान की बात**

विदुर बोले: आप जानती हैं कि मेरे व्यक्तित्व का निर्माण श्रद्धा तत्व से ही हुआ है पर कुछ तर्क भी करना होगा। हम देखते हैं कि प्रत्येक प्राणी के जीवन अवधि की एक मयार्दा है। उसे उसका अतिक्रमण नहीं करने दिया जाता । मनुष्य कितना भी दीघार्यु हो, उसे सहस्त्र वर्षों का जीवन नहीं मिलता।

– *ठाकुरजी*

# मिनी बॉम्बे में हिंसा

***मिनी*** बॉम्बे कहे जाने वाले जमशेदपुर के कदमा इलाके में जो कुछ भी हुआ, वह आम शहरी का सिर शर्म से झुका देने के लिए पर्याप्त है। जिस शहर का नाम महान जमशेद जी के नाम पर रखा गया हो, उस शहर में सांप्रदायिक तनाव का होना इसी बात को इंगित करता है कि लोग अब भावनाओं में बहने लगे हैं, तुनकमिजाज हो गए हैं, छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठते हैं, क्रोध करते हैं और यह कि लीजेंड्स का नाम मिट्टी में मिलाने में इन्हें रत्ती भर भी शर्म नहीं आती। उसी प्रकार, जमशेदपुर के पुलिस-प्रशासन पर भी बड़ा सवालिया निशान है। जब यह हर किसी को पता था कि कदमा में दिक्कत है, मामला बिगड़ सकता है तो पुलिस-प्रशासन ने इसे पहले से ही टेकल क्यों नहीं किया? आज नहीं तो कल पुलिस-प्रशासन की भूमिका की जांच होगी ही और उम्मीद की जाती है कि दोषियों को दंड जरूर मिलेगा। दरअसल, शास्त्रीनगर में एक झंडे में जिस प्रकार से गोश्त लपेटा गया, वही अपने आप में बेहद भड़काऊ कार्रवाई थी। पुलिस ने मामले को उसी वक्त गंभीरता से लिया होता, शांति कमेटी की बैठक की होती तो रविवार की रात जो कुछ भी हुआ, वह नहीं होता। चूंकि प्रीकॉश्न्स नहीं लिए गए, इसीलिए उपद्रवियों को आगजनी, पत्थरबाजी और फायरिंग करने का मौका मिल गया। यह ठीक है कि अभी हालात नियंत्रण में हैं पर तनाव तो बरकरार है। अब तक 60 लोगों को हिरासत में लिया गया है और इंटरनेट की सेवा बंद कर दी गई है। हाल के दिनों में यह देखा गया है कि दोनों समुदायों के लोग छोटी-छोटी बात पर भी भिड़ने में बहुत वक्त नहीं लगाते। कुछ दिनों पहले पांकी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। वहां भी बम फटे थे, जम कर पत्थरबाजी हुई थी। पांकी के थोड़ा पहले चलें तो बीते साल रांची के मेन रोड पर इन दोनों समुदायों के लोगों का खून सड़क पर बहा था। यह तो भला हो पुलिस प्रशासन का, जो वक्त रहते कड़े कदम उठाए गए अन्यथा रांची की आग आस-पड़ोस के जिलों में भी फैल सकती थी। बीते एक साल में सांप्रदायिक तनाव के दर्जन भर से ज्यादा मामले हो चुके हैं। जाहिर है, हर पक्ष खुद को बेकसूर बताता है लेकिन ऐसी घटनाएं राज्य में तो लोगों को परेशान करती ही हैं, दूसरे प्रदेशों में भी झारखंड का नाम खराब करती हैं। इनसे बचने के लिए जो एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए, वो कभी उठाए जाते हैं तो कभी नहीं। एक समुदाय के लोगों को दूसरे समुदाय के लोगों से लड़ाने-भिड़ाने में किसकी भूमिका होती है, यह जगजाहिर है। अहम बात यह है कि दोनों संप्रदाय के लोग रोजमर्रा की जिंदगी में कॉमन चीजों से ही परेशान हैं लेकिन धर्म के नाम पर जिस तरीके से ये एक-दूसरे को मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं, उनके पीछे के कारण को भी समझना होगा। आपने गौर किया होगा कि जो भी ऐसी हिंसाओं में शामिल रहते हैं, अमूमन कम पढ़े-लिखे होते हैं। पढ़ा-लिखा आदमी अमूमन हिंसा की बात करता ही नहीं। वह तो दो जून की रोटी के लिए ही दिन-रात मेहनत करता है ताकि अपना और परिवार के अन्य लोगों का पेट भर सके। इस तरह के सांप्रदायिक तनाव राज्य के लिए अच्छे नहीं। इससे बदनामी तो होती ही है, राज्य के विकास पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। यह बेहद जरूरी है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद सुदृढ़ हो अन्यथा जैसे अनेक भारी-भरकम प्रोजेक्ट महाराष्ट्र से गुजरात शिफ्ट हो गए, वैसे ही यहां चल रहे प्रोजेक्ट कहीं और चले जाएंगे। निरंतर विकास पथ पर चलने के लिए जरूरी है कि राज्य की कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। इसके लिए पुलिस-प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ेगी।

**हाल के दिनों में यह देखा गया है कि दोनों समुदायों के लोग छोटी-छोटी बात पर भी भिड़ने में बहुत वक्त नहीं लगाते। कुछ दिनों पहले पांकी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। वहां भी बम फटे थे।**

# सशक्त प्राचीन लोककला है कठपुतलियों का संसार





ललित गर्ग

***कठपुतली*** विश्व के प्राचीनतम रंगमंच पर खेला जाने वाले मनोरंजक, शिक्षाप्रद एवं कला-संस्कृतिमूलक कार्यक्रम है। कठपुतलियों को विभिन्न प्रकार की गुड्डे गुड़ियों, जोकर आदि पात्रों के रूप में बनाया जाता है और अनेक प्राचीन कथाओं को इसमें मंचित किया जाता है। लकड़ी अर्थात काष्ठ से इन पात्रों को निर्मित किये जाने के कारण अर्थात काष्ठ से बनी पुतली का नाम कठपुतली पड़ा। प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस भी मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य इस प्राचीन लोक कला को जन-जन तक पहुंचना तथा आने वाली पीढ़ी को इससे अवगत कराना है। पुतली कला कई कलाओं का मिश्रण है, जिसमें-लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि। भारत में यह कला प्राचीन समय से प्रचलित है, जिसमें पहले अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, हीर-रांझा, लैला-मजनूं, शीरी-फरहाद की कथाएँ ही कठपुतली खेल में दिखाई जाती थीं, लेकिन अब सामाजिक विषयों के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य तथा ज्ञान संबंधी अन्य मनोरंजक कार्यक्रम भी दिखाये जाने लगे हैं। पुतलियों के निर्माण तथा उनके माध्यम से विचारों के संप्रेषण में जो आनंद मिलता है, वह बच्चों के व्यक्तित्व के चहुँमुखी विकास में सहायक तो होता ही है, लेकिन यह अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विषयों के सम्प्रेषण का भी प्रभावी माध्यम है। भारत में सभी प्रकार की पुतलियाँ पाई जाती हैं, यथा-धागा पुतली, छाया पुतली, छड़ पुतली, दस्ताना पुतली आदि। कठपुतली के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में महाकवि पाणिनी के अष्टाध्याई ग्रंथ में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। इसके जन्म को लेकर कुछ पौराणिक मत इस प्रकार भी मिलते हैं कि भगवान शिवजी ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर माता पार्वती का मन बहला कर इस कला को प्रारंभ किया, इसी प्रकार उज्जैन नगरी के राजा विक्रमादित्य के सिंहासन में जड़ित 32 पुतलियों का उल्लेख सिंहासन बत्तीसी नामक कथा में भी मिलता है। कठपुतली दिवस पर दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ताकि इस कला को लुप्त होने से बचाया जा सके एवं इसके कलाकारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान का वातावरण निर्मित हो सके। राजस्थान में कठपुतली कला का समृद्ध इतिहास है। कठपुतलियों को खेल माना जाता है जो कि मध्ययुग में भाट समुदाय से शुरू हुआ था। भाट समुदाय के लोग गांव-गांव जाकर कठपुतली का खेल दिखाते थे। पहले इसमें ज्यादातर राजाओं की वीरता व पराक्रम की कहानियां होती थीं। भाट समुदाय इसी खेली से अपनी आजीविका चलाता था। लोग खेल देखने के बाद उन्हें अपने घर से अनाज या कुछ धन बदले में देते थे। कठपुतली कलाकार राजाओं की बहादुरी के किस्से बनाकर सबको दिखाते थे। अमर सिंह की कहानी में किस तरह से मुगल शासन में उनके साथ छल-कपट हुआ इस पर आधारित थी। इसी में अनाकरली नाम की कठपुतली भी है जिसका नृत्य काफी प्रसिद्ध था। कठपुतलियों की देश और विदेश में लोकप्रियता और प्रसिद्धि दिलाने हेतु स्व. देवीलाल सामर ने बहुत काम किया। उन्होंने पारम्परिक खेलों के अलावा नवीन कथा कृतियों, नाटकों, कहानियों को कठपुतलियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनके

**राजस्थान में कठपुतली कला का समृद्ध इतिहास है। कठपुतलियों को खेल माना जाता है जो कि मध्ययुग में भाट समुदाय से शुरू हुआ था। भाट समुदाय के लोग गांव-गांव जाकर कठपुतली का खेल दिखाते थे।**

**इन दिनों**

द्वारा स्थापित उदयपुर का भारतीय लोक कला मण्डल आज भी परम्परागत और नवीन कठपुतलियां तथा उनके समाज शास्त्रीय अध्ययन पर काफी काम कर रहा है। पुतलियां चाहे पुरातन हों अथवा नवीन, सैद्धान्तिक दृष्टि से एक ही नियम में बंधी हैं, और किन्हीं वास्तविक प्राणियों की नकल नहीं हो सकती। न्यूनतम अंग भंगिमाओं से अधिकतम भंगिमाओं का भ्रम उत्पन्न करना पारम्परिक एवं आधुनिक पुतलियों का परम धर्म है। चित्रकला की तरह भारतीय पुतलियां अनुकृति मूलकता से हटकर आभासिक रही है। आन्ध्र, राजस्थान एवं उड़ीसा की पुतलियां इसी क्रम में आती हैं। राजस्थान के पारम्परिक पुतलीकार अमरसिंह राठौर या राणा प्रताप के खेल से आगे नहीं बढ़ना चाहते। उड़ीसा के पुतलीकार गोपीकृष्ण के कथानक को नहीं छोडते। आन्ध्र के छाया कठपुतलीकार रामायण एवं महाभारत के ही खेल करते हैं। यही कारण है कि यह परम्परा अब मृतप्रायः सी हो चुकी है। लेकिन पुतली कला के विषय अब प्रमुख रूप से शिक्षा, मनोरंजन, सामाजिक विसंगतियों आदि से सम्बन्धित होते हैं। वसीला नामक कठपुतली नाटक ने भारत व सोवियत समाज को नजदीक लाने में मदद की। चीन, जापान, मलेशिया, इन्डोनेशिया, बर्मा आदि देशों में कठपुतलियों का विवरण वहां के प्राचीन साहित्य में मिलता है। पुतलियां अपने विकास के समय से ही मानवीय नाटक से जुड़ गयी। विश्व के पुतली विशेषज्ञ इस बात पर एक मत हैं कि मानवीय नाटक के रंगमंचीय अवतरण से पूर्व ही पुतलियां विकास पर थीं। पुतलियां मूल रूप मनुष्य की धार्मिक भावनाओं को ही विकसित करती रहीं। यही कारण है कि पुतलियां प्रकृति से जुड़ गयी और धार्मिक व पारम्परिक प्रसंगों को पुतलियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाने लगा। पुतली नाट्य लोक शैली का ही एक नाटक था जो लोक नाट्यों के रूप से विकसित हुआ। पुरातन शैली में प्रस्तुत करने वाले अधिसंख्य पात्र आज भी मुखौटा लगाते हैं। अफ्रीका, जावा, बाली, श्रीलंका, बर्मा में ऐसे नाट्य आज भी बहुत प्रचलित हैं। भारत में भी यही स्थाति है। मेवाड का गवरी, दक्षिण का यक्ष नाट्य आदि में मुखौटों का बड़ा महत्व है। दक्षिण भारत के प्रायः सभी लोक नाट्यों की अंग भंगिमाएं, वेशभूषा आदि पुतलियों की तरह ही हैं। यूरोपीय देशों में पुतली परम्परा 300 वर्ष की मानी गयी है। भारत में यह आदि मानव से जुड़ी है। सांस्कृतिक कार्यों में पुतली का प्रयोग और प्रतीकों का महत्व सर्वविदित है। यूनान, मिस्र आदि देशों में पुरातन समाधियों की खुदाई में अनेक ऐसे पुतले मिलें हैं जो मृतात्माओं की शांति के लिए गाड़े जाते हैं। भारत में भी इसके प्रमाण उपलब्ध हैं कि पुतलियों से ही नाटकों की उत्पत्ति हुई है। पुराणों में कहीं कहीं पुतलियों का उल्लेख मिलता है। रामायण, महाभारत, पंच तंत्र आदि में भी इनका उल्लेख है। इन ग्रन्थों में पुतलियों से सन्देशवाहक का काम लिया जाता है। महाभारत में वृहन्नला द्वारा पुतलियां सिखलाने का उल्लेख है। इसी प्रकार चमड़े, कागज और कपड़े की पुतलियों का भी वर्णन है। सातवीं शताब्दी में नीलकंठ के भाष्य मे छाया पुतलियों का वर्णन है। कथासरित सागर में एक दस्तकार का उल्लेख है जो बच्चों के मनोरंजन के लिए पुतलियां बनाता है। आज भी राजस्थान के पुतली कलाकार नट भाट, राव और भांडों की तरह भांभी, बलाई एवं रेबारी जाति मे पाये जाते हैं। जयपुर, उदयपुर व पश्चिमी राजस्थान में ये जातियां पाई जाती हैं।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें मां गंगा की कथा*

***नारायणजी*** ने कहा- देवर्षि ! विष्णु भगवान की तीन पत्नियां लक्ष्मी , गंगा और सरस्वती है। एक बार विष्णु जी ने गंगा से प्रीतिवश विशेष अनुराग और लगाव दिखाया तो सरस्वती ने मन में ईर्ष्या भाव उत्पन्न हो गया। सरस्वती ने तीनों पत्नियों के प्रति सम्मान अनुरक्ति न रखने के आर्योचित सिद्धान्त की उपेक्षा करने पर और गंगा के प्रति पक्षपात व आसक्ति दिखाने के लिए अपने पति विष्णु जी को खरी झ खोटी सुनाई । सरस्वती गंगा को भी आड़े हाथों लेकर उसे दुर्वचन कहने लगी । विष्णु जी पत्नियों के इस कलह को देखकर प्रासाद से बाहर चले गये। अब तो सरस्वती का क्रोध और भी भड़क उठा , वह गंगा के केश पकड़ने और उसे मारने को लपकी । लक्ष्मी ने बीच में आकर दोनों को शांत करने का प्रयास किया । इस पर सरस्वती ने लक्ष्मी को भी गंगा की सहायिका मानते हुए उनका अपमान किया और उसे बीच में आने के कारण उसे वृक्ष हो जाने का शाप दे दिया। इधर गंगा अपने कारण निरपराधी लक्ष्मी को दण्डित होते हुए देखकर अत्यधिक क्षुब्ध हो उठी और उसने सरस्वती को भूतल पर नदी हो जाने का शाप दिया। सरस्वती भी पीछे नहीं रही , उसने भी गंगा को मृतकों की अस्थिया ढोने वाली नदी बताकर पृथ्वी पर बहने का शाप दिया। जब विष्णु जी अपने पार्षदों सहित लोटे तो उन्हें अपनी पत्नियों के परस्परं कलह और शाप आदि का पूरा पता लगा । विष्णु जी ने लक्ष्मी की शान्त वृत्ति , सहनशीलता और उदारता को देखकर केवल उसे ही पत्नीरूप में अपने पास रखना उचित समझा। विष्णु जी ने गंगा और सरस्वती को त्याग देने का निश्चय कर लिया। वयोग की आवश्यम्भावा स्थिति से व्यथित होकर दोनों ही कातर स्वरों में शापों से शीघ्र निपटने का उपाय पूछने लगी। विष्णु ने उन्हें बताया कि गंगा तो नदी रूप में स्वर्ग , भूलोक और पाताल लोक में त्रिपथा होकर बहेगी और उसका स्थान शिव जटाओं में भी होगा । अंशरूप में ही वह स्वर्ग में मेरी सन्निधि में रहेगी । सरस्वती प्रधान रूप पृथ्वी तल पर रहेगी और अंशरूप में मेरे पास ।

**(क्रमशः)**

# जी हां! आप बहुत याद आयेंगे सलीम दुर्रानी



आर.के.सिन्हा

***सलीम*** दुरानी के बीते रविवार को निधन से भारत ने अपना 1960 और 1970 के दशकों के एक बेहद लोकप्रिय और लाजवाब क्रिकेटर खो दिया। सलीम दुरानी ने गुजरात के जामनगर में आखिरी सांस ली। सलीम दुरानी जब मैदान में होते थे, तो कोई भी लम्हा नीरस नहीं होता था। सलीम दुरानी के लिए मशहूर था कि वे दर्शकों की मांग पर छक्का मारते थे। उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे सफल हरफनमौला क्रिकेटर माना जाता था। दर्शकों की छक्के की मांग को वे फौरन पूरा करते थे। वे राजधानी में सालों राजस्थान की तरफ से रणजी ट्रॉफी के मैच खेलने के लिए करनैल सिंह स्टेडियम में आया करते थे। राजस्थान की उस दौर की टीम में हनुमंत सिंह, लक्ष्मण सिंह तथा कैलाश गट्टानी जैसे स्टार प्लेयर होते थे। हनुमंत सिंह तो सेंट स्टीफंस कॉलेज के स्टूडेंट रहे थे। पर सलीम दुरानी की लोकप्रियता के सामने बाकी सब उन्नीस थे। उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को देखने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लाला अमरनाथ विशेष रूप से स्टेडियम में आया करते थे। लाला अमरनाथ करनैल सिंह स्टेडियम के पीछे पचकुइयां रोड में रेलवे के बंगले में रहा करते थे। उन्हें घर से वसंत लेन होते हुए स्टेडियम पहुंचने में पांच मिनट से अधिक नहीं लगते थे। लाला अमरनाथ कहते थे कि सलीम दुरानी की बैटिंग देखकर दिल खुश हो जाता है। उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता था। उन्हें देखने और उनके आटोग्राफ लेने वालों की लंबी लाइन होती थी। सलीम दुरानी ने भारत के लिए अपना पहला टेस्ट मैच पहली जनवरी, 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला था। दुरानी ने लगभग 13 साल क्रिकेट खेला और भारत का जोरदार प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने खेले गए 29 टेस्ट में 25.04 की औसत से बल्लेबाजी करते हुए 1202 रन बनाये, जिसमें उनके बल्ले से एक शतक और सात अर्धशतक थे। वह एक ऐसे बल्लेबाज थे जो फैंस की मांग पर छक्का लगाया करते थे। इसके अलावा सलीम दुरानी ने गेंदबाजी में भी अपना खूब नाम किया है। उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में 75 विकेट भी झटके हैं। वह एक लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाज थे। सलीम दुरानी ने भारत का सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही प्रतिनिधित्व किया है। सलीम दुरानी ने भारत को साल 1971 में वेस्टइंडीज की सरजमीं पर पहली टेस्ट जिताने में अहम रोल निभाया था। पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में कुछ गेंदों के अंदर ही क्लाइव लॉयड और कप्तान गैरी सोबर्स को सस्ते में आउट कर दिया था। उस मैच की दूसरी पारी में उन्होंने 17 ओवर में सिर्फ 21 रन दिये थे। सलीम दुरानी 1961-62 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज जीत के हीरो रहे थे। उन्होंने कोलकाता और चेन्नई में खेले गये टेस्ट मैच में आठ और 10 विकेट हासिल किए थे। सलीम दुरानी साल 2005 से 2007 के बीच लगातार दिल्ली आने लगे थे। वे वसंत कुंज के एक फ्लैट में रहा करते थे। दरअसल यहां पर उनके नाम पर एक क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित हुई थी। तब उन्हें आयोजकों ने दिल्ली बुलाकर वसंत कुंज में रहने को फ्लैट दे दिया था। सलीम दुरानी दोस्ताना किस्म के इंसान थे। अमूमन उनकी शामें प्रेस क्लब में ही गुजरती थीं। वहां पर उन्हें दोस्त घेरे रहते। वे कैरम भी खेलते और आमतौर पर जीत जाते। उनके पास क्रिकेट की दुनिया से जुड़े तमाम किस्से थे। पर वे राजधानी में क्रिकेट कोचिंग के किसी भी प्रस्ताव को मानने के लिए तैयार नहीं होते थे। यह बात समझ नहीं आई कि सलीम भाई ने कभी कोचिंग क्यों नहीं की। सलीम दुरानी फक्कड़ किस्म के मनुष्य थे। उनके पुराने दोस्तों को याद आ रहे हैं उनके साथ गुजारे यादगार लम्हे। वे प्रेस क्लब में हमेशा बिल देने की जिद करते थे। फिर खुद ही अपने हाथ खींच लेते थे। बाद में बड़ी ही मासूमियत से कहते थे- अच्छा हुआ बिल आपने दे दिया। मेरे पास तो पैसे हैं ही नहीं। सलीम दुरानी का जन्म 11 दिसंबर 1934 को हुआ था।

**लाला अमरनाथ करनैल सिंह स्टेडियम के पीछे पचकुइयां रोड में रेलवे के बंगले में रहा करते थे। उन्हें घर से वसंत लेन होते हुए स्टेडियम पहुंचने में पांच मिनट से अधिक नहीं लगते थे।**

**स्मृति**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

Satyapal Malik
@Satyapalmalik_

ना किसी पार्टी में जाऊंगा, और चुनाव तो बिल्कुल नहीं लड़ूंगा- लेकिन #कांग्रेस #सपा #RLD के पक्ष में 2024 में कैंपेनिंग जरूर करूंगा।

**फेसबुक वॉल से**

**अंग्रेजों से यारी, मुग़लों से खारी**
**कहो कुरेंदर क्यों की थी गद्दारी**
**भगत सिंह तो फाँसी पर गया झूल**
**माफीवीर देश को कैसे गया भूल**
**(स्वामी यूसुफानंद तुकबंदी संग्रह से)**

# एनसीईआरटी का विरोध करना कितना उचित है?



डॉ. रवींद्र प्रताप सिंह

***जब*** से एनसीईआरटी ने इतिहास विषय में एक्सपर्ट कमेटी के सलाह पर बदलाव करने का फैसला किया है तब से वामपंथ और कांग्रेस विचारधारा से प्रभावित अकादमिक गुट सक्रिय हो गया है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। ऐसा ही माहौल तब भी तैयार किया गया था जब डॉ. मुरली मनोहर जोशी मानव संसाधन विकासमंत्री थे। इस समय इतिहास विषय में भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को आतंकवादी आंदोलन के नाम से पढ़ाया जा रहा था। डॉ. जोशी के कार्यकाल में एनसीईआरटी ने इतिहास से आतंकवादी शब्द को हटाने का निर्णय लिया था। इसके साथ ही बहुत से भ्रामक तथ्य जानबूझकर गलत तरीके से इतिहास विषय के रूप में बच्चों को पढ़ाए जा रहे थे। इसका एकमात्र उद्देश्य यह था कि नई पीढ़ी हमेशा कांग्रेस और गांधी को देश की आजादी के आंदोलन का अगुवा और मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को साम्प्रदायिक शक्तियों के रूप में समझे। एनडीए प्रथम सरकार के कार्यकाल में एनसीईआरटी के इतिहास पाठ्यक्रम में बदलाव भी किया गया। इसके बाद दुर्भाग्यवश एनडीए सरकार सत्ता में वापसी नहीं कर पाई और कांग्रेस समर्थित सरकार ने सत्ता में आते ही उसी पुराने इतिहास के सिलेबस को फिर से लागू कर दिया। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यदि देश में एक खिचड़ी गठबंधन सरकार ने अपने अधिकारों के प्रयोग कर पूर्ववर्ती सरकार के फैसले को बदला तो एक पूर्ण बहुमत की सरकार जिसको देश ने दोबारा प्रचंड बहुमत दिया है उसने एक्सपर्ट कमेटी की सलाह पर अगर कुछ बदलाव किए भी हैं तो इसपर इतना हंगामा खड़ा क्यों किया जा रहा है। वास्तव में जैसे-जैसे इतिहास विषय में नये शोध के माध्यम से नई-नई जानकारियां निकल कर आ रही हैं उससे वामपंथी इतिहासकारों और कांग्रेस शासन के गठजोड़ की कूटरचित इतिहास की परतें खुलती जा रही हैं। इससे भारत विभाजन में कांग्रेस की साम्प्रदायिक राजनीति का काला अध्याय और वामपंथियों के सोवियत संघ समर्थित राजनीति की असलियत सामने भी आने लगी है। वास्तव में यह विरोध इतिहास विषय से कुछ चैप्टर को हटाने से कहीं ज्यादा देश के ऊपर थोपे गये तथ्यहीन इतिहास पर कठघरे में खड़ा होने से बचने का है। प्रोफेसर ई.एच. कार ने अपनी पुस्तक 'इतिहास क्या है' में लिखा है कि इतिहास की व्याख्या समय के साथ उद्घाटित होने वाले तथ्यों और सूचनाओं के आलोक में परिवर्तनशील है। जैसे-जैसे नये तथ्य एवं जानकारियां जुड़ते जायेंगे वैसे-वैसे ही इतिहास की व्याख्या और विषयवस्तु में परिवर्तन होता रहेगा। प्रोफेसर बिपन चन्द्रा ने भी स्वीकार किया है कि कोई भी इतिहासकार अपने इतिहास लेखन को सार्वभौमिक होने का दावा नहीं कर सकता। प्रोफेसर कालिंगवुड ने अपनी पुस्तक 'आइडिया ऑफ हिस्ट्री' में लिखा है कि सम्पूर्ण इतिहास किसी भी इतिहासकार के वैचारिक अभिव्यक्ति का इतिहास है जो यह दर्शाता है कि वह इतिहास को और उसके तथ्यों को किस रूप में देखता है। लेकिन जब कोई विद्वान किसी राजनीतिक दल और विचारधारा के समर्थक के रूप में कार्य करने लगता है तो फिर वह जानबूझकर लोगों को अपने अकादमिक आभामंडल के प्रभाव से विचलित करने का प्रयास करता है। दुनिया भर का नैसर्गिक प्राचीन इतिहास कबीलों से शुरू होता है। यूरोपीय देश खासकर यूनानी आज भी मैग्नास्पार्टा को अपने इतिहास को राष्ट्रीय धरोहर मानते हैं, लेकिन भारत का प्राचीन इतिहास सिन्धु नदी घाटी की विश्वप्रसिद्ध नगरीय सभ्यता से आरंभ होकर आर्यों के कबीलाई इतिहास की ओर बढ़ता है। क्या यह किसी भी मानव सभ्यता के इतिहास का शुरूआती चरण हो सकता है जो गांव और कबीलों के बसने से पहले नगरीय सभ्यता बन गई हो ? बिलकुल भी नहीं और न ही दुनिया के किसी भी इतिहास में कोई एक भी उदाहरण उपलब्ध है।

**एनसीईआरटी ने इतिहास से आतंकवादी शब्द को हटाने का निर्णय लिया था। इसके साथ ही बहुत से भ्रामक तथ्य जानबूझकर गलत तरीके से इतिहास विषय के रूप में बच्चों को पढ़ाए जा रहे थे।**

**विरोध के नाम पर**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## NEWS इन ब्रीफ

### मधुमक्खी के काटने से अधेड़ की मौत

**कुंदा(चतरा)।** सोमवार को कुंछा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत इचातु गांव निवासी 46 वर्षीय प्रेम यादव की मौत मधुमक्खी काटने से हो गई। परिजनों के अनुसार प्रेम महुआ चुनने जंगल गया था इसी दौरान किसी कारण वश मधुमक्खीओं ने हमला बोल दिया, परिजनों को जब इसकी सूचना हुई तो आनन-फानन में उन्हें प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### श्रम मंत्री ने कार्य का किया शुभारंभ

**चतरा।** राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने सोमवार को नगरपरिषद क्षेत्र अंतर्गत हेरू डैम पहुंच गहरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। मौके पर नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, समाजसेवी चन्द्रिका यादव, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, संवेदक प्रवीणचंद पाठक, मुखिया गुड्डु दुबे आदि मौजूद थे।

### खाने के सामान और शिक्षण सामग्री बांटी

**लातेहार।** लातेहार शहर के शहीद चौक में स्थित जया फैमिली रेस्ट्रो के पांच साल पूरे होने पर संचालक सागर कुमार ने अनाथालय में बच्चों के बीच खाने के सामान व शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर गौरव अग्रवाल, शशि कुमार, धीरज कुमार, गजेंद्र कुमार, आशीष कुमार व सोनू आदि मौजूद रहे।

### सेविकाओं के बीच सिलेंडर का वितरण

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरक परिसर में सोमवार को प्रखंड के 70 आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरक के संचालक मुंशी साव न यह जानकारी दी। मौके पर आजसु प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम, एजेंसी मैनेजर धर्मेन्द्र साव, जितेंद्र पासवान, केदार प्रसाद, गौतम पासवान आदि मौजूद थे।

### राजस्व कर्मियों ने दिया योगदान

टंडवा (चतरा)। टंडवा अंचल में पदस्थापित राजस्वकर्मियों ने सोमवार को अंचल अधिकारी विजय कुमार दास के समक्ष सोमवार को योगदान दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंचल क्षेत्र के कुल 9 हल्कों में से 7 में राजस्व कर्मचारियों क्रमशः सर्वेश कुमार सिंह, अभय रंजन, इंद्र कुमार,कृष्णा प्रसाद दांगी, शिव कुमार मंडल, अंबिका रजक एवं रोहित कुमार को जिम्मेवारी दी गई है। बचे दो हल्कों के लिए संबंधित कर्मचारियों को हीं अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। मौके पर सीओ श्री दास ने मौजूद राजस्व कर्मियों को पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिया।

# सदर अस्पताल में एसडीएम शेखर कुमार के नेतृत्व में हुआ मॉकड्रिल

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में सोमवार लातेहार सदर अस्पताल में एसडीएम शेखर कुमार, सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार व उपाधीक्षक डा. अरविंद कुमार की उपस्थिति में मॉक ड्रिल किया गया। अस्पताल में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, आईसीयू बेड, मैन पावर समेत जरूरी दवाओं के स्टॉक का जायजा लिया गया। मॉक ड्रिल में एक डमी कोरोना संक्रमित मरीज की जानकारी मिलते ही उसे एंबुलेंस से अस्पताल लाकर इमरजेंसी में भर्ती कराने, जांच करने और तत्काल इलाज शुरू करने के लिए उपलब्ध संसाधनों को परखा गया।



इसके अलावा ऑक्सीजन प्लांट, कोरोना वार्ड, वैंटिलेशन रूम, आईसीयू वार्ड में कमी को दूर करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। इस मौके पर डा. अखिलेश्वर प्रसाद, डा. नीलमणी कुमार, डीपीएम वेद प्रकाश, राजदेव कुमार, राजीव कुमार, अनुदीपा कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे। **बरवाडीह** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविड से संबंधित तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष रंजन की देखरेख में मॉक ड्रिल का सफल संचालन किया गया। वहीं **बारियातु** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में सीएचसी प्रभारी सुरेश राम के नेतृत्व में मॉक ड्रिल किया।

## श्रम मंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सोमवार को जिले के सदर अस्पताल पहुंच स्वास्थ्य व्यवस्था का जायजा लिया। मंत्री श्री भोक्ता ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और चिकित्सकों को साफ-सफाई, पेयजल, दवाई और नियमित चिकित्सकों की उपस्थिति आदि को लेकर कई अहम सुझाव व निर्देश दिए। मौके पर कोरोना महामारी जैसे बीमारी से निपटने हेतु अस्पताल में अधिष्ठापीत पीएसए प्लांट के मॉक ड्रिल में भी शामिल हुए। इसके पश्चात सेंट्रल कॉल फील्ड लिमिटेड टंडवा द्वारा जिला प्रशासन को प्राप्त चार एंबुलेंस को सदर अस्पताल से मंत्री ने सिमरिया, प्रतापपुर, लावालौंग व कुंदा प्रखंडवासियों के सेवा में 4 अत्याधुनिक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, अस्पताल अधीक्षक डॉ. श्यामनंदन सिंह आदि मौजूद थे।



## चतरा पुलिस की कार्रवाई, नकली शराब फैक्टरी का उद्भेदन

# दस लाख की जहरीली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले की झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सालवत गांव निवासी जगलाल गंझू के घर में संचालित अवैध नकली शराब फैक्ट्री का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए करीब दस लाख रुपये की नकली शराब की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। हालांकि पुलिस कार्रवाई के दौरान गिरोह का माफिया फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्राई स्टेट बिहार के विभिन्न जिलों में अवैध आपूर्ति की नियत से निर्मित अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप की सूचना एसपी राकेश रंजन को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने कार्रवाई की। पुलिस निरीक्षक पांडेय ने बताया कि गांव से सटे सुनसान घर में अवैध शराब फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। मौके से रॉयल स्टैग कंपनी का 375 एमएल का 24 बोतल नकली शराब, मैकडॉवेल कंपनी का 375एमएल का 24 बोतल, इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375 एमएल का 120 बोतल, स्टर्लिंग रिजर्व बी 7 कंपनी का 375 एमएल का 48 बोतल, विभिन्न अंग्रेजी शराब कंपनियों के 25 सौ से अधिक ढक्कन, रॉयल चौलेंज कंपनी का 250 रेपर व स्टीकर, स्टर्लिंग रिजर्व बी 7 कंपनी का 750 रैपर व स्टीकर, रॉयल स्टैग कंपनी का एक हजार रैपर व स्टीकर, 21 जार में बंद अर्ध निर्मित 630 लीटर नकली जहरीली शराब, शराब स्टॉक के लिए रखा 30 ब्लू रंग का खाली जार, 38 अलग-अलग प्लास्टिक बोरा में बंद विभिन्न आकार की 1900 शराब की खाली बोतलें और 700 ग्राम केमिकल युक्त पदार्थ जप्त किया गया है। आगे बताया कि अंतर्राज्यीय शराब तस्करों द्वारा जगलाल गंझू के खपरैल घर को किराये पर लेकर फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। मौके से राजपूर थाना क्षेत्र निवासी तस्कर चंदन कुमार और जगलाल गंझू को गिरफ्तार किया गया है। जंबी संचालक माफिया राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी धर्मेंद्र दांगी मौके से फरार हो गया। सरगना की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। अभियान में थाना प्रभारी गुलाम सरवर समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



झारखंड-बिहार सीमा पर दस लाख की जहरीली शराब के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार करने और नकली शराब की फैक्टरी के बारे में प्रेसवार्ता कर जानकारी देती पुलिस।

### संवेदक सार्वजनिक स्थल से मिट्टी खुदाई से ग्रामीणों में आक्रोश

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर-कठौतिया रेलवे नेक लाईन के निर्माण कार्य के लिए संवेदक द्वारा फुलवरिया गांव के श्मशान घाट की मिट्टी खोदने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस बावत उपायुक्त को ग्रामीणों ने आवेदन देकर अविलंब कार्रवाई की मांग की है। बीते दिनों बैदबिघा गांव में भी रेलवे निर्माण कार्य में जुटी कंपनी राजा कंस्ट्रक्शन द्वारा अवैध तरीके से मिट्टी व मोरम खनन करने का मामला प्रकाश में आया था।

वहीं विभागीय स्तर से समुचित कार्रवाई नहीं होने के कारण निर्माण कार्य में लगे संवेदकों का मनोबल सातवें आसमान पर है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में फुलवरिया गांव के ग्रामीणों ने स्थानीय स्व. रामनंदन तिवारी के वंशजों पर संवेदकों से सांठगांठ व अवांछित लाभ प्राप्त कर करीब 5 से 6 एकड़ सार्वजनिक छठ व श्मशान घाट क्षेत्र का गैरमजरूआ भूमि में मोरम-मिट्टी खनन कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की मानें तो संवेदक द्वारा जहां-तहां 10 से 15 फीट की गहराई तक खुदाई बरसात के दिनों में पशुओं व आमजनों के लिए जानलेवा साबित होगा। जिसके लिए संवेदक व संलिप्त माफियाओं के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन देने वालों में प्रमोद सिंह, अर्जुन प्रजापति, मनेजर उरांव, रामानुज तिवारी, वकील उरांव, मुकेश कुमार, अजय सिंह, कुन्दन सिंह आदि शामिल रहे।

## एसबीआई शाखा के सामने से बाइक चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी(चतरा)**

जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र में चोर गिरोह इन दिनों पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में बाइक चोरी की घटनाएं थाना क्षेत्र में इन दिनों बढ़ गयी है। ताजा मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत इटखोरी चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक के समीप का है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत रोमी निवासी अरबिंद कुमार ने बताया कि रविवार देर शाम कैलाश प्रजापति बाइक जेएच 02 एजी 6843 भारतीय स्टेट बैंक के समीप लगाकर कुछ खरीदारी के लिए गए हुए थे। खरीदारी कर लौटे तो वहां से बाइक गायब था। खूब खोजा लेकिन नही मिला। जब वहां दुकान में सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया तो अज्ञात चोर मोटरसाइकिल चोरी कर फरार होते दिखे। बताते चलें कि 31 अगस्त 2021 को आजीविका सखी समूह की महिला सदस्य से एक लाख 94 हजार रुपए दिनदहाड़े बाइक सवार दो लुटेरे रुपये से भरा बैग महिला के हाथ से छीन कर फरार हो गए थे। वही एक सप्ताह बाद दूसरी घटना मोटरसाइकिल की डिक्की में रखे 50 हजार रुपये चोरों द्वारा चोरी कर ली गई थी। लेकिन चोर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। ज्ञात हो की जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए होने के बावजूद थाना क्षेत्र सहित आस-पास के इलाकों में दोपहिया वाहन चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही। हाल यह है कि दुकान, मकान, सरकारी कार्यालय सहित किसी भी जगह से बाइक चोरी हो जाती है। सीसीटीवी कैमरे लगे होने का जरा सा भी भय चोरों में नहीं दिखा रहा।

## स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिखा लकड़बग्घा, दहशत

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड परिसर में रविवार की देर शाम लकड़बग्घा देखे जाने से लोग आश्चर्यचकित होने के साथ ही दहशत में हैं। ढाई माह पहले भी स्वीट पैलेस के प्रो. राजू प्रसाद ने इस परिसर के समीप लकड़बग्घे को देखा था। बाद में डरे सहमे लोगों के द्वारा इसकी जानकारी महुआडांड वन विभाग के कर्मियों को दी गई। जानकारी मिलते ही वनकर्मी संजीव कुमार पांडेय एवं श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व में वनकर्मी परिसर स्थित वर्षों से अधुरे पड़े अर्धनिर्मित भवन, जो कि जंगल में परिवर्तित हो गया है, उसमें सघन अभियान चलाये। इस दौरान वनकर्मियों ने देखा कि अर्धनिर्मित भवन में गुफा नुमा खोह बना हुआ है। साथ ही कोई मांसाहारी जानवर के द्वारा खाये गए जानवर (सुअर एवं कुत्ता) का अवशेष मौजूद है। वनकर्मी पांडेय ने बताया कि इस बात से इनकार नही किया जा सकता है कि कोई जंगली जानवर यहां आता है। सो सही जानकारी के लिए ट्रैकर कैमरा भी लगाया गया है।



### कोविड 19 के मरीज को भेजा गया रिम्स

**बालूमाथ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच के द्वारा एक व्यक्ति कोरोना पॉजीटिव पाया गया। इस संबंध में चिकित्सक अमरनाथ प्रसाद ने बताया कि बारियातु थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत बचरा ग्राम निवासी एक व्यक्ति उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जिसे सर्दी खांसी बुखार था संदेह होने पर व्यक्ति का कोविड-19 जांच कराई गई जिसमें वह संक्रमित पाया गया। संक्रमित व्यक्ति को सुरक्षित वाहन से रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। उन्होंने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। सभी लोग सावधानी बरतें। किसी भी व्यक्ति को सर्दी खासी बुखार हो तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आकर अपना कोविड-19 की जांच कराए।

## जंगलों में आग से नष्ट हो रहे पेड़ पौधे, वन संपत्तियों को नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नवनिर्मित सरयू प्रखंड के वन क्षेत्रों में इन दिनों महुआ चुनने के उद्देश्य से घने जंगलों को आग के हवाले कर दिया जा रहा है, जिससे वन संपत्ति जल कर राख हो रही है।

वहीं एक तरफ जंगल बचाव को लेकर वन विभाग द्वारा हर एक वर्ष गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उसके बावजूद भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। लोग अपने फायदे के लिए जंगलों में आग लगा दे रहे हैं। इससे अनेक प्रकार की औषधि जड़ी-बूटी और पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो रहे हैं। इसके साथ ही जीव जंतु इससे प्रभावित हो रहे हैं। जंगल में आग लगने से कितने वन प्राणी घोसले सहित आग की लपेटे में समा जाते हैं। बताया जाता है कि जंगलों में आग लगने से वन प्राणी जंगलों से भटक कर शिकारियों के चंगुल में फस जाते हैं और उन्हें शिकार कर लिया जाता है। वहीं पेड़-पौधे जल जाने से वन प्राणियों के साथ-साथ अन्य जीवों को शुद्ध वातावरण के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



### युवक ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**महुआडांड।** प्रखंड की चंपा पंचायत के ग्राम पुटरूंगी में रूपेश टोप्पो (25) पिता ईरन्यूस टोप्पो ने गांव के बगल में ही आम के पेड़ में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है। गांव वालों और उसके घर वालों के अनुसार रात में खाना खाने के बाद रुपेश टोप्पो अचानक अपने घर से निकल गया और निकलने के बाद रात भर आया ही नहीं। सुबह गांव वालों ने उसका शव आम के पेड़ में लटकता हुआ पाया। थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। आत्महत्या के कारणों का जल्द ही पता लगा लिया जाएगा।

## बैठक : 100 वर्ष पूरे होने पर समारोह मनाएगी यादव महासभा

# शहीदों के खून से सनी मिट्टी दिखाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के पिंडारकोम ग्राम में अखिल झारखंड प्रांतीय यादव महासभा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान महासभा के 100 वर्ष पूरा होने पर आगामी 30 अप्रैल को शताब्दी समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें रेन्जागला युद्ध में शहीद हुए 114 यदुवंशी के खून से सनी मिट्टी कलश में लेकर यादव महासभा जिला की सभी पंचायतों में बैठक कर शहीदों के खून से सना मिट्टी को दिखाई गई।



मौके पर बिरेंद्र यादव,प्रीतलाल यादव, चंद्रमोहन यादव,प्रदूम यादव,मनोज यादव, कुलदीप यादव, रामेश्वर यादव, रामकुमार यादव, हरिहर यादव, प्रकाश यादव, संतोष यादव, पंकज यादव, दसरथ यादव, जितेंद्र यादव, दिलमणि यादव, विकाश यादव, दिलीप यादव, महादेव यादव, देवनानद यादव, दीपक यादव, संजय यादव, नागदेव यादव, उपेंद्र यादव,झमेंद्र यादव,सुरेश यादव,फुलदेव यादव, जगत नारायण यादव, गणेश यादव, आदित यादव, मुकेश यादव, सीताराम यादव, रघु यादव,काली यादव, दिलेश्वर यादव, काबलू यादव, कामेश्वर यादव, मिथुन यादव, अनिल यादव, संतराज यादव, यशोदा यादव सहित कई यादव महासभा के लोग उपस्थित रहे।

### स्किल्स ऑन व्हील्स रथ को फीता काटकर किया गया रवाना

**लातेहार।** जिला प्रशासन के तत्वाधान में समाहरणालय परिसर से उपायुक्त भोर सिंह यादव ने फीता काट कर स्किल्स ऑन व्हील्स रथ को रवाना किया। इस रथ के माध्यम से कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के बारे में पर्याप्त और सही जानकारी को बढ़ावा देने और युवाओं के बेहतर भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किया जाएगा। यह रथ जिले के स्कूलों में जागरूकता लाने के साथ ही कौशल शिक्षा का प्रचार करेगा। स्कूल के छात्रों के लिए व्यावसायिक कौशल के चार सेट - बुनियादी इंजीनियरिंग, ऊर्जा और पर्यावरण, बागवानी और कृषि और गृह और स्वास्थ्य विज्ञान में कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे। स्किल ऑन व्हील्स रथ के माध्यम से स्कूल के छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक कौशल के चार सेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मनिका : कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए पूर्व सीएम बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

मनिका प्रखंड स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के आवास पर कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पहुंचे। यहां हरिकृष्णा सिह के नेतृत्व में श्री मरांडी का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत में जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, छोटू राजा,मोती सोनी, सुशील अग्रवाल, पंकज सिंह, सुनील कुमार, भरत प्रसाद, बबन पासवान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल थे।

बाबूलाल मरांडी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हेमंत सरकार की विफलता झारखंड के लिए अभिशाप हो चुका है। जनता दुखी पीड़ित हो चुकी है। इसे लेकर 11 अप्रैल को रांची सचिवालय घेराव का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी को आग्रह किया।जिले में जमीनी समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि जमीन की समस्या नहीं होनी चाहिए। एनएच के द्वारा भूमि अधिग्रहण जमीन का जो किया जा रहा है फोर लाईन पथ के लिये उसमें बंदोबस्त जमीन जो 60.70 बर्ष से रशिद कट रही है उसको भी मुआवजा की श्रेणी में नहीं रखा गया है जिससे किसान दुखित है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कहा की ऐसे रैयत लोगों को हर हाल में मुआवजा मिलना चाहिए। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह,भाजयुमो जिलाध्यक्ष छोटू राजा,महेश सिंह,प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित राज, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने तीन लंबित विधेयकों को दी मंजूरी

**हैदराबाद।** राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन के पास लंबित विधेयकों के मामले में तेलंगाना सरकार के उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के बाद राज्यपाल ने तीन विधेयकों को मंजूरी दे दी है जबकि दो अन्य विधेयकों को राज्य सरकार को लौटा दिया है। राज्यपाल ने दो अन्य विधेयकों को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति भवन भेजा है जबकि तीन अन्य को अपने पास लंबित रखा है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राज्यपाल ने किन तीन विधेयकों को मंजूरी दी है, किन दो को राज्य सरकार को वापस लौटाया है और किन दो को राष्ट्रपति भवन भेजा है।

### एयर इंडिया की लंदन जा रही फ्लाइट में यात्री ने की बदसलूकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में सोमवार को एक यात्री के गंभीर दुर्व्यवहार के कारण पायलट विमान को बीच रास्ते से वापस ले आया। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 111 ने दिल्ली से लंदन के हिथ्रो हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही वापस आ गई। आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। आरोप है कि उसने दुर्व्यवहार किया और दो केबिन क्रू को चोट पहुंचाई। अधिकारियों ने बताया कि मौखिक और लिखित चेतावनी के बाद भी आरोपी ने तमाशा जारी रखा। इस कारण पायलट को विमान को दिल्ली वापस लाना पड़ा। बाद में आरोपी को सुरक्षा अधिकारियों के हवाले कर समुचित कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा : ट्विटर भारी दुख का स्रोत

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने उड़ीसा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एस. मुरलीधर के खिलाफ अपने ट्वीट के लिए सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से माफी मांगी। कोर्ट ने कहाः वह कहते हैं कि न्यायपालिका की संस्था के लिए उसके मन में अत्यधिक सम्मान है और वह जानबूझकर अदालत की महिमा को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं रखते थे। उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस वापस लिया जाता है। उन्हें कथित अवमाननाकर्ता के रूप में छुट्टी दे दी गई है। इसमें कहा गया है कि ट्विटर भारी दुख का स्रोत बन गया है। अदालत ने अग्निहोत्री को भविष्य में सावधान रहने की भी चेतावनी दी।

आरटीआई के जवाब में सरकार ने कहा

# भारत-चीन के बीच सामान्य रूप से परिभाषित कोई 'एलएसी' नहीं

### पुणे के व्यवसायी ने गृह मंत्रालय से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के बारे में मांगी थी जानकारी

**एजेंसी। मुंबई**

भारत और चीन के बीच अपने-अपने क्षेत्रीय अधिकारों को लेकर बढ़ती झड़पों के बीच एक आरटीआई के जवाब में सरकार ने कहा कि दरअसल दोनों देशों के बीच कोई 'वास्तविक नियंत्रण रेखा' नहीं है। पुणे के व्यवसायी प्रफुल्ल सारदा द्वारा सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में सरकार ने यह बात कही है। सारदा ने गृह मंत्रालय से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के बारे में जानकारी मांगी थी। गृह मंत्रालय ने बाद में उनकी आरटीआई को विदेश मंत्रालय के पास भेज दी थी।

आरटीआई का जवाब अचंभित कर देना वाला है। इसमें कहा गया हैः भारत और चीन के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में सामान्य रूप से परिभाषित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) नहीं है। सरकार ने अपने अप्रैल 2018 के जवाब में स्वीकार किया कि समय-समय पर एलएसी की धारणा में अंतर के कारण जमीनी स्तर पर ऐसी स्थितियां उत्पन्न हुईं जिन्हें टाला जा सकता था, यदि हमारे पास एलएसी की एक आम धारणा होती।

सरकार ने कहा कि वह सीमा पर तैनात जवानों की बैठकों, फ्लैग मीटिंग, भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श एवं संयोजन कार्य प्रणाली की बैठकों तथा राजनयिक चैनलों के माध्यम से नियमित रूप से एलएसी के उल्लंघन का मसला उठाती रहती है। सारदा का कहना हैः भारतीय जनता पार्टी सरकार दावा करती रही है कि उसने अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख क्षेत्र में चीनी घुसपैठ से देश की रक्षा की है। जब वह स्वयं मानती है कि दोनों पक्षों को स्वीकृत कोई एलएसी नहीं है, तो फिर उसने किन क्षेत्रों को सुरक्षित किया है और वर्तमान में वास्तविक जमीनी स्थिति क्या है?

दिलचस्प बात यह है कि बहुत बाद में थल सेना मुख्यालय ने आरटीआई अधिनियम के सेक्शन 8(1)(ए) के तहत छूट का हवाला देते हुए एलएसी पर युद्ध विराम के उल्लंघन और जून 2017 के डोकलाम संघर्ष की जानकारी देने से इनकार कर दिया था। आरटीआई अधिनियम के इस सेक्शन के अनुसार, सरकार नागरिकों को ऐसी कोई भी सूचना देने के लिए बाध्य नहीं है जिसके प्रकटीकरण से भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, रणनीतिक, वैज्ञानिक या आर्थिक हितों, विदेशी राज्य के साथ संबंध पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े या किसी अपराध को उकसावा मिले।

#### 3500 किलोमीटर लंबी है एलएसी विवादित भारत-चीन सीमा

**एलएसी** पर हाल में हुई झड़पों में शामिल हैं - डोकलाम (जून 2017), गलवान घाटी में झड़पें (जून 2020) जिसमें मौत की खबरें हैं, सिक्किम के पास झड़पें (जनवरी 2021), हवाई गोलाबारी के आरोप (सितंबर 2021) और तवांग में घमासान (दिसंबर 2022) जिसमें कुछ सैनिक घायल हुए थे। विवादित भारत-चीन सीमा 3500 किलोमीटर लंबी है। इसमें निर्विवादित मैकमोहन रेखा भी शामिल है। चीन से जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख



#### 2004-2013 के बीच लगभग 320 बार युद्ध विराम का उल्लंघन

**सारदा** ने कहाः जहां तक भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा (एलओसी) का संबंध है, सरकार ने संप्रग सरकार के समय 2004-2013 के बीच लगभग 320 बार युद्ध विराम के उल्लंघन की बात स्वीकार की है। यह संख्या 2014 से फरवरी 2021 के बीच बढ़कर 11,625 हो गई। इसी तरह भारत-चीन के बीच एलएसी पर युद्ध विराम उल्लंघन के आंकड़ों के बारे में जनता और संसद को जानकारी क्यों नहीं दी जा सकती। भारत-चीन सीमा पिछले पांच साल से चिंता का सबब बना हुआ है। दोनों देशों की सेनाओं में कई बार झड़प हो चुकी है जिसमें कुछ सैनिक शहीद भी हुए हैं। पूरा विश्व चिंतित है कि कहीं दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी वाले परमाणु हथियार से लैस देशों के बीच युद्ध न छिड़ जाए।

गहलोत-पायलट विवाद

# एक्शन मोड में कांग्रेस नेतृत्व

**एजेंसी। जयपुर**

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर भ्रष्टाचार के आरोपों के खिलाफ गहलोत सरकार की निष्क्रियता के विरोध में एक दिवसीय उपवास की घोषणा के बाद उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस एक कार्य योजना के साथ तैयार होती दिख रही है। पार्टी के राजस्थान प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा के एक-दो दिन में राज्य का दौरा करने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पायलट द्वारा सीएम को भेजे गए पत्रों की भी मांग की है। रंधावा ने पायलट द्वारा की गई कार्रवाई को जल्दबाजी में उठाया गया कदम करार दिया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पायलट ने कभी भी उनके साथ सीएम द्वारा उनके पत्रों का जवाब न दिए जाने के मुद्दे पर चर्चा नहीं की है। पायलट ने अशोक गहलोत पर नए सिरे से



हमला किया है और विरोध प्रदर्शन की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब चुनाव कुछ ही महीने दूर है। पायलट ने तत्कालीन भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए सीएम गहलोत के पुराने वीडियो चलाए। पायलट ने इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के दौरान जनता के सामने आने से पहले इस मुद्दे पर कार्रवाई के लिए कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार पर दबाव बनाने के लिए 11 अप्रैल को एक दिन का उपवास रखने की घोषणा की है।

उन्होंने जयपुर में मीडियाकर्मियों से कहाः जब हम विपक्ष में थे तब कथित भ्रष्टाचार के तथ्य और सबूत हमारे पास आ रहे थे, मुझे लगता है कि वे हमारे सरकार बनने के बाद भी मौजूद हैं। पायलट राजस्थान राज्य कांग्रेस के प्रमुख थे, जब उन्होंने गहलोत के साथ राजे के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामलों की बात कही, जिसमें तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा खानों के आवंटन में 45,000 करोड़ रुपये का घोटाला शामिल था। उन्होंने अपनी ही सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की याद दिलाई और कहा कि मेरे सुझाव के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार राज्य में आबकारी, खनन और भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रही और ललित मोदी हलफनामा मामले में भी, जो पूर्व आईपीएल प्रमुख के उपक्रमों में कथित रूप से वसुंधरा राजे निवेश से संबंधित था।

### असम में बांग्लादेशी 'एजेंट' गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि असम पुलिस ने कछार जिले से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर लोगों को अवैध रूप से देश में लाने के लिए एक एजेंट के रूप में काम कर रहा था। रविवार रात गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान यासीन अराफात उर्फ मसूद हसन के रूप में हुई है। कछार जिले के पुलिस अधीक्षक नुमल महतो ने आईएएनएस को बतायाः स्पेशल ब्रांच ने एक दिन पहले गुवाहाटी में कई अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था।

# भारत ने ब्रिटेन के साथ व्यापार वार्ता रोकी

### उच्चायोग पर सिख चरमपंथी समूह के हमले का विरोध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले महीने खालिस्तानी समूहों द्वारा लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमलों को लेकर भारत ने यूनाइटेड किंगडम के साथ व्यापार वार्ता को रोक दिया है। द टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 19 मार्च को हुई घटना की निंदा करने में ब्रिटेन की विफलता पर नाराजगी व्यक्त की है। द टाइम्स की रिपोर्ट ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से कहाः भारतीय तब तक व्यापार के बारे में बात नहीं करना चाहते जब तक कि ब्रिटेन खालिस्तानी चरमपंथ की निंदा सार्वजनिक रूप से नहीं करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन बातचीत को फिर से शुरू करने का इच्छुक है और इसके लिए वह सिख चरमपंथियों और खालिस्तानी समूहों पर नकेल कसने की योजना बना रहा है, जो हमलों के लिए जिम्मेदार थे। यह घटना 19 मार्च को हुई थी।

# धर्मगुरु दलाई लामा ने मांगी माफी

**एजेंसी। धर्मशाला**

एक कथित विवादित वीडियो के वायरल होने के बाद विश्व स्तर पर प्रशंसित तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने सोमवार को लड़के और उसके परिवार के साथ-साथ दुनिया भर में लोगों से माफी मांगी। दलाई लामा के हवाले से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, दलाई लामा मासूम और चंचल तरीके से अक्सर उन लोगों को चिढ़ाते हैं, जिनसे वे मिलते हैं। यहां तक कि सार्वजनिक रूप से और कैमरों के सामने भी चिढ़ाते हैं। उन्हें घटना पर खेद है।



दरअसल, वीडियो क्लिप इंटरनेट पर वायरल हो रही है। जिसमें एक बच्चे ने दलाई लामा से पूछा क्या वह उन्हें गले लगा सकता है। इसके बाद दलाई लामा उस लड़के को दर्शकों और उसके माता-पिता के सामने जीभ को सक करने के लिए कहते हैं। इस वीडियो को लेकर दुनिया भर में हंगामा मचा हुआ है। दलाई लामा को हाल ही में फेयर शेयर फॉर चिल्ड्रन समिट में बोलते हुए उद्धृत किया गया था, मेरी सलाह या बल्कि बच्चों से अपील है कि सामाजिक विषमता को कम करने पर ध्यान दें। कोई समाजवादी है या नहीं, उसे मानवता की अधिक भलाई के लिए सोचना चाहिए। दलाई लामा के समर्थकों का कहना है कि तिब्बती परंपरा के अनुसार अपनी जीभ बाहर निकालना सम्मान या समझौते का प्रतीक है और पारंपरिक तिब्बती संस्कृति में अक्सर इसका इस्तेमाल अभिवादन के रूप में किया जाता है।

तिब्बती लोककथाओं के अनुसार, नौवीं शताब्दी के एक क्रूर तिब्बती राजा की काली जीभ थी, इसलिए लोग यह दिखाने के लिए अपनी जीभ बाहर निकालते हैं कि वे उसके जैसे नहीं हैं। इस रिवाज का एक लंबा इतिहास रहा है।




### सिब्लिंग्स डे : अथिया ने भाई अहान के साथ अनदेखी तस्वीर की साझा

**सिब्लिंग्स** डे के मौके पर एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने अपने भाई अहान शेट्टी के साथ अपनी शादी की एक अनदेखी तस्वीर शेयर की है। अथिया द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में अहान उनका हाथ पकड़ते हुए गलियारे में टहलाते हुए दिखाई दे रहे है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखाः हमेशा मुझे रास्ता दिखाने वाला। अथिया और केएल राहुल की इस साल की शुरुआत में शादी हुई थी। अथिया ने 2015 में 'हीरो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह आखिरी बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ 'मोतीचूर चकनाचूर' में नजर आई थीं।



### मैं आज जहां हूं, वहां पहुंचने में मुझे 22 साल लग गए : रूपाली गांगुली



**लोकप्रिय** शो 'अनुपमा' में मुख्य भूमिका निभाने वाली रूपाली गांगुली का कहना है कि इस शो ने उन्हें काफी सम्मान और शोहरत दी है। इस शो से वह पर्दे पर सबसे प्यारी बहू, पत्नी और मां बन गई हैं। शो का हिस्सा बनने के बाद उन्हें मिली सफलता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, आज मैं जिस जगह पर हूं, वहां पहुंचने में मुझे 22 साल लग गए। एक दूसरे से अलग-अलग जॉनर वाले कई शो का हिस्सा होने के साथ मेरा सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। लोग मुझे मेरे असली नाम से बुलाने के बजाय अक्सर अनुपमा कहकर बुलाते हैं, जिससे मुझे गर्व महसूस होता है। 1885 में अपने पिता अनिल गांगुली की फिल्म 'साहेब' में 7 साल की उम्र में अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली रूपाली ने 2004 के सिटकॉम 'साराभाई बनाम साराभाई' में मोनिशा की भूमिका निभाकर टेलीविजन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई थी। बाद में, उन्होंने 'बा बहू और बेबी', 'परवरिश- कुछ खट्टी कुछ मीठी', 'संजीवनी' और कई और शो में अभिनय किया। अब, अनुपमा के किरदार ने उन्हें टीवी का एक लोकप्रिय चेहरा बना दिया है और उन्हें यह मौका देने के लिए वह निमाताओं की शुक्रगुजार हैं। उन्होंने कहाः मुझ पर विश्वास करने के लिए मैं राजन शाही का आभार व्यक्त करना चाहती हूं। मैं हर नए दिन को आशावाद और जोश के साथ जीने के लिए प्रेरित महसूस करती हूं, क्योंकि दर्शकों का मुझ पर प्यार और समर्थन है।

### जुलाई में अमेरिका के आठ शहरों के दौरे पर जाएंगे आयुष्मान खुराना

**बॉलीवुड** एक्टर आयुष्मान खुराना जुलाई में अपने सोलो अमेरिका टूर की जमकर तैयारी कर रहे हैं। वह यूएस के 8 शहरों में म्यूजिकल इवेंट्स के जरिए अपना टैलेंट दिखाएंगे। आयुष्मान इस साल जुलाई और अगस्त में अमेरिका में डलास, सैन जोस, सिएटल, वाशिंगटन डीसी, न्यू जर्सी, अटलांटा, ऑरलैंडो, शिकागो के साथ-साथ कनाडा में टोरंटो का दौरा करते नजर आएंगे। आयुष्मान, जिन्होंने 'पानी दा रंग' जैसे कई हिट गाने दिए हैं, को उत्तरी अमेरिका में दर्शकों के सामने हिंदी म्यूजिक पेश करने को लेकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहाः आईम्यूजिक ने मुझे अनगिनत लोगों के साथ जुड़ने का खास मौका दिया है। मैं लगातार अपने लाइव कॉन्सर्ट का इंतजार करता हूं क्योंकि मुझे इस कनेक्शन से एक अनोखा अनुभव मिलता है।

### 'पठान' के एडिटेड पोस्टर के बाद रिंकू सिंह ने शाहरुख खान को कहा 'लव यू'




**अहमदाबाद** के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने 'पठान' के पोस्टर पर क्रिकेटर रिंकू सिंह का चेहरा लगाकर एक तस्वीर साझा की। शाहरुख ने ट्विटर पर एडिटेड पोस्टर को रविवार को शेयर करते हुए लिखाः झूमे जो रिंकू!!! मेरे बच्चे रिंकू सिंह और नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर! और याद रखना, भरोसा ही सब कुछ है। केकेआर को बधाई और वेंकी, अपने दिल का ख्याल रखिएगा सर। रिंकू सिंह ने सोमवार को अपने ट्वीट के जरिए शाहरुख को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, शाहरुख सर, लव यू सर और आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद। मैच के दिन, सिंह ने अंतिम ओवर में नाटकीय अंदाज में लगातार पांच छक्के लगाए और 21 गेंदों में 48 रन बनाकर ना केवल नाबाद पारी खेली, बल्कि अपनी नाइट राइडर्स को एक असंभव सी जीत दिलाई।

उठते सवाल | आजाद के बाद भाजपा ने राहुल से पूछा

# किन अवांछित व्यापारियों से मिलते हैं?

### राहुल हर 4-5 महीने पर लगातार जाते हैं विदेश, भारत वापस आते ही देश की प्रगति और पीएम पर हमला हो जाता है तेज

**एजेंसी। पटना/नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व नेता और एक जमाने में गांधी परिवार के करीबी रह चुके गुलाम नबी आजाद के आरोपों को गंभीर बताते हुए भाजपा ने राहुल गांधी से सवाल पूछा है कि अपने विदेश दौरे पर वे किन 'अवांछित व्यापारियों' से मिलते हैं और इन मुलाकातों का एजेंडा क्या होता है? गुलाम नबी आजाद के आरोप सार्वजनिक होने के बाद भाजपा की तरफ से वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी की तरफ से पटना में आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गुलाम नबी आजाद ने एक बहुत ही गंभीर आरोप लगाया है कि राहुल गांधी जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं तो कई 'अवांछित व्यापारियों' से मिलते हैं और उनके कई व्यापारिक घरानों से संबंध हैं।



आजाद के राजनीतिक कद कांग्रेस और गांधी परिवार के साथ उनके 50 वर्षों के करीबी संबंधों का हवाला देकर उनके आरोपों को बहुत गंभीर बताते हुए रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि राहुल गांधी हर 4-5 महीने पर लगातार विदेश दौरे पर जाते रहते हैं और हर विदेश दौरे से भारत वापस आते ही भारत की प्रगति और प्रधानमंत्री मोदी पर उनका हमला तेज हो जाता है। अब गुलाम नबी आजाद के गंभीर आरोप के बाद देश यह जानना चाहता है कि अपने विदेश दौरों पर राहुल गांधी किस से मिलते हैं? ये 'अवांछित व्यापारी' कौन हैं और इनके क्या हित जुड़े हुए हैं?

#### भारत विरोधी व्यापारियों के इशारे पर काम कर रहे राहुल

**उन्होंने** पूछा कि क्या राहुल गांधी भारत विरोधी व्यापारियों के इशारे पर भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभियान पर काम कर रहे हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि खराब करने की कोशिश कर रहे 'अवांछित व्यापारियों' के साथ मिलकर काम कर रहे हैं? भाजपा नेता ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित कर रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ और देश के खिलाफ काम कर रहे हैं।

### भाजपा के सचिवालय घेराव को प्रभावित करने की कोशिश

# कार्यकर्ताओं को धमका रही पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि 11 अप्रैल को सचिवालय का घेराव कर पार्टी हेमंत सरकार की चेहरे की नकाब को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में घेराव कार्यक्रम को लेकर जबरदस्त उत्साह है। लेकिन सरकार के इशारे पर पुलिस-प्रशासन कार्यकर्ताओं को घेराव में पहुंचने से रोकने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि खूंटी और धनबाद में पुलिस भाजपा कार्यकताओं को धमका रही है। बस एजेंटों को भी थाने में बुलाकर धमकी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपना आंदोलन पूरी तरह हिंसात्मक रखेंगे। लेकिन डरी-सहमी सरकार हिंसा का सहारा ले सकती है। दीपक प्रकाश प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। दीपक प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार हर क्षेत्र में विफल है। झारखंड ऐसा पहला राज्य है, जहां छापे अफसरों के घर में पड़ते हैं और सांप झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेताओं के कलेजे पर लोटता है। झारखंड और छत्तीसगढ़ की सरकार में बिचौलियों का एमओयू हुआ है। छत्तीसगढ़ का दलाल नाम बदल-बदल कर

### झारखंड ऐसा पहला राज्य है, जहां छापे अफसरों के घर में पड़ते हैं और सांप झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेताओं के कलेजे पर लोटता है

झारखंड में शराब का कारोबार और घोटाला कर रहा है। राज्य में बालू घोटाला, पेट्रोल डीजल सब्सिडी घोटाला, धोती-साड़ी घोटाला जैसे दर्जनों घोटाले हुए हैं। सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा कर दी है। अपराधियों और उपद्रवियों को सरकार से संरक्षण मिल रहा है। सरकार के संरक्षण में ही विदेशी घुसपैठ के कारण संथाल परगना की डेमोग्राफी चेंज हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य के साढ़े 3 करोड़ जनता की भावना का प्रतीक है। हम लगातार राज्य की जनता की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। अब उलगुलान की बारी है। रांची में सचिवालय के घेराव के साथ उलगुलान का डंका पीटा जाएगा। झारखंड के नौजवान, मजदूर, किसान, पिछड़ों के अधिकारों की मांग को लेकर हम इस सरकार को घेरेंगे।

# अप्रैल में ही बढ़ने लगा तापमान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अप्रैल महीने शुरू होते ही गर्मी का पारा बढ़ने लगा है। धीरे-धीरे गर्मी की कशिश बढ़ती जा रही है। लोग दोपहर को निकलने से कटने लगे हैं। हवाओं में गर्मी की लहर महसूस होने लगी है। डीप बोरिंग का स्त्रोत भी अभी से ही भागने लगा है। वैसे संथाल क्षेत्रों में पानी की काफी किल्लत होती है पर उस क्षेत्र में लोग पानी के लिए परेशान होने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अप्रैल शुरू होते ही पानी के लिए अभी से ही परेशान हो रहा है अभी तो मई और जून का महीना बाकी है। उस वक्त पानी की किया स्थिति होगी। कहीं-कहीं ऐसा भी देखने को मिला है गांव की आबादी दो सौ और चापाकल मात्र दो हैं, उसमें पानी का धार बहुत ही कम है। लोगों का भीड़ चार बजे भोर से ही लगा रहता है। लोग पानी को लेकर चैन से सो नहीं पाते हैं। राजधानी सहित राज्य के कई जिलों में अभी से गर्मी सताने लगी है। लेकिन इस चिलचिलाती गर्मी से अभी लोगों को राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अप्रैल में ही राज्य गर्मी से झुलसेगा। झारखंड का तापमान 40 के पार पहुंच सकता है। जिससे पिछले 7 साल का रिकॉर्ड टूट सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले तीन-चार दिनों में रांची का तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। राजधानी रांची, गिरिडीह और उत्तर पश्चिम में हिट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। रांची मौसम केंद्र से मिले डेटा के अनुसार, साल 2017 में रांची का तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस था। रांची का मौसम आये दिन करवट लेता रहता है। फरवरी में जहां लोगों को हल्की ठंड का एहसास होता था। लेकिन इस बार लोगों को फरवरी माह में ही गर्मी का एहसास होने लगा था। लोग तपती धूप से परेशान होने लगे थे। बिना पंखा के नहीं रह पा रहे थे। हालांकि मार्च में फिर राजधानी का मौसम बदला। इस दौरान आंधी-तूफान के साथ जमकर बारिश भी हुई थी। लेकिन अप्रैल का महीना आते ही फिर से गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल हो गया। आलम ऐसा आया कि 9 अप्रैल को तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

### अंकित का कोचिंग संस्थान में हुआ नामांकन

# आवास योजन की मिली स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंकित कुमार का उच्च शिक्षा का सपना सरकार होगा। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद उपायुक्त बोकारो द्वारा अंकित का नामांकन कोचिंग संस्थान में करा दिया गया। यही नहीं अंकित को पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। अब उसके पढ़ाई में कोई रोड़ा नहीं है। वहीं दूसरी ओर अंकित की माता बिराजू देवी को डा. भीम राव अंबेडकर आवास स्वीकृत कर दिया है। प्रखंड कार्यालय द्वारा उन्हें आवास स्वीकृति का पत्र भी उपलब्ध करा दिया गया है, अब वह स्वयं सरकार से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कर अपना आवास निर्माण करा सकती है।

**यह था मामला :** मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि बोकारो निवासी अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में करीब 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ -पैर टूट गया था, जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त मामले कि जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को मामले की जांच कर अंकित की पढ़ाई हेतु हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया था। अंकित, अब आप खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैंने पहले भी कहा है हमारी सरकार में गरीबी को कभी किसी बच्चे की पढ़ाई में रुकावट का कारण बनने नहीं दिया जायेगा। इसलिए आज प्री और पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में भी 2-3 गुना वृद्धि कर झारखण्ड के लाखों बच्चों को लाभ दिया जा रहा है। शिक्षा के हर स्तर पर विभिन्न योजनाओं को राज्य सरकार द्वारा शुरू किया गया है।

# खो-खो पुरुष -महिला प्रतियोगिता 15 एवं 16 अप्रैल को धुर्वा में

**रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय रांची जिला ओपेन पुरुष -महिला खो-खो प्रतियोगिता दिनांक 15 एवं 16 अप्रैल 2023 को लीची बागान प्रांगण ,सेक्टर -2 ,धुर्वा ,रांची में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला सब जूनियर ,जूनियर , सीनियर टीम का चयन किया जाएगा जो आगामी माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची जिला के सभी को कोटि के मध्य/उच्च विद्यालय /महाविद्यालय /क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्र के टीम भाग लें सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची जिला खो-खो प्रशिक्षक विवेक कुमार (9708640565), संजय कुमार(8210862416) से संपर्क कर अपनी टीम की प्रविष्टि शाम 13 अप्रैल तक निश्चित रूप से जमा कर देंगे। विलम्ब दण्ड के साथ 14 अप्रैल तक शाम 6:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। यह जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

### हाई कोर्ट में दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में सोमवार को आर्म्स एक्ट एवं हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से समय देने का आग्रह किया गया, जिस पर कोर्ट ने त्रुटियों को दूर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। दरअसल, वर्ष 2022 में दाहू यादव के खिलाफ आर्म्स मामले में एक एफआईआर मुफस्सिल थाना में दर्ज किया गया था। इस मामले में निचली अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

### भव्य रूप से माता जागरण में रात भर झूमे मुहल्लेवासी

**पिस्का ।** भव्य माता जागरण सोमवार को सुबह को महाप्रसाद वितरण एवं महाआरती के साथ संपन्न हुआ।महोत्सव का शुभारंभ माता जी के निकट दीप प्रज्वलित,पुजा अर्चना एवं श्री गणेश,शिव,लक्ष्मी अस्तुति से हुआ।शिवशक्ति जागरण मंच के कलाकार निशांत सिंह,जतिन सरदार, ऋचा, स्वीटी सिंह ने रात भर श्री गणेश जी, माता दुर्गा, हनुमान, छठी मैया पर आधारित संगीत एवं भोजपुरी, नागपुरी, फिल्मी संगीत पेश कर रात भर श्रोताओं को नचाया और झुमाया। वहीं स्काई इवेंट के डायरेक्टर राकेश सोनी के कलाकार (जमशेदपुर) ने कृष्ण सुदामा नाटक,शिव पार्वती, दुर्गा माता जी का जीवंत झांकी प्रस्तुत किया जिसका दर्शकों ने तालियों की गड़गराहट से स्वागत किया।पुजा समिति के अध्यक्ष विकास दुबे,प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा ने महोत्सव के सफल आयोजन मे सहयोग के लिए जिला प्रशासन,प्रेस मिडिया बंधुगण एवं मुहल्लावासियों के प्रति आभार जताया।

### ट्रैफिक एसपी ने की विधि व्यवस्था को लेकर बैठक

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर सोमवार को शहर की यातायात व्यवस्था से संबंधित बैठक ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एसपी ने संबंधित सभी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्राप्त प्रस्तावों को क्रियान्वित कर जल्द से जल्द इसे सुनिश्चित कराएं। एसपी की ओर से संबंधित पदाधिकारियों को प्रथम चरण में अभियान चलाकर विभिन्न चौक-चौराहों में यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहे संरचनाओं विधुत-टेलीफोन के अनपयोगी पोल, ट्रैफिक सिंग्नल पोस्ट, होर्डिंग, ट्रैफिक बुथ, जर्जर यात्री शेड, सुधा डेयरी शेड, सूखे पेड़, साईकिल स्टैंड, टेंपो स्टैंड आदि को हटाने का निर्देश दिया।

### डीसी की अध्यक्षता में अजीम प्रेमजी विवि स्थापना के लिए की बैठक

# अधिकारियों को दिए गये कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त रांची राहुल कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई, जिसमें अपर समाहर्त्ता राँची, श्री राजेश कुमार बरवार एवं स्टेट हेड अजीम प्रेमजी फाउंडेशन श्री कैलाश चंद्र कांडपाल और स्टेट लीड, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन श्री राकेश तिवारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त द्वारा अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल ईटकी सेनेटोरियम के पास बन रहे 150 एकड़ भवन के निर्माण में भूमि हस्तांतरण से संबंधित समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अधिकारियों ने उपायुक्त को आ रही समस्या से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त द्वारा अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल स्थापना के लिए जल्द सीमांकन कराने, जो निर्माण क्षेत्र में पेड़ पौधे हैं, उन्हें हटा कर उसका मूल्यांकन, भवन निर्माण विभाग को निर्माण परिसर में जितने पुराने बिल्डिंग अवस्थित हैं उसे निष्प्रयोजित घोषित करने हेतु निर्देश दिया गया। जानकारी हो कि बेंगलुरू और भोपाल की तर्ज पर राजधानी रांची के इटकी में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना होगी।


जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू
(व्यवहार न्यायालय परिसर पलामू)

सर्वसाधारण को सूचना

माननीय झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के पत्रांक सं0–झालसा/895 दिनांक 18:03:2023 के आलोक में व्यवहार न्यायालय परिसर पलामू में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के कार्यालय हेतु 02 ;दो स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवा आवेदन बाह्य स्त्रोत (Reputed Outsourcing Empanelled Agency Which Provides similar Services to Other Govt Dept.) से लिया जाना है, जिसके लिए दिनांक 17:04:2023 तक उम्मीदवार के सभी मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर पलामू में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

PR.NO.294715 Palamu(23-24):D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा



आवश्यक सूचना।
(लापता अमौसी देवी उम्र–22 वर्ष)

चिनियॉ थाना दैनिकी सनहा सं0–13/023, दिनांक–02.04.2023 में लापता अमौसी देवी उम्र–22 वर्ष, पति–बिनोद कोरवा, ग्राम–बन्दुआ पोस्ट बरवाडीह थाना –चिनियॉ, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–23.03.2023 को अपने घर से लापता हैं।

उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता अमौसी देवी उम्र–22 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0 – 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–सांवला, लम्बाई–04 फीट 10 इंच पहनावा–लाल कलर का साडी फुल छपा हुआ पैर में–काला कलर का हवाई चप्पल।

PR.NO.294707 Police(23-24):D
निवेदक, पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल,गढ़वा

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहनों एवं वन पदार्थों पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 25.04.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहनों एवं वन पदार्थों तथा वन वादों से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ एवं अन्य सामग्री | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 38/2022 | सखुआ प्रजाति के चौकठ (7 फीट X 4 इंच X 3 इंच–6 पीस; 3.5 फीट X 4 इंच X 3 इंच–3 पीस) | अज्ञात | |
| 2. | 02/2023 | खैर बोटा कुल–85 पीस (लम्बाई 3 फीट से 6 फीट एवं गोलाई 10 इंच से 18 इंच) | अज्ञात | |
| 3. | 08/2023 | खैर बोटा कुल–390 पीस (लम्बाई 2 फीट 9 इंच से 5 फीट एवं गोलाई 9 इंच से 32 इंच) | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 294798 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D


## पृष्ठ एक के शेष

**विकास को दे रहे रफ्तार....**

से जुड़कर आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। यह समाज के लिए सकारात्मक और बेहतर संकेत है।

**बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की पहल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चे-बच्चियों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। कई विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर पढ़ाई होगी। मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को आईएमएम जैसे संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार ने बच्चों की छात्रवृत्ति की राशि भी बढ़ा दी है। इसके साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर इंजीनियरिंग और मेडिकल आदि की पढ़ाई के लिए भी सरकार सहायता दे रही है। अब बच्चों को सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान देना है, पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी।

**आर्थिक रूप से बनाना है सशक्त :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश हर व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि उसे मुफ्त आनाज लेने की कभी जरूरत ही ना पड़े। इस दिशा में कई योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का मकसद आपको समृद्ध और खुशहाल बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीएस दुकानों के संचालन का जिम्मा महिला मंडलों को दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि फर्जी राशन कार्ड बनाने की कई शिकायतें लगातार मिल रही है। मैं उनसे कहता हूं कि वे गलत तरीके से बने राशन कार्ड सरेंडर कर दें, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**एकलव्य विद्यालय में मल्टीपरपस ऑडिटोरियम की रखी आधारशिला**

मुख्यमंत्री ने तसरिया स्थित एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय में मल्टीपरपस ऑडिटोरियम की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने स्कूल भवन और यहां उपलब्ध व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पढ़ रही बच्चियों से सीधा संवाद किया। बच्चियां भी अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर खुले दिल से पढ़ाई-लिखाई से संबंधित बातें साझा की। मुख्यमंत्री ने बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें। आपकी पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएगी। शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार लगातार कदम उठा रही है। आपके लिए सरकार ने छात्रवृत्ति की राशि में भी बढ़ोतरी कर दी है। आप मेडिकल-इंजीनियरिंग आदि की तैयारी करना चाहते हैं तो उसके लिए भी सरकार आर्थिक सहयोग दे रही है। वहीं, यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी बैंकिंग और रेलवे जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग का भी खर्च सरकार वाहन करेगी। इतना ही नहीं आपके मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई पर जो खर्च आएगा, उसे भी सरकार देगी। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार शत-प्रतिशत आर्थिक सहयोग दे रही है।

**आप बनी राष्ट्रीय...**

में कम से कम 6 फीसद वोट हासिल करते हैं। इसके अलावा उसे कम से कम चार लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करनी होती है। आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया। उन्होंने इस ट्वीट में लिखा कि इतने कम समय में राष्ट्रीय पार्टी? ये किसी चमत्कार से कम नहीं। सबको बहुत-बहुत बधाई। देश के करोड़ों लोगों ने हमें यहां तक पहुंचाया। लोगों को हमसे बहुत उम्मीद है। आज लोगों ने हमें ये बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी दी है। हे प्रभु, हमें आशीर्वाद दो कि हम ये ज़िम्मेदारी अच्छे से पूरी करें।

**मनी लॉन्ड्रिंग पूजा सिंघल...**

कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। फिलहाल पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर है।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता प्रभा देवी उम्र-28 वर्ष)



मेराल थाना दैनिकी सनहा सं0– 17/023, दिनांक– 04.04.2023 में लापता प्रभा देवी उम्र– 28 वर्ष, पति– श्रवण चौधरी, सा0– देवगाना टोला, हड़कुड़ी थाना– मेराल, जिला– गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–03.04.2023 को अपने घर से लापता हैं। उक्त लापता महिला का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता प्रभा देवी उम्र–28 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 294708 Police (23-24)_D

# 93 साल की सुरजीत कौर ने 6 महीने में जीते 10 गोल्ड

## सुरजीत कौर प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठना, ट्रेनिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उम्र महज एक नम्बर है और कई लोग समय-समय पर इस बात को साबित करते रहते हैं। अब 93 साल की सुरजीत कौर, जिन्होंने कुछ समय पहले ही एथलेटिक्स शुरू की और अपने 6 माह के छोटे से करियर में ही 10 गोल्ड मेडल (राज्य 6 गोल्ड व नेशनल 4) जीत चुकी हैं। नाती-पोते संभालने की उम्र में एथलेटिक्स से जुड़ने और 10 गोल्ड जीतकर सुरजीत कौर ने साबित कर दिया है कि उम्र महज एक नम्बर ही है।



### बेटी को देखकर शुरू किया खेलना

**सुरजीत** कौर राज्य और नेशनल लेवल ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना चाहती हैं और अगस्त में कनाडा में होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी धाक जमाने के लिए उतरेंगी। सुरजीत कौर की 5 साल पहले दोनों टांगें फ्रैक्चर हो गईं थी और 6 माह पहले ही बेटी के पास संगरूर रहने आईं। बेटी 6 साल से एथलेटिक्स में भाग ले रही हैं। एक दिन बेटी के साथ सिटी पार्क में उसकी प्रैक्टिस देखने गईं और अगले दिन खेलों में रूचि दिखते हुए ग्राउंड पहुंच गई। उन्होंने एक माह के बाद चंडीगढ़ में 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद उन्होंने जैतो में राज्य स्तरीय गेम्स में भी 100 मीटर व 400 मीटर में गोल्ड जीता।

### शुरू से खेलों में रुचि थी

1930 में जन्मी सुरजीत कौर ने एक समाचार पत्र से बातचीत में कहा कि खेलों में रुचि शुरू से थी परंतु कभी हौसला नहीं हो पाया। पटियाला में शादी के बाद रोजाना के कामकाज में व्यस्त होने से खुद के लिए समय ही नहीं रहा। उन्होंने बताया कि 27 मार्च से लेकर 30 मार्च तक बेंगलूरू में नेशनल गेम्स हुईं जिसमें 100 मीटर, 400 मीटर, डिस्कस थ्रो व शॉटपुट में गोल्ड हासिल करते के साथ राज्य स्तर पर 6 व नेशनल स्तर पर 4 गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी है।

### अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप की तैयारी

**उन्होंने** कहा कि पहले मन में हमेशा अशांति रहती थी लेकिन जब से खेलना शुरू तब से मन खुश रहने के साथ-साथ सेहत भी ठीक रहने लगी है।

वह प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठ जाती हैं और एक घंटे तक प्रैक्टिस करती है। वहीं उनकी बेटी पवित्र कौर ग्रेवाल ने कहा कि कनाडा में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप होने वाली है और माता उसकी तैयारी में जुटी हैं।

# भारत ने ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में एक रजत सहित 3 पदक जीते

**एजेंसी। अस्ताना**

भारत ने एशियाई सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप (ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता) के पहले दिन रविवार को एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। रूपिन ने 55 किग्रा वर्ग में रजत जबकि नीरज (63 किग्रा, कांस्य) और सुनील कुमार (87 किग्रा, कांस्य) ने कांस्य पदक हासिल किए। रूपिन का सामना 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक मुकाबले में ईरानी पहलवान डैड मर्ज.से था। जगरेब ओपन चैंपियन मर्ज. ने यह मुकाबला 3-1 से जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, रूपिन को रजत से संतोष करना पड़ा। रूपिन ने इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त और 2022 के रजत पदक विजेता कजाकिस्तान के अमंगली बेकबोलातोव को क्वार्टर फाइनल में हराया था। सेमीफाइनल मुकाबले में रूपिन ने चीन के हैफेंग झांग को 3-1 से हराया था। नीरज ने 63 किग्रा वर्ग में कोरिया के जिनसेब सोंग को 5-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए दूसरा कांस्य सुनील कुमार ने जीता, जिन्होंने 87 किग्रा वर्ग में जापान के मासाटो सुमी को 4-1 से हराया।



## NEWS इन ब्रीफ

### महिला आवासीय क्रिकेट अकादमी धर्मशाला के लिए ट्रायल 22 को

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा महिला आवासीय क्रिकेट अकादमी धर्मशाला के लिए 22 अप्रैल को धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल में एक सितम्बर 2004 (अंडर-19) को या उसके बाद पैदा हुए खिलाड़ी पात्र हैं। हालांकि, 12 से 15 वर्ष के बीच के खिलाड़ियों को वरीयता दी जाएगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी वास्तविक रूप से हिमाचली होने चाहिए।

### अर्णव-आयुष को बढ़त

**मुंबई।** चौथे वरीय अर्णव खेरदेकर और 10वें वरीय आयुष शिरोडकर ने सोमवार को यहां लगातार पांचवीं जीत दर्ज करते हुए अखिल भारतीय फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बनाई। दूसरे बोर्ड पर खेलते हुए अर्णव ने शानमुखा पुली को हराया जबकि आयुष ने छठे वरीय गुरू प्रकाश को शिकस्त दी। ये दोनों अब खिताब के प्रबल दावेदार हैं। इस बीच शीर्ष बोर्ड पर सातवें वरीय योहान बोरिचा ने दूसरे वरीय सौरभ खेरदेकर को बराबरी पर रोका। ये दोनों अब 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट 2023 का शुभारम्भ

**चंडीगढ़।** वायु सेना के चौथे मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट 2023 का शुभारम्भ सोमवार को किया गया। मार्शल अर्जन सिंह डीएफसी की 104वीं जयंती मनाने के लिये इस हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड द्वारा चंडीगढ़ के रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम में 10 से 15 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में बंगलादेश, श्रीलंका और ब्रिटेन वायु सेना सहित कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि एयर मार्शल विभास पांडे एवीएसएम वीएसएम, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मेंटेनेंस कमांड ने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। एयर मार्शल पांडे ने कहा 'हम देश में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के एक बार फिर से आयोजन पर गौरव अनुभव करते हैं।

# शुभमन एक सीजन में कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं : शास्त्री

## शास्त्री ने कहा, युवा तिलक वर्मा और साई सुदर्शन आईपीएल 2023 में अब तक के सबसे शानदार खिलाड़ी रहे हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री को लगता है कि आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे उभरते सितारे शुभमन गिल एक सीजन में विराट कोहली के सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। कोहली के नाम आईपीएल में एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने आईपीएल 2016 में 16 मैचों में आरसीबी के लिए 973 रन बनाए थे।



शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, उसे एक सलामी बल्लेबाज बनना होगा, तभी उसे रन बनाने के मौके मिलेंगे। मुझे लगता है कि शुभमन गिल अच्छी फॉर्म में है और इसलिए भी कि वह शीर्ष क्रम में खेलता है। इसलिए उसे रन बनाने के अच्छे मौके मिलेंगे। पिचें अच्छी हैं, इसलिए अगर वह दो या तीन पारियों में लगातार 80-100 रन बना लेता है तो उसके पास पहले से ही 300-400 रन होंगे।

उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ना बहुत मुश्किल है, क्योंकि 900 से अधिक रन बहुत ज्यादा होता है, लेकिन एक बात यह है कि ओपनिंग करने वाले बल्लेबाज को दो अतिरिक्त मैच और दो अतिरिक्त पारियां मिलेंगी, इसलिए ओपनिंग बल्लेबाज इस रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। शास्त्री ने कहा, युवा तिलक वर्मा और साई सुदर्शन आईपीएल 2023 में अब तक के सबसे शानदार खिलाड़ी रहे हैं। अगर हम देखें कि अब तक क्या हुआ है, तो बाएं हाथ के दो बल्लेबाज तिलक वर्मा और सुदर्शन हैं। एक की उम्र 20 साल है, दूसरे की 21 साल। उन्हें बैटिंग करते देखने में बहुत मजा आता है। उनका टेंपरामेंट देखने से पता चलता है कि उनमें अच्छा खिलाड़ी बनने की क्षमता है। इस बीच, भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने भी आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले खिलाड़ी पर अपनी राय रखी।

इरफान ने कहा, निश्चित रूप से तिलक वर्मा ने बहुत प्रभावित किया है। उन्होंने पिछले साल अच्छी बल्लेबाजी की और इस साल भी अच्छा प्रदर्शन किया। यहां तक कि उनका टेंपरामेंट भी बहुत अच्छा है। लगता है कि वह भविष्य में एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में उभरेंगे। दूसरा है जुरेल। जिस तरह से जुरेल ने बल्लेबाजी की है, मैं दबाव में उसके शॉट्स की गुणवत्ता की कल्पना भी नहीं कर सकता। उसने काफी प्रभावित किया है, भले ही यह अभी भी शुरूआती चरण में है, लेकिन ये आशाजनक संकेत हैं।

## 'पठान' के एडिटेड पोस्टर के बाद रिंकू सिंह ने शाहरुख को कहा 'लव यू'



**मुंबई।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने 'पठान' के पोस्टर पर क्रिकेटर रिंकू सिंह का चेहरा लगाकर एक तस्वीर साझा की। शाहरुख ने ट्विटर पर एडिटेड पोस्टर को रविवार को शेयर करते हुए लिखाः झूमे जो रिंकू!!! मेरे बच्चे रिंकू सिंह और नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर! और याद रखना, भरोसा ही सब कुछ है। केकेआर को बधाई और वेंकी, अपने दिल का ख्याल रखिएगा सर। रिंकू सिंह ने सोमवार को अपने ट्वीट के जरिए शाहरुख को उनके प्यार के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, शाहरुख सर, लव यू सर और आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद।

### खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग

# एचएआर अकादमी और प्रीतम सिवाच फाइनल में



**एजेंसी। लखनऊ**

एचएआर हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने सोमवार को लखनऊ में चल रहे खेलो इंडिया महिला हॉकी लीग (अंडर-21 - अंतिम चरण) के छठे दिन फाइनल में प्रवेश किया। जबकि साई शक्ति और खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। साई शक्ति ने दिन के पहले 5/8वें स्थान के मैच में हिम अकादमी को 8-2 से हराया। साई शक्ति के लिए सुबिला तिर्की (2'), पूनम मुंडू (7', 22'), खुशी (11', 37'), सुनीता कुमारी (16'), पूजा यादव (49') और अनीशा डुंग डुंग (60') ने गोल किये, जबकि हिम अकादमी के लिए शुभम (27', 39') ने दोनों गोल किये। खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर ने दिन के दूसरे 5/8वें स्थान के मैच में सैल्यूट हॉकी अकादमी को 5-1 के अंतर से हराया। खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर के लिए टीम कप्तान सुखप्रीत कौर (2', 55'), स्नेहा सभरवाल (10') और अंजलि पंवार (39', 54') ने गोल किए। वहीं, सैल्यूट हॉकी अकादमी के लिए काजल (27) ने एकमात्र गोल किया।

### कोहली, डु प्लेसिस और मैक्सवेल का अर्धशतक

# बैंगलोर ने रखा 213 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। बेंगलुरू**

आईपीएल 2023 का 15वां मैच आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में लखनऊ ने टॉस जीतकर बैंगलोर के पहले बल्लेबाजी का नयौता दिया है। बैंगलोर ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 213 रनों का लक्ष्य रखा है। बैंगलोर की ओर से विराट कोहली ने 44 गेंदों में 4 चौके और इतने ही छक्कों की मदद से 61 रनों की पारी खेली। वहीं इसके साथ ग्लेन मैक्सवेल ने 29 गेंदों में 59 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 3 चौके और 5 छक्के निकले। कप्तान डु प्लेसिस ने 46 गेंदो में 5 चौके और इतने ही छक्कों की मद ने 79 रनों की पारी खेली। दिनेश कार्तिक भी 1 रन के साथ नाबाद रहे। लखनऊ की ओर से अमित मिश्रा और मार्क वुड ने 1-1 विकेट चटकाई। गौरतलब है कि आईपीएल 2023 में आरसीबी ने 2 में से एक मैच जीता है जबकि लखनऊ ने तीन में से दो मैच जीते हैं। आरसीबी और लखनऊ प्वाइंट टेबल में क्रमशः सातवें और तीसरे स्थान पर हैं।



## आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे तस्कीन



**ढाका।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद आयरलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेलेंगे, जो 9 मई से काउंटी क्रिकेट ग्राउंड, चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। तस्कीन साइड स्ट्रेन के कारण आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे और इसी चोट के कारण वह 9 मई से चेम्सफोर्ड में होने वाले तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला से चूक गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार बाएं हाथ के गेंदबाज मृत्युंजय चौधरी ने तस्कीन की जगह ली है, जबकि स्पिनर तैजुल इस्लाम भी नासुम अहमद की जगह आए हैं। एक नेट गेंदबाज के रूप में बांग्लादेश के घरेलू प्रशिक्षण शिविरों में दिखने वाले मृत्युंजय का चयन पिछले दो सत्रों में सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ है। उन्होंने इस साल घर में चल रही लिस्ट ए प्रतियोगिता में एक दर्जन विकेट लिए हैं।

# आईपीएल के पहले हफ्ते में रिकॉर्ड संख्या में विज्ञापनदाता जियोसिनेमा से जुड़े

**एजेंसी। मुंबई**

आईपीएल 2023 के डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर जियोसिनेमा ने 23 प्रायोजकों के साथ साइन अप कर एक शानदार शुरूआत की है। आईपीएल 2023 के लिए जियोसिनेमा द्वारा साइन अप किए गए विज्ञापनदाताओं और प्रायोजकों की संख्या भारत में डिजिटल स्ट्रीमिंग के किसी भी कार्यक्रम की तुलना में काफी अधिक है।

इसमें ड्रीम11, जियोमार्ट, फोनपे, टिएगो ईवी, (एसोसिएट प्रायोजक) एप्पी फिज, ईटी मनी, कैस्ट्रोल, टीवीएस, ओरियो, बिंगो, स्टिंग, एजियो, हायर, रूपे, लुई फिलिप जीन्स, अमेजन, रैपिडो, अल्ट्रा टेक सीमेंट, प्यूमा, कमला पसंद, किंगफिशर पावर सोडा, जिंदल पैंथर टीएमटी रीबार और इनडीड शामिल हैं।

एक बयान में कहा गया है, जियोसिनेमा पर साइन अप करने वाले विज्ञापनदाताओं की संख्या भी एक नया रिकॉर्ड है, पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। दर्शकों को भोजपुरी, पंजाबी, मराठी और गुजराती में भी कमेंट्री मिल रही है। साथ ही मल्टी-कैम, 4के, हाइप मोड जैसी विशेषताएं भी हैं जिससे डिजिटल बैंडवागन में शामिल होने वाले ब्रांडों की सूची में और वृद्धि होने की उम्मीद है। दर्शक जियोसिनेमा की प्रस्तुति से चिपके हुए हैं। सप्ताहांत के दौरान प्रति दर्शक प्रति मैच औसत समय 57 मिनट तक पहुंच गया जो पिछले सीजन के पहले सप्ताहांत की तुलना में 60 प्रतिशत से अधिक था।




वायाकॉम 18 - खेल के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, जिस निरंतरता के साथ हम इन नंबरों को देख रहे हैं, वह भारत में खेल देखने में आमूल-चूल बदलाव का प्रमाण है। हमारे प्रायोजक और विज्ञापनदाताओं को डिलीवरी का आश्वासन दिया जाता है और डिजिटल के माध्यम से जियोसिनेमा पर निवेश पर रिटर्न मिलता है। उनको यकीन है कि वे एक्कुअल इंप्रेशन के लिए पैसे दे रहे हैं।

जियोसिनेमा पर विज्ञापन के अलावा टीवी विज्ञापन की तुलना में ब्रांडों को अधिक सटीकता, लागत-प्रभावशीलता और लचीलापन मिलता है। यही कारण है कि हम आश्वस्त हैं कि हमारे पास अधिक से अधिक विज्ञापनदाता आएंगे।

भारत में टाटा आईपीएल 2023 की जियोसिनेमा की मुफ्त स्ट्रीमिंग के चलते पहले सप्ताह में 375 करोड़ से अधिक व्यूज मिले जो कि एक रिकॉर्ड है।

इसके बाद पहले वीकेंड में 147 करोड़ व्यूज मिले, जो कि डिजिटल पर आईपीएल के लिए अब तक का सबसे ज्यादा ओपनिंग वीकेंड होने का एक और रिकॉर्ड है।

## क्ले कोर्ट सीजन की शुरूआत करने मोंटे कार्लो पहुंचे जोकोविच



**मोंटे कार्लो।** पिछले महीने अमेरिका में खेल से चूकने के बाद, नोवाक जोकोविच क्ले कोर्ट के लिए एक मजबूत शुरूआत का लक्ष्य बना रहे हैं जब वह मोंटे कार्लो मास्टर्स में खेलेंगे। वर्ल्ड नंबर 1 ने मार्च की शुरूआत में दुबई में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से टेनिस नहीं खेला है। कोविड का टीका नही लेने के चलते अमेरिका में उन्हें इंडियन वेल्स और मयामी, दोनों एटीपी 1000 मास्टर्स इवेंट में प्रवेश नहीं मिला। मैंने क्ले कोर्ट पर अधिक प्रशिक्षण किया है, जो कि सही चीज है। मुझे मोंटे-कार्लो में पिछले दो सीजन में अधिक सफलता नहीं मिली है। मैंने यहां अच्छा टेनिस नहीं खेला है, इसलिए मुझे उम्मीद है कि इस बार मैं अच्छा कर सकता हूं।

### खुशखबरी — देशवासियों ने हॉकी की भावना को फिर से जगाया

# फिर से शुरू होगा हॉकी इंडिया लीग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टोक्यो ओलंपिक में राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के प्रदर्शन और इसके बाद उन्हें जो सम्मान मिला, उसने देशवासियों के दिल में रहने वाली हॉकी की भावना को फिर से जगा दिया। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) ने 2013-2017 से आयोजित पांच सत्रों में हॉकी की दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं को एक साथ लाने के लिए इस भावना का प्रतीक बनाया। इस लीग ने टीम इंडिया के प्रदर्शन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए युवा प्रतिभाओं के लिए गहन प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा प्रदान की।



लीग को वापस लाने के लिए आज हॉकी इंडिया ने बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड को अपनी विशेष वाणिज्यिक और विपणन भागीदार एजेंसी के रूप में घोषित किया। यह हॉकी इंडिया लीग के पुनरुद्धार की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्म श्री डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, मैं आज बहुत खुश हूं, क्योंकि हॉकी इंडिया लीग मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक थी जब मैंने हॉकी इंडिया के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया था। यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हम एचआईएल के लिए हमारे विशेष वाणिज्यिक भागीदारों के रूप में बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीबीएमवीपीएल) को पाकर खुश हैं।

खेल, ईस्पोर्ट्स, सामग्री, मीडिया और आईपी मुद्रीकरण के बारे में उनकी समझ अद्वितीय है और हम सामूहिक रूप से क्या हासिल और वितरित कर सकते हैं, इसको लेकर बहुत उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि हम हॉकी इंडिया लीग के एक नए युग की शुरूआत की ओर बढ़ रहे हैं। यह न केवल भारत में हॉकी को पुनर्जीवित करेगा, बल्कि विश्व स्तर पर खेल में नई ऊर्जा भी लाएगा।

हॉकी इंडिया के महासचिव, भोला नाथ सिंह ने कहा, हॉकी इंडिया लीग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ और युवा प्रतिभाओं के लिए एक महान सीखने का अनुभव भी लाएगी। हम इसे बिंग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ आगे ले जाने और और लीग के वाणिज्यिक और विपणन पहलुओं का प्रबंधन करने के लिए उनकी विशेषज्ञता को लेकर आश्वस्त हैं।

बिग बैंग मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीबीएमवीपीएल) देश की अग्रणी सामग्री, शिक्षा, ई-स्पोर्ट्स और टैलेंट मैनेजमेंट समूह में से एक है, जिसके तहत बाजार के अग्रणी ब्रांड कलेक्टिव आर्टिस्ट नेटवर्क, फैंटम, मिथोवर्स, एआईएसटीएस इंडिया, एनएएसईएफ इंडिया हैं।

